हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 20.07.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 353 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### राष्ट्रपति तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के लिए माल्दोवा रवाना



**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को अपने सात दिवसीय तीन देशों के राजकीय दौरे के पहले चरण के लिए मोल्दोवा रवाना हो गईं। वह 19 और 20 जुलाई को मोल्दोवा की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की मोल्दोवा की पहली यात्रा होगी। माल्दोवा यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु अपनी समकक्ष राष्ट्रपति मैया सैंडू के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी तथा मोल्दोवा की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी।

### पुंछ व राजौरी में भूस्खलन और बाढ़ से कई लोगों की मौत

**राजौरी** : जम्मू-कश्मीर के पुंछ व राजौरी ज़िले में रविवार तड़के भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ ने कई इलाकों में भारी तबाही मचा दी है। यहां फ्लैश फ्लड और भूस्खलन के कारण कई लोगों की जान चली गई है। अब तक तीन लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं और कई लोग लापता हो गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। मौसम विभाग ने इन इलाकों में और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।
अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट तहसील सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। प्रशासन ने बचाव दल तैनात किए हैं और राहत कार्यों को तेज कर दिया है, ताकि फंसे हुए लोगों तक पहुंचा और बचाया जा सके। प्रभावित इलाकों को साफ किया जा रहा है और भारी बारिश से प्रभावित लोगों को तुरंत मदद दी जा रही है।
अधिकारियों ने बताया कि नूनाबंदी गांव में घर गिरने से 28 वर्षीय महिला नाज़िया कौसर की मौत हो गई। उनके पति मोहम्मद हफीज और दो से छह साल की उम्र के तीन बच्चों को घायल हालत में अस्पताल पहुंचाया गया।

### प्रधानमंत्री ने बायोलॉजी और केमिस्ट्री ओलंपियाड के भारतीय मेडल विजेताओं को दी बधाई


**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लिथुआनिया के विल्नियस में आयोजित 37वें इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड और 58वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में पदक जीतने वाले भारतीय विद्यार्थियों को बधाई दी और उनकी उपलब्धि को देश के लिए गौरव का क्षण बताया।
प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि विल्नियस में आयोजित 37वें इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में भारतीय टीम के सभी चार सदस्यों ने पदक हासिल किए हैं, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है।
उन्होंने भव्य गुनवाल, सौमिल माइती, निशित कलानी और अनमोल कुमार को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय विद्यार्थियों ने मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री, एनिमल फिजियोलॉजी, एनिमल मॉर्फोलॉजी और सिस्टमैटिक्स सहित प्लांट कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन विद्यार्थियों की सफलता देश के अन्य युवाओं को भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# संसद का मानसून सत्र आज से हंगामेदार होने के आसार

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने सरकार को कई मुद्दों पर घेरने के संकेत दिए। बैठक के बाद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि वे राम मंदिर में चंदे की कथित गड़बड़ी, परीक्षा प्रश्नपत्र लीक, मणिपुर की स्थिति, एथेनॉल मिश्रित ईंधन और परिसीमन जैसे मुद्दों पर सदन में चर्चा की मांग करेंगे।
कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि सरकार केवल अपने विधेयक पारित कराने पर ध्यान दे रही है, जबकि देश के कई

## परिसीमन सहित कई विधेयक सदन में होंगे पेश



महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा जरूरी है। उन्होंने राम मंदिर में चंदे की कथित गड़बड़ी, छात्रों के आंदोलनों, परीक्षा प्रश्नपत्र लीक, एथेनॉल मिश्रित ईंधन और मणिपुर की स्थिति पर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर चर्चा से बचना सरकार के लिए उचित नहीं होगा और जनता इससे जुड़े सवालों का जवाब चाहती है।
समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी सर्वदलीय बैठक में राम मंदिर में चंदे की कथित अनियमितता, परीक्षा प्रश्नपत्र लीक और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।
उन्होंने संभावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इसका राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संसद के भीतर और बाहर इस मुद्दे का विरोध करेगी।

## वंदेमातरम को राष्ट्रगान के समान दर्जा देने वाला विधेयक आज होगा पेश

एजेंसी




**नई दिल्ली** : केन्द्रीय गृहमंत्री सोमवार को राज्यसभा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम को राष्ट्रगान के समान दर्जा देने वाला विधेयक पेश करेंगे। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय ध्वज और संविधान का अपमान तथा राष्ट्रगान में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा।
राज्यसभा की कल की कार्यसूची में इसकी जानकारी दी गई है। विधेयक 1971 के राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 को संशोधित करेगा। यह विधेयक राष्ट्रगीत वंदेमातरम को भी राष्ट्रगान की ही तरह सम्मान देने के उद्देश्य से लाया जायेगा। अपमान करने वाले को तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसमें गायन से जुड़ी अनिवार्यता के भी प्रावधान हैं।
दूसरी ओर लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उच्चतम न्यायालय में जजों की संख्या बढ़ाए जाने से जुड़े विधेयक को पेश करेंगे। इसका उद्देश्य देश की शीर्ष अदालत में जजों की संख्या को 33 से 37 करना है।
संसद का मानसून सत्र कल से आरंभ होने जा रहा है। सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मीडिया के समक्ष सभी दलों से कार्यवाही को सुचारू चलाने की अपील करते हुए अपना वक्तव्य देंगे। मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में फादर अमीर के नाम से जाने जाने वाले कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी को श्रद्धाजली दी जाएगी। लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार छह पूर्व सदस्यों सहित उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री सोरेन ने 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने की घोषणा पर रवि राज मुर्मू को दी बधाई




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रविवार को संथाली फिल्म आंगेन के निर्देशक रवि राज मुर्मू को 'सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक' की श्रेणी में 72वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।
मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से युवा फिल्म निमार्ता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री सोरेने ने कहा कि मैं रवि राज मुर्मू को इस शानदार उपलब्धि पर अपनी हार्दिक बधाई देता हूं। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतना न केवल उनके लिए एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि झारखण्ड के लोगों और संताली भाषा के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने अपनी फिल्म 'आंगेन' के माध्यम से राष्ट्रीय मंच पर संथाली भाषा, संस्कृति और कहानियों की समृद्धि को बेहद खूबसूरती से प्रदर्शित किया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान झारखण्ड से उभरती हुई बेहतरीन रचनात्मक प्रतिभाओं को दशार्ता है। साथ ही, यह कला, संस्कृति और देशज सिनेमा के एक जीवंत केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती पहचान को और मजबूत करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि रवि राज मुर्मू की यह सफलता झारखण्ड के युवा फिल्म निमार्ताओं और कलाकारों को प्रेरित करेगी। इससे वे सार्थक सिनेमा के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए आगे आएंगे।
मुख्यमंत्री सोरेन ने रवि राज मुर्मू के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी अपनी उत्कृष्ट कला से झारखण्ड और देश का नाम रोशन करते रहें, यही शुभकामना है।

# पीवी सिंधु ने रचा इतिहास, पहली बार जीता जापान ओपन का खिताब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**टोक्यो** : भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने इतिहास रचते हुए पहली बार जापान ओपन का खिताब जीत लिया। फाइनल में उन्होंने मेजबान जापान की तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को लगातार दो गेम में 21-17, 21-17 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।
31 वर्षीय सिंधु का यह 2024 के सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब है। वहीं, वर्ष 2019 में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह उनकी सबसे बड़ी खिताबी जीत मानी जा रही है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने पीवी सिंधु को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जापान ओपन 2026 में जीत हासिल करने के लिए भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "भारतीय बैडमिंटन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि! जापान ओपन 2026 में जीत हासिल करने के लिए पीवी सिंधु को बधाई। पूरे टूनार्मेंट के दौरान उनका दृढ़ संकल्प और बेहतरीन कौशल देखने को मिला।

## सोनम वांगचुक को दूसरे अस्पताल भेजने से हाई कोर्ट का इनकार

एजेंसी



**नई दिल्ली** : दिल्ली हाई कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को किसी निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की मांग फिलहाल खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सरकार द्वारा उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने का निर्णय मनमाना नहीं कहा जा सकता। साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि वांगचुक की चिकित्सीय रिपोर्ट उनके परिवार के साथ साझा की जाए। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।
न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा कि सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सक सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रहे हैं। उपलब्ध तथ्यों से यह नहीं कहा जा सकता कि उनके साथ जबरदस्ती की जा रही है। अदालत ने यह भी माना कि वांगचुक स्वयं अस्पताल में भर्ती नहीं हुए थे, इसलिए उनकी बिगड़ती सेहत को देखते हुए सरकार का हस्तक्षेप उचित था।
अदालत ने केंद्र सरकार की उस दलील पर भी ध्यान दिया कि वांगचुक के परिजनों को दिनभर उनसे मिलने की अनुमति दी गई है और उनके लिए अलग कक्ष की व्यवस्था भी की गई है। इन परिस्थितियों में किसी अंतरिम आदेश की आवश्यकता नहीं है।

## सर्वदलीय बैठक : विपक्ष से विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सुचारू संचालन में सहयोग की अपील

एजेंसी



**नई दिल्ली** : संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सरकार ने विपक्ष से महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सकारात्मक सहयोग का आग्रह किया।
बैठक के दौरान विपक्षी दलों ने अलग गुट बनाने वाले सदस्यों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। विरोध स्वरूप विपक्ष के कुछ नेताओं ने कुछ समय के लिए सांकेतिक बहिर्गमन भी किया। हालांकि बाद में वे बैठक में वापस लौट आए और चर्चा में शामिल हुए।
संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से बुलाई गई इस बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में 40 राजनीतिक दलों के कुल 58 नेताओं ने हिस्सा लिया।
संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, बैठक की शुरूआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रारंभिक टिप्पणी से हुई। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक का संचालन किया। बैठक के समापन पर रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को उनकी उपस्थिति, सुझाव और सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।
रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के दोनों सदनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार संसद के नियमों के तहत अनुमत सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह आगामी सत्र के दौरान विधायी कार्यों में रचनात्मक भूमिका निभाए।

## नगालैंड में भारी भूस्खलन, चार की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

एजेंसी



**कोहिमा** : नगालैंड के मोन जिले में रविवार को भारी भूस्खलन हुआ है। इस घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग लापता बताए जा रहे हैं।
प्रशासन के अनुसार जिले में असम राइफल्स कैंप के नीचे बसे इलाके में हुई इस घटना से भारी नुकसान हुआ है। कई घर भूस्खलन की चपेट में आए हैं। बचाव टीमें मौके पर जुटी हैं। मलबे से चार शव बरामद हुए हैं, जबकि अन्य लापता लोगों की तलाश की जारी है।
नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने घटना पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मोन जिले में भारी भूस्खलन की बेहद दुखद खबरें मिली हैं। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। राज्य सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि एनएसडीएमए, जिला प्रशासन, डीडीएमए, एसडीआरएफ, पुलिस, असम राइफ्लस और स्थानीय समुदाय मौके पर खोज और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं।
मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा है कि सरकार मृतकों के परिवारों को तुरंत मुआवजा और प्रभावित सभी लोगों को राहत सहायता देगी।

## रूस का यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा हमला, बैलिस्टिक मिसाइलों से एक की मौत

एजेंसी



**कीव** : रूस ने शनिवार रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों और अन्य हथियारों से बड़ा हमला किया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इसे राजधानी पर अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया है।
स्थानीय अधिकारियों के अनुसार हमला रात करीब 1:30 बजे शुरू हुआ और कई घंटों तक जारी रहा। हमलों के कारण कीव के पांच जिलों में आग लग गई। कई आवासीय भवन, कार्यालय, औद्योगिक प्रतिष्ठान, छात्रावास और दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।
बचाव दल ने स्वियातोशिन्स्की जिले में एक जलते मकान से चार लोगों को सुरक्षित निकाला। शेवचेंकिव्स्की जिले में भी आग लगी इमारत से लोगों को बचाया गया। एक गैर-आवासीय भवन में आग बुझाने के बाद वहां से एक शव बरामद किया गया।
राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर दबाव बढ़ाने की अपील की।
यूक्रेन इस समय उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली की कमी का सामना कर रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में पैट्रियॉट प्रणाली को सबसे प्रभावी माना जाता है। हाल के सप्ताहों में रूस ने कीव पर हमलों की तीव्रता बढ़ा दी है।

# अमेरिका ने हवाई हमले में ईरान के निमार्णाधीन परमाणु बिजली संयंत्र को बनाया निशाना

एजेंसी



**तेहरान** : ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन ने दावा किया है कि अमेरिका ने रविवार तड़के दक्षिणी ईरान में स्थित डारखोविन परमाणु बिजली संयंत्र के निमार्णाधीन परिसर पर हवाई हमला किया। फिलहाल अमेरिकी प्रशासन की ओर से इस दावे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है।
संगठन के अनुसार यह संयंत्र इराक सीमा के निकट दक्षिणी ईरान में स्थित है और अभी निमार्णाधीन है। हमले में संयंत्र के निर्माण स्थल को निशाना बनाया गया। हालांकि, तत्काल किसी बड़े नुकसान या हताहत की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।
ईरानी परमाणु ऊर्जा संगठन ने बताया कि दिसंबर, 2022 में इस परियोजना के लिए प्रारंभिक आधारभूत कार्य (ग्राउंडवर्क) शुरू किया गया था। हालांकि, विश्व परमाणु संघ के अनुसार मार्च तक इस संयंत्र का औपचारिक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था।
यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है और दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव तेज होता जा रहा है। परमाणु प्रतिष्ठान को निशाना बनाए जाने के दावे के बाद क्षेत्रीय सुरक्षा और परमाणु सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं।


एक नजर

## लश्करी में मुखिया ने किया नाली का उद्घाटन



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के लश्करी में मुखिया गोविंद साहू ने शुक्रवार को नाली निर्माण का उद्घाटन किया। मुखिया गोविंद ने कहा कि लश्करी के विकास एवं जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए ऐसे विकास कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। उन्होंने लोगों से भी अपील किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और स्वच्छ वातावरण के लिए सभी अपना सहयोग दें। इस दौरान स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा की इस नाली निर्माण से जल निकासी की समस्या का समाधान होगा तथा मोहल्ले में स्वच्छता एवं साफ – सफाई को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर अध्यक्ष मो इरफान, वार्ड प्रतिनिधि राजेश रजक, सरफराज अहमद, हाफिज अताउल्लाह, मुस्तकीम मियां, सरजू रजक, मो इमरान, रिजवानूल हौदा एवं समफुलवा देवी समेत कई अन्य महिला व पुरुष मौजूद थे।

## बरही में राजस्व कर्मचारी की कमी से काम हो रहा प्रभावित : मो वारिस



**बरही:** अंचल कार्यालय में राजस्व हल्का कर्मचारियों की कमी के कारण इन दिनों आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर समाजसेवी सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मो वारिस अंसारी ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि राजस्व कर्मियों के अभाव में भूमि संबंधी कार्यों से लेकर जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई महत्वपूर्ण लंबित पड़े वह, जिससे ग्रामीणों को बार – बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। साथ ही कहा कि राजस्व कर्मचारियों के कमी के कारण अंचल क्षेत्र में जमीन से जुड़े कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द बरही अंचल में राजस्व कर्मचारी का पदस्थापन करने की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंबे माइंस लंगातु पुल के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान विनय कुमार (पिता- भुनेश्वर राम), निवासी सोनबरसा गांव के रूप में हुई है। वह एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना से विस्थापित गांव सोनबरसा का निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विनय कुमार अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर आर एन्ड आर कॉलोनी ढेंगा बड़कागांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी और पैर टूट गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को तत्काल उपचार के लिए बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सदर अस्पताल) पहुंचाया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में खन टास्क फोर्स, सड़क सुरक्षा और एनकॉर्ड की संयुक्त समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स, सड़क सुरक्षा एवं नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अपर समाहर्ता महेंद्र छोटन उरांव, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, प्रशिक्षु आईएएस पूर्वा अग्रवाल और बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में अवैध खन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण, सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा तथा नशा उन्मूलन के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी चेक पोस्टों पर सतत निगरानी और प्रतिदिन की कार्रवाई व फोटोग्राफ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वन क्षेत्रों में अवैध कोयला उत्खन की शिकायतों पर गंभीरता जताते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी (पश्चिमी) को जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय कर 25 अगस्त तक अवैध कोयला खदानों के मुहानों को ध्वस्त कराने को कहा। साथ ही अवैध ईंट भट्ठों को बंद कर नियमानुसार ध्वस्त करने का निर्देश सदर और बरही अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने अवैध उत्खनन, परिवहन और स्टोन माइनिंग के विरुद्ध कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी दिए।

सड़क सुरक्षा (हिट एंड रन) की समीक्षा में उपायुक्त ने शहरी क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाने और सड़क सुरक्षा प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन का निर्देश दिया। बरही-चौपारण मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की और सड़क की मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। गोरहर और बरही थाना क्षेत्र में एंबुलेंस को 24 घंटे क्रियाशील रखने तथा हजारीबाग-विष्णुगढ़ मार्ग पर दुर्घटना की आशंका वाले सूखे पेड़ों को हटाने के निर्देश भी दिए गए। नार्को कोऑर्डिनेशन की बैठक में उपायुक्त ने नशा उन्मूलन के लिए व्यापक रणनीति अपनाने पर बल दिया। उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने को कहा गया। सभी थाना प्रभारियों को नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई और जन जागरूकता कार्यक्रम सशक्त करने के निर्देश दिए गए।

# बरसोत में मत्स्य पालन प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड के ग्राम बरसोत में एनएफडीबी के तहत मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बरसोत स्थित हैचरी संचालक देवानंद प्रसाद के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में बरही, बरकट्ठा, चौपारण, हजारीबाग एवं गिरिडीह जिलों से बड़ी संख्या में मत्स्य कृषकों ने भाग लिया।

आधुनिक तकनीक पर फोकस

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने मत्स्य पालकों को वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य उत्पादन, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण बीज तैयार करने, मछलियों के पोषण और रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी। देवानंद प्रसाद ने बताया कि उन्नत तकनीक अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन लेकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने विभिन्न प्रजातियों की प्रजनन क्षमता की जानकारी देते हुए कहा कि कतला 1 किलो पर 80 हजार, रोहू 1 लाख, मृगल 1.20 लाख और पहाड़ी प्रजाति 1.25 से 1.50 लाख अंडे देती है। कार्यक्रम में कृत्रिम प्रजनन की पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। बताया गया कि मादा मछली को हार्मोन इंजेक्शन देने के 10-12 घंटे बाद वह ब्रीडिंग पूल में अंडे देती है। 12 घंटे में हैचिंग और करीब 60 घंटे में स्पॉन किसानों को आपूर्ति के लिए तैयार हो जाता है।

**वैज्ञानिक तरीके से होगा बीज वितरण**

देवानंद प्रसाद ने कहा कि अब मत्स्य बीज का वितरण पूरी तरह वैज्ञानिक प्रक्रिया से होगा। पहले इच्छुक पालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, फिर उनके तालाब का निरीक्षण कर तकनीकी मूल्यांकन के बाद ही गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इससे किसानों को बेहतर उत्पादन मिलेगा और बीज का सही उपयोग सुनिश्चित होगा। किसानों को मत्स्य पालन को स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बताते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों ने प्रशिक्षण को काफी उपयोगी बताया और भविष्य में भी इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में अधेड़ घायल आरोपी चालक फरार

**बड़कागांव :** बादम बड़कागांव मुख्य सड़क में चिरैंया नदी के पहले पुलिया के पास बड़कागांव से बादम की ओर तेज रफ्तार से जा रहे मोटरसाइकिल सवार चालक ने विश्रामपुर की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। ग्रामीणों ने बताया कि और फिर तीज गति से भगाने के क्रम में मारुति ओमनी से भी जा टकराई। और फिर तेज गति से अपना मोटरसाइकिल वाहन लेकर फरार हो गया। वहीं दूसरा मोटरसाइकिल चालक केला तुरी पिता लटन तुरी 45 वर्षीय ग्राम बुंडू टोला दूधीगढ़ा निवासी घायल हो गया। जिसका दाहिना हाथ टुट गया। घायल केला तुरी को पत्रकार शमशेर आलम एवं स्थानीय ग्रामीण की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव पहुंचाया गया।

# केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव मंत्रिमंडल का विस्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव की बैठक नवनिर्वाचित अध्यक्ष भीखन महतो की अध्यक्षता में नयाटांड पंचायत भवन में किया गया।नव निर्वाचित अध्यक्ष भीखन महतो, सचिव बासमती कुमारी एवं कोषाध्यक्ष त्रिवेणी महतो ने आपसी सहमति से मंत्रिमंडल का विस्तार किया। जिसमें मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो को बनाया गया।वहीं साथ ही साथ उपाध्यक्ष सुरेश महतो, कुमारी गिन्नी वर्मा, सरोज कुमार, खेमलाल महतो, कुंवर महतो, उपसचिव राम किशोर प्रसाद दांगी, संतोष मेहता, देवनारायण महतो, रेखा कुमारी, नगीना देवी, संगठन मंत्री सत्यदेव कुमार, गोविंद महतो, प्रवक्ता केशव नाथ महतो, सांस्कृतिक मंत्री राजेंद्र महतो, खेल एवं मनोरंजन मंत्री धनंजय प्रसाद धीरज, स्वरुप नारायण, मनोज कुमार, शिक्षा मंत्री बैजनाथ कुमार, सह शिक्षा मंत्री विजेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी ज्ञानचंद उर्फ ज्ञानी, सह मीडिया प्रभारी रवि कुमार दांगी, गुलेश्वर कुमार वहीं महिला मोर्चा में अध्यक्ष चिंता कुमारी, उपाध्यक्ष रीना कुमारी, रुमिया देवी, गुड़िया देवी, रेखा कुमारी, चंपा देवी, सचिव रिंकी देवी, उपसचिव पूनम देवी, कलावती देवी, लीला देवी, संगीता कुमारी, सुधा कुमारी को बनाया गया है वही कार्यकारिणी सदस्य में त्रिलोकी कुमार, पंचम कुमार, संजय कुमार, राकेश कुमार, आशा देवी, टिकेश्वर महतो चितरंजन कुमार, गीता देवी, कैलाश महतो, संतोष महतो, अजीत कुमार, खीरोधर महतो, महेश महतो, सनी कुमार मेहता, सुरेंद्र कुमार, छोटी कुशवाहा, संतोष कुमार, सुरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, तिलानाथ महतो, जितेंद्र कुमार, लखन महतो, तनुजा कुमारी, सुनीता देवी, रूबी देवी, संदीप कुमार, महेंद्र महतो, रंजीत कुमार, गोपाल कुमार का मनोनीत किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि, समाज सेवी बुद्धिजीवी व प्रत्येक गांव के वर्तमान ग्राम अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष होंगे। ज्ञात हो कि समाज का पुनर्गठन का चुनाव 10 जुलाई को सम्पन्न हुवा था।

# एचजेडबी आरोग्यम अस्पताल के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 270 महिलाओं और बच्चों ने उठाया लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य और बच्चों की बेहतर देखभाल की दिशा में एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं बाल चिकित्सालय की पहल पर शहर के इमली कोठी स्थित अस्पताल परिसर में रविवार को नि:शुल्क महिला एवं बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में 120 महिलाओं एवं 150 से अधिक बच्चों सहित कुल 270 लाभार्थियों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रीमा वर्मा एवं डॉ. एस. कुमारी ने महिलाओं की मासिक धर्म संबंधी समस्याओं, हार्मोनल असंतुलन, एनीमिया, हड्डियों के स्वास्थ्य, संक्रमण एवं रजोनिवृत्ति से जुड़ी बीमारियों की जांच की। वहीं बाल रोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ. डी. के. गुप्ता एवं डॉ. प्रकाश चंद्र ने बच्चों के पोषण, शारीरिक एवं मानसिक विकास, टीकाकरण और मौसमी बीमारियों पर अभिभावकों को आवश्यक सलाह दी। चिकित्सकों ने समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार एवं स्वच्छता के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। शिविर में आए सभी मरीजों के लिए अस्पताल द्वारा पैथोलॉजी जांचों पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी प्रदान की गई। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि "महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा उद्देश्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि जागरूकता बढ़ाना भी है।

# डेंटल कॉलेज कैंटीन के सुपरवाइजर की संदिग्ध मौत से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

▶ कॉलेज परिसर के कमरे से मिला शव, नग्न अवस्था में मिलने से गहराया रहस्य; पुलिस हर पहलू पर कर रही जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** डेंटल कॉलेज परिसर स्थित कैंटीन (मेस) के सुपरवाइजर विकास कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। उनका शव कॉलेज परिसर में स्थित उनके कमरे से बरामद होने के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, विकास कुमार सिंह पिछले कई वर्षों से डेंटल कॉलेज की कैंटीन में सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत थे। नौकरी के कारण वे कॉलेज परिसर में बने आवासीय कमरे में ही रहते थे और हर तीन-चार दिन में अपने घर जाकर परिवार से मुलाकात किया करते थे। परिवार के लोगों के अनुसार उनका किसी से कोई विवाद नहीं था और वे सामान्य दिनचर्या के अनुसार अपना काम कर रहे थे। मृतक की पत्नी ने बताया कि शनिवार की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच उनकी विकास से मोबाइल फोन पर बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान विकास ने कहा था कि वे उस रात कॉलेज परिसर में ही रुकेंगे और अगले दिन घर आने की योजना है। बातचीत पूरी तरह सामान्य थी और उन्होंने किसी प्रकार की परेशानी या विवाद की जानकारी नहीं दी थी।

रविवार सुबह अचानक कैंटीन से जुड़े एक व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि विकास कुमार सिंह अचेत अवस्था में पड़े हैं और कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। सूचना मिलते ही पत्नी अपने परिजनों के साथ तत्काल कॉलेज परिसर पहुंची। परिजनों का आरोप है कि कमरे में पहुंचने पर उन्होंने विकास का शव नग्न अवस्था में पड़ा देखा। इस दृश्य को देखकर परिवार स्तब्ध रह गया और उन्हें पूरी घटना पर गहरा संदेह हुआ। परिजनों का कहना है कि जिस परिस्थिति में शव मिला है, उससे यह मामला सामान्य मौत का नहीं बल्कि किसी साजिश का प्रतीत होता है। उनका आरोप है कि यदि समय रहते सही जानकारी दी जाती और तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाती तो शायद विकास की जान बच सकती थी। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तिहार



**बड़कागांव/केरेडारी :** केरेडारी पुलिस ने फरार आरोपियों के घर इश्तिहार चिपकाया। मामले को लेकर केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि केरेडारी थाना कांड संख्या 61/2023 के आरोपी फरार अभियुक्त हुलास गंझू पिता सरहुल गंझू ग्राम बुंडू निवासी एवं पहाड़ी उर्फ रमेश महतो उर्फ रामेश्वर महतो पिता मुनेश्वर महतो ग्राम डमरू निवासी के घर रविवार 19 जुलाई को विधिवत ढोल बजाकर इश्तिहार चिपकाया। मामले को लेकर केरेडारी पुलिस ने आगे कहा की उक्त कांड के दोनों फरार आरोपी अभियुक्त आत्मसमर्पण करें। अन्यथा न्यायालय के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।इश्तिहार चिपकाने में केरेडारी पुलिस एसआई हैदर अली एवं पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

## प्रशासनिक निगरानी में शांतिपूर्ण हुई जेएसएससी परीक्षा, एसडीओ ने परखी व्यवस्थाएं



**चौपारण :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को चौपारण में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरे दिन मुस्तैद रहा और सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बरही अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) जोहन टूडू ने मध्य विद्यालय सिंहपुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त अधिकारियों से परीक्षा संचालन की जानकारी लेकर आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को पूरी सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा सभी पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा कहीं से भी किसी प्रकार की अनियमितता या कदाचार की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, सात घायल, 5 रेफर



**बरही :** बरही-धनबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप के बगल में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई । जिसमें दोनों पक्षों के कुल 7 लोग घायल हो गए। घायलों में बरही निवासी मनोज कुमार 45 वर्ष पिता स्व. मदनलाल बरनवाल, सुधांशु राज 24 वर्ष पिता कैलाश बरनवाल और सुमित कुमार 20 वर्ष पिता कैलाश बरनवाल शामिल हैं जबकि दूसरे पक्ष में रांची निवासी पीयूष कुमार 19 वर्ष पिता दीपक कुमार, प्रतीक कुमार 23 वर्ष पिता प्रदीप कुमार, नमन स्वरूप 22 वर्ष पिता दिलीप कुमार, शनि स्वरूप 24 वर्ष पिता दिलीप कुमार और ऋतु राज 18 वर्ष पिता प्रदीप कुमार शामिल हैं। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मनोज कुमार सहित रांची पक्ष के पांच लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची पक्ष के लोगों ने लगभग 20 वर्ष पहले मनोज कुमार के ही एक संबंधी से यह जमीन खरीदी थी और जब वे जमीन पर काम करने पहुंचे तो मनोज कुमार पक्ष के लोगों ने विरोध करते हुए मारपीट कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विस्थापितों ने सिंदवारी पंचायत भवन, आर एंड आर कॉलोनी में पुनर्निर्माण की मांग की




**बड़कागांव :** सिंदवारी पंचायत भवन में विस्थापितो की बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता प्रभारी मुखिया भाग्यवंती देवी एवं संचालन पंकज कुमार साव ने किया। बैठक को लेकर पंकज कुमार साव ने कहा कि प्रशासन एवं परियोजना प्रबंधन से मांग करते है कि जिस प्रकार परियोजना विस्तार के कारण पंचायत भवन को हटाया जा रहा है, उसी प्रकार विस्थापितों की सुविधा एवं उनके अधिकारों को ध्यान में रखते हुए आर एंड आर कॉलोनी ढेंगा में ,पंचायत भवन का निर्माण कराया जाए। यह केवल एक भवन के निर्माण का मामला नहीं है, बल्कि हजारों विस्थापित लोगों के अस्तित्व, पहचान और उनके संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा हुआ प्रश्न है। बैठक में मुख्य रूप से निर्मल साव, विजय कुमार, उमेश कुमार, अशोक उराँव, राहुल कुमार दास, हिमांशु रंजन, देवन्ती देवी, प्रदीप साव, दिलेश्वर कुमार, बसन्ती देवी, रानी कुमारी, विमल गोप, पंकज कुमार साव, सुरेन्द्र कुमार, रामचन्द्र महतो, जुल्फकार अंसारी सुधीर राम, मुनेश कुमार, दिनेश कुमारी, कुलदीप राम, आशिष कुमार दास, परमना देवी, विमल साव, गुलाब उराँव, निरंजन राम, महेश कुमार, आशा देवी, रमेश कुमार, गुड्डू राम, रूपेश कुमार, अशोक दास, मुकेश भुइयां, उमेश कुमार कुशवाहा, लखन साव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मतदाता 22 जुलाई तक अपने भरे हुए फॉर्म बीएलओ को उपलब्ध करा दें : के. रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक सहभागी प्रक्रिया है, इसमें प्रत्येक स्टेकहोल्डर के सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में मतदाताओं, बीएलए 2, बीएलओ, निर्वाचन से जुड़े हर स्तर पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहभागिता से तीव्र गति से कार्य की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इन्यूमरेशन फेज का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वर्तमान मतदाता सूची के प्रत्येक मतदाताओं तक इन्यूमरेशन फॉर्म भेजने एवं उनके भरे हुए एवं हस्ताक्षर किए हुए इन्यूमरेशन फॉर्म को संग्रहित कर डिजिटलाइज करने का कार्य किया जा रहा है। कुमार रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मतदाता सूची में एएसडीडीएफ सूची के अंतिम प्रकाशन हेतु सभी मतदान केंद्रों पर 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलएझ2 कि बैठक एवं चुनाव पाठशाल का आयोजन किया जा रहा है। वैसे मतदाता जो अपना फॉर्म भरकर एवं हस्ताक्षर कर अपने बीएलओ को जमा करेंगें केवल उनका ही नाम 5 अगस्त को प्रकाशित होने वाले मतदाता सूचि के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में शामिल होगा। कुमार ने कहा कि इन्यूमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को समय पर संपन्न करने के लिए विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। रविवार तक विशेष कैंप एवं बीएलओ द्वारा 65.64 प्रतिशत कुल 1,73,70,620 मतदाताओं के इन्यूमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य संपन्न कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा भरे हुए इन्यूमरेशन फॉर्म को वापस जमा होते ही उसे डिजिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि जल्द से जल्द अपने इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा कर दें जिससे उसे समय रहते डिजिटाइजेशन किया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अभी भी शहरी मतदाताओं के द्वारा इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा करने की गति धीमी है। इसे गति देने एवं अधिक से अधिक बच्चे हुए मतदाताओं को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की सहूलियत और शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 20 जुलाई को राज्य के सभी शहरी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में शहरी मतदाता अपने इन्यूमरेशन फॉर्म जमा किए। जो बचे हुए मतदाता हैं, जिन्हें किसी कारण से अभी भी इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त नहीं हुए हैं वे इसे विशेष कैम में जाकर प्राप्त कर सकते हैं। कुमार ने कहा कि वर्तमान में बीएलओ द्वारा घरझघर जाकर 97.81 प्रतिशत कुल 2,58,82,942 मतदाताओं तक बीएलओ द्वारा इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध करा दिए गए हैं। बचे हुए मतदाता अपने बीएलओ से अवश्य संपर्क कर अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा करें।

## एक नजर

### रांची में आरवीपीएम का प्रतिभा सम्मान समारोह, 50 मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**रांची :** रौनियार वैश्य प्रगतिशील मंच (आरवीपीएम), रांची की ओर से रविवार को प्रेस क्लब, करमटोली चौक में प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समाज के 50 मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय वन सेवा के अधिकारी दिनेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार (डीआईजी, सीआरपीएफ) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न, प्रोत्साहन राशि और विभिन्न स्मृति पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह में इस वर्ष कुल 50 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सभी चयनित विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) और प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सर्वोच्च ‍२जे. पी. साहू स्मृति पुरस्कार२ दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रीत राज को ?25,000 की नकद राशि के साथ प्रदान किया गया। वहीं २एस. शरण स्मृति पुरस्कार२ के तहत दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली कुमारी वैष्णवी गुप्ता को ?11,111 की पुरस्कार राशि दी गई। २लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता स्मृति पुरस्कार२ संयुक्त रूप से बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कुमारी अविका अमन और कुमारी झलक लाल को प्रदान किया गया।

### छात्रों के भविष्य की लड़ाई जारी रहेगी : प्रदीप यादव

**रांची :** झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने देश की वर्तमान परीक्षा प्रणाली और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज देश के नौजवानों और छात्र-छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है। इस भ्रष्ट कुव्यवस्था से पीड़ित युवा पूरी तरह से लोकतांत्रिक और अहिंसात्मक तरीके से सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रदीप यादव ने रविवार को रांची स्थित कांग्रेस पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि यह बेहद कड़वा सच है कि पेपर लीक के कारण देश में दो दर्जन से अधिक होनहार छात्र-छात्राओं ने तंग आकर खुदकुशी कर ली है। लेकिन, सत्ता के नशे में चूर देश के प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को न तो इन परिवारों का दर्द महसूस हो रहा है और न ही युवाओं के आक्रोश की गूंज सुनाई दे रही है। प्रधानमंत्री इन गंभीर हालातों से पूरी तरह आंखें मूंदे बैठे हैं।

### मानदेय को लेकर महिला होमगार्ड के रोने की घटना चिंताजनक : राफिया नाज

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में ड्यूटी के दौरान पांच महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण एक महिला होमगार्ड के फूट-फूटकर रो पड़ने की घटना को झारखंड सरकार की संवेदनहीनता का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक महिला होमगार्ड की पीड़ा नहीं, बल्कि राज्य के हजारों होमगार्ड जवानों की बदहाल स्थिति को उजागर करती है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में राफिया नाज ने कहा कि अस्पताल परिसर में महिला होमगार्ड ने यह कहते हुए अपनी व्यथा व्यक्त की कि यदि मानदेय नहीं मिला तो परिवार का गुजारा मुश्किल हो जाएगा। गंभीर बीमारी के बावजूद इलाज कराने में असमर्थता जताना इस बात का प्रमाण है कि सरकार अपने सुरक्षा कर्मियों की मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं कर पा रही है।

## क्रेडाई कार्यशाला में जल-संवेदनशील शहरों के लिए प्रकृति आधारित तकनीकों पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** तेजी से बढ़ते शहरीकरण, जल संकट और प्रदूषण की चुनौतियों के बीच क्रेडाई रांची चैप्टर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित निमार्ता कार्यशाला में प्रकृति आधारित अपशिष्ट जल प्रबंधन तथा सतत शहरी विकास पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यशाला में एमर्जी एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड (साइन-आईआईटी बॉम्बे) के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंद्रकांत झा ने एकीकृत आर्द्रभूमि प्रौद्योगिकी (आईडब्ल्यूटी) आधारित हरित सीवेज शोधन संयंत्र तथा एन-ट्रीट (नाले में ही अपशिष्ट जल उपचार) विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में इंद्रकांत झा ने कहा कि भविष्य के जल-संवेदनशील शहरों के निर्माण के लिए पारंपरिक, अधिक ऊर्जा खपत वाली सीवेज शोधन प्रणालियों से आगे बढ़कर प्रकृति आधारित, कम ऊर्जा खर्च करने वाली तथा पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आईआईटी बॉम्बे द्वारा विकसित एकीकृत आर्द्रभूमि प्रौद्योगिकी (आईडब्ल्यूटी) जैविक एवं प्राकृतिक प्रक्रियाओं के माध्यम से सीवेज का प्रभावी उपचार करती है। इससे ऊर्जा की खपत, कार्बन उत्सर्जन और परिचालन लागत में उल्लेखनीय कमी आती है। साथ ही उपचारित जल का उपयोग बागवानी, शौचालय फ्लश, भू-जल पुनर्भरण तथा अन्य गैर-पेय कार्यों में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आईडब्ल्यूटी आधारित हरित सीवेज शोधन संयंत्र की प्रमुख विशेषताओं में न्यूनतम विद्युत खपत, कम रखरखाव, अत्यल्प गाद उत्पादन, बिना दुर्गंध एवं मच्छरों के संचालन, गुरुत्वाकर्षण आधारित प्रवाह प्रणाली तथा 90 से 95 प्रतिशत भूमि के पुनः उपयोग की क्षमता शामिल है।

## सावन से पहले पहाड़ी मंदिर पहुंचे डीसी

# श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को आगामी सावन पर्व की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहाड़ी बाबा मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों को समयबद्ध ढंग से सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सावन माह में लाखों श्रद्धालु पहाड़ी बाबा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें दर्शन, पूजा-अर्चना और अन्य सुविधाओं के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सीढ़ी मार्ग, शौचालय निर्माण, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पेवर ब्लॉक बिछाने के कार्य, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा, पहाड़ी बाबा रांचीवासियों की आस्था के केंद्र हैं। सावन पर्व के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसलिए सभी निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। सुरक्षित एवं सुगम सीढ़ी मार्ग, पर्याप्त शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और विश्राम की सुविधाएं हमारी प्राथमिकता हैं। उपायुक्त ने श्रद्धालुओं और दुकानदारों से भी विशेष अपील की। उन्होंने कहा कि सावन पर्व के दौरान मंदिर परिसर में शीशे की किसी भी प्रकार की पूजन सामग्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। श्रद्धालुओं से पूजा में शीशे या धातु की वस्तुओं का उपयोग नहीं करने तथा दुकानदारों से ऐसी सामग्री की बिक्री नहीं करने का आग्रह किया गया।

# छऊ कला केंद्र और गुरुजी बैडमिंटन कोर्ट का विधायक ने किया निरीक्षण, अनियमितताओं पर जताई नाराजगी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली स्थानीय विधायक अमित महतो ने रविवार को सिल्ली के काडाकाटा स्तिथ छऊ नृत्य कला केंद्र व निमार्णाधीन गुरूजी बैडमिंटन कोर्ट का निरिक्षण किया। इस दौरान विधायक केंद्र में पेयजल, शौचालय में गंदगी तथा केंद्र की संचालन में मनमानी पर भड़के कहा केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक का बीते 2 साल पहले कार्यकाल समाप्त हो गया है बाबजूद प्रशिक्षक ने केंद्र का सारा फाइल अपने पास रखा है उसका केंद्र में आना जाना लगा हुआ है। इसे प्रतीत होता है रजिस्ट्रर पर ही केंद्र का संचालन कर रहा है। वही सिल्ली के युवाओं को खेल का प्लेटफॉर्म देना- गुरुजी के नाम पर खेल प्रतिभा को बढ़ावा- कला संस्कृति भवन के साथ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसा माहौल के उद्देश्य से गुरूजी बैडमिंटन कोर्ट निर्माण में घटिया क्वालिटी का इट्टा देख विधायक ने भारी नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने कहा ये गुरुजी के नाम और जनता के पैसे दोनों का अपमान है। विधायक ने कहा लैब से ईंट की मजबूती, वजन, पानी सोखने की जांच कराएंगे। रिपोर्ट में गड़बड़ी आई तो ठेकेदार और इंजीनियर दोनों पर कार्रवाई होगी। उद्देश्य- सिल्ली के युवाओं को खेल का प्लेटफॉर्म देना- गुरुजी के नाम पर खेल प्रतिभा को बढ़ावा- कला संस्कृति भवन के साथ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसा माहौल आगे क्या होगा कोर्ट पूरा होने के बाद यहां जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट भी कराने की योजना है। सिल्ली के बच्चों को रांची नहीं जाना पड़ेगा।

### 26 जुलाई को 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर भाजपा की तैयारी बैठक

**रांची :** अनगड़ा मंडल के चिलदाग साल्हन हेसल अनगड़ा लुपूग शक्ति केन्द्र में बैठक आयोजित की गई। आगामी 26 जुलाई दिन रविवार को मोदी की मन की बात संगठन की मजबूती पर विशेष चर्चा होगी । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित खिजरी विधानसभा के जन-जन के नेता पूर्व विधायक रामकुमार पाहन प्रदेश प्रवक्ता अनगड़ा मंडल प्रभारी आरती कुजूर मंडल रामसाय मुंडा , मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, मंडल महामंत्री राजेंद्र महतो, अजय कुमार सिंह, भोक्ता पुशनाथ मुंडा, सन्तोष महतो, सोनू महतो जी, शक्ति केंद्र सालन के संयोजक बसंत कुमार चौधरी, चिलदाग पंचायत के संयोजक दुर्गा पाहन उपस्थित हुए।

# रांची में पहली बार इस्कॉन की तीन दिवसीय रथ यात्रा शुरू, श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची में इस्कॉन की ओर से पहली बार आयोजित तीन दिवसीय भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव का शुभारंभ रविवार को भक्ति और उल्लास के माहौल में हुआ। लेक एवेन्यू, कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर से निकली रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालुओं ने हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन, भजन और नृत्य के साथ पूरे उत्साह से रथ यात्रा में भाग लिया। रथ यात्रा के शुभारम्भ से पूर्व भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मंगल आरती एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जयंतनाथ शाहदेव और उनके पुत्र जीतेश नाथ शाहदेव ने परंपरा के अनुसार स्वर्ण झाड़ू से मार्ग का प्रतीकात्मक रूप से शुद्धिकरण किया। आरती के उपरांत रथ की रस्सी खींचकर यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी झाड़ू लगाकर भगवान की सेवा अर्पित की और श्रद्धालुओं के साथ रथ यात्रा में शामिल हुए। रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। संकीर्तन मंडलियों ने भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। भक्तों ने भगवान को विभिन्न प्रकार के भोग अर्पित किए और आरती में भाग लेकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मार्ग में हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष गूंजते रहे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी और बूंदी प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस्कॉन के महाप्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास ने बताया कि रांची में पहली बार आयोजित इस रथ यात्रा को श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इससे भी अधिक भव्य स्तर पर रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने लगभग 60 वर्ष पूर्व अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार रथ यात्रा की शुरूआत की थी। आज इस्कॉन के माध्यम से विश्व के 150 से अधिक देशों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ निकाली जाती है। महाप्रबंधक ने कहा कि पुरी धाम के गजपति महाराज की सहमति से इस्कॉन इंडिया आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से लेकर बहुदा रथ यात्रा तक देशभर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्राओं का आयोजन करता है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष रांची में भी पहली बार यह आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हॉकी झारखंड की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित भोलानाथ सिंह लगातार चौथी बार बने अध्यक्ष




**रांची :** हॉकी झारखंड की 13वीं वार्षिक आमसभा रविवार को मोराबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुई। आमसभा में वर्ष 2026-2030 के कार्यकाल के लिए 11 सदस्यीय नई कार्यकारिणी समिति का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। भारतीय खेल नीति-2025 के प्रावधानों के तहत अंतरराष्ट्रीय खेल संघ में पदाधिकारी होने के कारण भोलानाथ सिंह लगातार चौथी बार हॉकी झारखंड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, मनोज कुमार प्रसाद (मनोज कोनबेगी) महासचिव और असरिता लकड़ा कोषाध्यक्ष चुनी गईं। आमसभा के दौरान राज्य में हॉकी के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड के 20 जिलों को प्रति जिला 65 हजार रुपये मूल्य के खेल किट वितरित किए गए। संगठन ने इसे जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट, आय-व्यय का लेखा-जोखा, वित्तीय प्रतिवेदन, लेखा परीक्षक की नियुक्ति, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी सहित कुल आठ एजेंडों पर चर्चा हुई, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि सभी 11 पदों के लिए केवल एक-एक वैध नामांकन प्राप्त हुआ था। इसके कारण सभी उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। आमसभा में विजय शंकर सिंह को हॉकी झारखंड का डायरेक्टर जनरल भी नियुक्त किया गया। विजय शंकर सिंह ने संगठन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में झारखंड के 35 खिलाड़ियों ने भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में राज्य के 15 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं, जबकि 20 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर देश का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह झारखंड में हॉकी के मजबूत ढांचे और लगातार किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हॉकी झारखंड खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में झारखंड को भारतीय हॉकी का मजबूत केंद्र बनाने के लिए सभी जिला इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। आमसभा में राज्य के सभी 24 जिलों के प्रतिनिधि, राज्य एथलीट समिति के सदस्य, पदाधिकारी तथा हॉकी से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### डब्ल्यूआईसीसीआई झारखंड की पहली बैठक संपन्न, महिला सशक्तिकरण पर बनी रणनीति




**रांची :** सोशल प्रोटेक्शन एंड वेलफेयर काउंसिल (वूमेन इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज) झारखंड की प्रथम बैठक झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन कडरू मोड़ में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्जी के अध्यक्षता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एफजेसीसीआई के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा उपस्थित थे। उन्होंने महिलाओं के स्वावलंबन हेतु रोजगार के लिए ढेर सारी टिप्स दिए। बैठक में परिषद के विस्तार, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक सदस्य को डब्ल्यूआईसीसीआई का प्रमाण-पत्र एवं आधिकारिक पहचान उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही संगठन की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के लिए गुगल पेज एवं अन्य डिजिटल माध्यमों को सक्रिय किया जाएगा। बैठक में प्रत्येक माह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण, शिक्षकों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा महिलाओं के प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान करने पर विशेष बल दिया गया। परिषद द्वारा परफॉर्मिंग आर्ट्स, बेकिंग, ब्यूटी एवं अन्य कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त कॉपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी(सी. एस.आर) के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम संचालित करने तथा विभिन्न क्षेत्रों के महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। बैठक में संगठन को सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं को डब्ल्यूआईसीसीआई से जुड़कर सामाजिक परिवर्तन की इस मुहिम का हिस्सा बनने का आह्वान किया गया। बैठक को सफल बनाने में मुख्यरूप अध्यक्ष सोनाली भट्टचार्जी, जनसंपर्क अधिकारी शिवकिशोर शर्मा, उपाध्यक्ष वीणाश्री, कोषाध्यक्ष डॉ.आभा कुमारी सहित रीना सिंह, जया सरकार, संध्या सरकार, मीरा गुप्ता, कंचन कौर, शगुफ्ता यास्मीन, पूजा बांका, अनीता गुप्ता, प्रतिष्ठा आचार्य, सुमन सिंह, अंशुल सहाय आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से की मंदिर के जीर्णोद्धार में सहयोग की अपील



**रांची :** राजधानी के सुखदेव नगर थानांतर्गत जयप्रकाश नगर (खादगढ़ा) स्थित श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मंदिर संचालन समिति व श्रीगणेश-लक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है। ट्रस्ट के संरक्षक ई.अरुण कुमार सिंह, समाजसेवी सचिदानंद वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, विपुल तिवारी, वशिष्ठ नारायण तिवारी, शिवनंदन पाठक, गौरव कुमार स्वामी और श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष रानी कुमारी ने श्रद्धालुओं, आम जनता व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु सहयोग करने की अपील की है। इस संबंध में रानी कुमारी ने बताया कि श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर की स्थापना लगभग 35 वर्ष पूर्व की गई थी। इस मंदिर से विशेष कर राजधानी रांची व सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी है। मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। सावन के महीने में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। वहीं, मंदिर ट्रस्ट द्वारा वर्ष में एक बार गणेशोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर के गुंबद में दरार उत्पन्न होने से बरसात के दिनों में प्रतिमा के ऊपर पानी टपकता रहता है। इसके जीर्णोद्धार हेतु आम श्रद्धालुओं से मंदिर ट्रस्ट व मंदिर संचालन समिति द्वारा सहयोग की अपील की गई। श्रद्धालु सहयोग के रूप में नगद के अलावा सीमेंट, बालू, छड़, गिट्टी, आदि निर्माण सामग्री भी दान कर सकते हैं। मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक ई.अरुण कुमार सिंह के मोबाइल नंबर 9835722324 और ट्रस्ट की अध्यक्ष रानी कुमारी के मोबाइल नंबर 9123478250 या ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सचिदानंद वर्मा के मोबाइल नंबर 9431177926 पर संपर्क कर दानदाताओं को सहयोग करने की अपील की गई।

## एक नजर

### कोडरमा मे ट्रेन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा** : धनबाद-गया रेलखंड पर रविवार सुबह एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना जयनगर थाना क्षेत्र के कन्द्रपडीह गांव के पास पोल संख्या 386/22 के पास की है। बताया जा रहा है कि कन्द्रपडीह निवासी 50 वर्षीय शिबू जसवाल, पिता दिनेश्वर जसवाल रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान वह अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शव क्षत-विक्षत हो गया। सुबह स्थानीय लोगों ने ट्रैक पर शव देखा तो तुरंत रेलवे पुलिस और जयनगर थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेलवे ने यात्रियों से ट्रैक पार करते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

### जंगली खुखड़ी खाने से एक ही परिवार के चार सदस्य बीमार

**मरकच्चो** : मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम पुनर्वास में शनिवार को जंगली खुखड़ी खाने से एक ही परिवार की कई सदस्य अचानक बीमार हो गए।बताया गया कि शनिवार दोपहर खाना में खुखड़ी खाने के कुछ देर बाद सभी को उल्टी पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत होने लगी। परिजनों ने आनन फानन में सभी को शनिवार देर शाम इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो ले गए। जिसमें गोविंद महतो 70 वर्ष, रीना देवी 40 वर्ष, खुशबू कुमारी 21 वर्ष, पिंकी देवी 35वर्ष के नाम शामिल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने सभी मरीजों का तत्काल उपचार शुरू किया। प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक दवाएं देने के बाद सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंच जाने के कारण स्थिति पर जल्द नियंत्रण पा लिया गया। घटना के बाद चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि जंगलों से लाए गए जंगली खुखड़ी या अन्य वन उत्पादों का सेवन बिना सही पहचान का नहीं करें। कई प्रकार की जंगली खुखड़ी जहरीली होती है, जिनके सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। यदि खुखड़ी खाने के बाद उल्टी चक्कर पेट दर्द या अन्य लक्षण दिखाई दे तो बिना देर किए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराएं।

### 30 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई जेएसएससी की परीक्षा

**रामगढ़** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन रविवार को रामगढ़ जिले के 30 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई। परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। डीसी ऋतुराज, एसपी मुकेश कुमार लुनायत एवं डीएफओ नीतीश कुमार के साथ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर चल रही परीक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया। डीसी ने परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से परीक्षा संचालन से संबंधित जानकारी ली। आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# आज पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, 40 फीट ऊंचा रथ बनेगा आकर्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : कोडरमा जिले के धार्मिक इतिहास में 20 जुलाई को पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की प्रतिमाएं भव्य एवं आधुनिक रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगी।



आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। इस्कॉन हजारीबाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. केशव आनंद दास ने बताया कि पहली बार कोडरमा की पावन धरती पर भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जा रही है। इस अवसर पर लगभग 40 फीट ऊंचा अत्याधुनिक रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगा। आवश्यकता पड़ने पर इसकी ऊंचाई 16 फीट तक कम की जा सकती है। रिमोट ऑपरेटेड इस रथ की चौड़ाई करीब 12 फीट है तथा इसे जापानी सिल्क से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रथ के शीर्ष पर तीन फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र स्थापित किया गया है, जबकि आगे चार घोड़ों की प्रतिकृति इसकी भव्यता में चार चांद लगाएगी।

रथ के दोनों ओर 100 से 150 फीट लंबी रस्सियां लगाई गई हैं, जिन्हें हजारों श्रद्धालु खींचते हुए भगवान की रथयात्रा को आगे बढ़ाएंगे। यात्रा सुभाष चौक से प्रारंभ होकर झंडा चौक, महाराणा प्रताप चौक, मौसीबाड़ी होते हुए संकट मोचन मंदिर तक पहुंचेगी। पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक झांकियों से वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। रथयात्रा की सुरक्षा एवं व्यवस्था में विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। शहर कि प्रेरणा शाखा, गायत्री परिवार, एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा, आरती, शरबत एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। महाराणा प्रताप चौक पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शरबत, पेयजल एवं खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनें। पहली बार आयोजित हो रही इस भव्य रथयात्रा को लेकर पूरे शहर में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का वातावरण है।

## ईओयू की बड़ी कार्रवाई, नोटबंदी मामले में बैंक ऑफ इंडिया का कर्मचारी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : वर्ष 2016 की नोटबंदी के दौरान हुए कथित वित्तीय अनियमितता मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक ऑफ इंडिया के एक बैंककर्मी को शाखा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरविंद कुमार के रूप में हुई है, जो फिलहाल डोमचांच में बैंक ऑफ इंडिया की फुलवरिया शाखा में कार्यरत था। वह बिहार के दानापुर स्थित पंचवटी नगर का निवासी बताया जाता है। नवलशाही थाना प्रभारी सुमन कुमार ने रविवार को 8:30 बजे बताया कि ईओयू के अनुसार, नोटबंदी के समय अरविंद कुमार बैंक ऑफ इंडिया की गया शाखा में पदस्थापित था। आरोप है कि उसने अन्य लोगों के साथ मिलकर



अरविंद कुमार, आरोपी, बैंक ऑफ इंडिया, कर्मी

अवैध वित्तीय लेन-देन को अंजाम दिया। जांच में सामने आया कि वादी राजेश कुमार के बैंक खाते का कथित रूप से उसकी जानकारी के बिना उपयोग कर लाखों रुपये का लेन-देन किया गया। इस मामले में राजेश कुमार की शिकायत पर गया के सिविल लाइन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) को सौंप दी गई। जांच के दौरान बैंकिंग दस्तावेजों और संदिग्ध लेन-देन की गहन पड़ताल की गई, जिसमें अरविंद कुमार की कथित भूमिका सामने आई। ईओयू ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद निगरानी अदालत से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त किया और आरोपी की तलाश शुरू की। लंबे समय से फरार चल रहे अरविंद कुमार को शुक्रवार को कोडरमा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ईओयू की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन लोग शामिल थे तथा नोटबंदी के दौरान हुए संदिग्ध लेन-देन का दायरा कितना बड़ा था। नोटबंदी के दौरान हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े इस मामले में ईओयू की यह कार्रवाई जांच की एक महत्वपूर्ण कड़ी मानी जा रही है।

## अभिभावक संघ कोडरमा की कोर कमेटी की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : अभिभावक संघ कोडरमा की कोर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सामंतों पेट्रोल पंप के पास संघ के कार्यालय में संघ के अध्यक्ष संजय साजन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन सचिव भानू प्रताप सिंह ने किया। जिसमें जिले में शिक्षा व्यवस्था, निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली तथा अभिभावकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) के हालिया स्थानांतरण को देखते हुए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में आवश्यक फेरबदल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि नए जिला शिक्षा पदाधिकारी से शीघ्र मुलाकात कर उन्हें अभिभावक संघ की प्रमुख मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। साथ ही उपायुक्त द्वारा पूर्व में निजी विद्यालयों की जांच के लिए दिए गए निर्देशों के आलोक में तैयार की गई जांच रिपोर्ट की वर्तमान प्रगति की जानकारी ली जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अभिभावकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की उम्मीद है और अब यह जानना आवश्यक है कि जांच रिपोर्ट किस स्तर पर है तथा उस पर आगे क्या कार्रवाई की जा रही है। बैठक में यह भी कहा गया कि निजी विद्यालयों में मनमानी फीस वृद्धि, विभिन्न मदों में अतिरिक्त शुल्क वसूली, आरटीई के प्रावधानों का पूर्ण पालन तथा अन्य शिकायतों को लेकर अभिभावक संघ लगातार आवाज उठाता रहा है। इन मामलों के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल आवश्यक है। कोर कमिटी ने निर्णय लिया कि डीईओ से मुलाकात के बाद यदि जांच रिपोर्ट पर संतोषजनक प्रगति नहीं मिलती है तो आगे की रणनीति तय करने के लिए व्यापक बैठक बुलाई जाएगी और आवश्यकतानुसार लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन का भी निर्णय लिया जाएगा।

## जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव सत्यभामा कुमारी उपस्थित थी। डालसा प्रभारी सचिव ने कहा कि गरीबों- असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। आप सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। आप यहां से निकलने के उपरांत अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का शपथ ले। साथ ही उन्होंने ने कहा कि निर्धन एवं असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहे है। वही शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी डीएलएसए के अधिवक्ता द्वारा दी गई। जिस बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे, वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है, वैसे बंदियों से संबंधित भी जानकारी ली गई।

## बिरहोर टोला में बच्चों के बीमार होने की सूचना पर प्रशासन अलर्ट, स्वास्थ्य टीम ने की जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : डोमचांच प्रखंड की बच्छेडीह पंचायत स्थित विंडोमोह बिरहोर टोला में कुछ बच्चों एवं ग्रामीणों के अस्वस्थ होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने प्रभावित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पांडेय एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने बिरहोर टोला पहुंचकर ग्रामीणों की जांच की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ लोगों में बुखार और खांसी के लक्षण पाए गए। चिकित्सकों ने उनका आवश्यक परीक्षण कर दवाइयां दीं तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। प्रखंड



विकास पदाधिकारी भोला पांडेय ने बताया कि बिरहोर समुदाय के लोगों का पहले प्रत्येक माह स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता था, लेकिन अब एहतियात के तौर पर उनकी साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम पहले भी बिरहोर परिवारों का नियमित हेल्थ चेकअप करती रही है और आगे भी लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। यदि किसी व्यक्ति में बीमारी के लक्षण मिलते हैं तो उसे तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिरहोर टोला के सभी परिवारों के स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि किसी भी संभावित बीमारी की समय रहते पहचान कर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

# रामगढ़ जिले में डेवलप होगा टूरिस्ट सर्किट एरिया, डीसी ने कई स्थानों का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले में टूरिस्ट सर्किट एरिया डेवलप करने के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल की है। डीसी ऋतुराज ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ रविवार को जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का दौरा किया। उन्होंने उन सभी स्थानों को एक दूसरे के साथ जोड़ने के लिए योजना बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। निरीक्षण के दौरान डीसी ने पर्यटन स्थलों के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व, प्राकृतिक सौंदर्य, वर्तमान स्थिति, पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण की शुरूआत



दुलमी प्रखंड अंतर्गत डेली पाइला धार्मिक स्थल से की गई। वहां श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। डीसी ने मंदिर तक पहुंचने वाली सीढ़ियों के निर्माण, मंदिर के तोरण द्वार के निर्माण, लोगों के बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास का निर्देश दिया। शहर के किला मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शौचालय सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्राचीन शिव मंदिर कैथा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी ली गई। मंदिर के रेस्टोरेशन वर्क, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। रामगढ़ स्थित वर्ल्ड वॉर-2 सिमेट्री, जिसे चाइना कब्रिस्तान के नाम से भी जाना जाता है, का भी डीसी द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्थल की ऐतिहासिक महत्ता एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। डीसी ने कहा कि जिले के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं उनके महत्व को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने की आवश्यकता है। रामगढ़ किला के पौराणिक एवं ऐतिहासिक इतिहास की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने की बात डीसी ने कही। उसके इतिहास, महत्व एवं विशेषताओं का सही दस्तावेजीकरण आवश्यक है। डीसी ने गांधी घाट में बंद परियोजना शुरू करने को कहा।साथ ही आवश्यक विकास कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन सौंपने का जिम्मा समिति को दिया। मुर्रामकला क्षेत्र में प्रस्तावित ग्लास ब्रिज के निर्माण को लेकर भी डीसी ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने भौगोलिक स्थिति एवं संभावनाओं का जायजा लिया। यहां नए पर्यटन आकर्षण विकसित करने के साथ-साथ पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधा एवं पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखने की बात कही। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी संजीत कुमार सहित, जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 22 केंद्रों पर हुई झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता परीक्षा एसपी व डीडीसी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**कोडरमा** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 रविवार को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष और उप विकास आयुक्त रवि जैन ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जे.जे. कॉलेज, कॉमर्स इंटर कॉलेज, सेक्रेड हार्ट स्कूल तथा सी.एच. प्लस टू उच्च विद्यालय समेत कई परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने परीक्षा संचालन, अभ्यर्थियों की सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रतिनियुक्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त ने गश्ती दल दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, परीक्षा ऑब्जर्वर, उड़नदस्ता दल, पुलिस पदाधिकारियों एवं महिला पुलिस बल को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी निर्मल सोरेन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामरतन वर्णवाल सहित प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### गौ सेवा धाम आश्रम में कल से निशुल्क योग शिविर, बैठक में बनी रूपरेखा



**झुमरीतिलैया** : मोरियावां वार्ड संख्या-8 स्थित सुषमा सुमन गौ सेवा धाम आश्रम में मंगलवार से शुरू होने वाले निशुल्क योग शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। योगाचार्या सुषमा सुमन के नेतृत्व में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि शिविर का उद्घाटन मंगलवार सुबह 5 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जे.पी.एन. बरनवाल ने की, जबकि संचालन योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन ने किया। डॉ. बरनवाल ने कहा कि नियमित योग से शरीरस्वस्थ और ऊर्जावान रहता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। योगाचार्य प्रदीप कुमार सुमन ने योगाचार्या सुषमा सुमन द्वारा पिछले 22 वर्षों से स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। वहीं योगाचार्या सुषमा सुमन ने कहा कि योग हर व्यक्ति के लिए सरल और सुलभ है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को भी योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा और सहयोग दिया जाएगा। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरूप पंडित, दिलीप पंडित, अनंत कुमार बरनवाल, वार्ड पार्षद सचिव पंकज पंडित, ईश्वर देव बरनवाल, कुलदीप कुमार, विनोद पंडित, विमला देवी, सुरेश प्रसाद बरनवाल, संजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने योग शिविर के सफल आयोजन में सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण व दो लाख की ठगी का आरोपी कोडरमा से गिरफ्तार

**कोडरमा** : जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के मोरियामा गांव से पश्चिम बंगाल पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण और ठगी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोरियामा निवासी अजय राणा के 24 वर्षीय पुत्र विशाल राणा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, करीब दो वर्ष पहले विशाल राणा की सोशल मीडिया के माध्यम से पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले की एक युवती से दोस्ती हुई थी। समय के साथ दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। आरोप है कि इस दौरान विशाल कई बार युवती से मिला। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक, विशाल ने अपने परिजनों की बीमारी का हवाला देकर अलग-अलग समय पर उससे करीब दो लाख रुपये ले लिए। रुपये लेने के बाद उसने युवती से संपर्क तोड़ दिया और शादी करने से भी इनकार कर दिया। युवती ने वर्धमान थाने में विशाल राणा के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन शोषण और दो लाख रुपये की ठगी का मामला दर्ज कराया था। मामले की जांच के क्रम में पश्चिम बंगाल के वर्धमान थाना की पुलिस टीम शनिवार को कोडरमा पहुंची और तिलैया थाना पुलिस को सूचना देने के बाद मोरियामा स्थित उसके घर से आरोपित को देर रात गिरफ्तार कर लिया।

### तीसरे दिन भी हाथियों का तांडव, किसानों की फसल और बागवानी को लाखों का नुकसान

**मरकच्चो** : प्रखंड के जामु पंचायत स्थित जामु व हरलाडीह क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। हाथियों के झुंड ने शनिवार देर रात गांव के समीप पहुंचकर जमकर उत्पाद मचाया। इस दौरान कई किसानों की आम बागवानी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ खेतों में तैयार धान के बिचड़े व खेती को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया। साथ ही कई किसानों का खेतों का चहारदीवारी भी तोड़ डाला। जिससे किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। जिसमें हरलाडीह निवासी अर्जुन महतो का आम बागवानी को नष्ट कर दिया। राजकुमार साव घर के बगल खेत का ईट से बने बाउंड्री को तोड़ा उसमें लाहर, मकई, उर्द, वगैरह की फसल को रौंद डाला। जागेश्वर साव का बाउंड्री वॉल तोड़कर बैगन, मकई, मंडुवा को बर्बाद कर दिया। श्याम सुंदर साव का बाउंड्री व खेती को नुकसान किया। मंडल साव रोपने के लिए 25 किलो बिचड़े, शुकर साव का 25 किलो, भुवनेश्वर साव 20 किलो, घनश्याम साव 40 किलो, कैलाश पंडित 10 किलो, भुनेश्वर साव 25 किलो, बालेश्वर साव 25 किलो, महादेव साव 30 किलो, अनीता देवी बालेश्वर साव का आम बागवानी चारदीवारी, अनीता देवी महादेव साव बागवानी व जाली का घेराव, राजकुमार साव 15किलो, सिकंदर साव 16 किलो, नंदलाल साव 15 किलो, जितेंद्र साव 25 किलो,राजेंद्र साव 10 किलो, सुकून देवी 15 किलो, गोपी साव 25 किलो तुलसी साव 15 किलो, उमेश साव 15 किलो, सीता कुमारी 17 किलो, मनोहर यादव 15 किलो, नुनमन यादव 22 किलो,सोमर साव15 किलो विनोद साव 10 किलो, बहादुर साव15 किलो, रोहिणी देवी 30 किलो, पुनिया देवी 20 किलो, गिरिजा देवी 8 किलो, विजय साव 15 किलो, निरंजन साव 20 किलो, रघु साव 20 किलो, कैमरून खातून 10 किलो, रेखा देवी 20 किलो, गणेश महतो 22 किलो, कालेश्वर महतो 20 किलो,नागेश्वर साव 20 किलो, त्रिवेणी साव 20 किलो,मसोमात फूलमती 23 किलो, जालंधर साव 25 किलो, जैनुल धोबी 10 किलो,रामचंद्र साव 25 किलो, परमेश्वर पंडित 10 किलो, चुटारी साव 20 किलो, कलवा देवी 30 किलो, सीता देवी 20 किलो महंगे दामो में 400 से 500 रुपये के दर से बिचड़ा तैयार किये थे ,जिसे हांथीयों का झुंड शनिवार की रात को तांडव किया। जिससे लगभग सभी किसानों को लाख से ऊपर का नुकसान हुआ है।

# 200 से अधिक बच्चों की हृदय जांच, जरूरतमंदों को मिलेगा नि:शुल्क ऑपरेशन : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में रविवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत आयोजित ₹गिफ्ट ऑफ लाइफ₹ कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 200 से अधिक बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय संबंधी जांच की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अमृता हॉस्पिटल, कोच्ची के हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी, चिकित्सक और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे के इलाज में बाधा नहीं बननी चाहिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से जन्मजात एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों में हृदय रोग या किसी अन्य गंभीर बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से संपर्क करें और उपलब्ध नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम के दौरान अमृता हॉस्पिटल, कोच्ची से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की विस्तृत हृदय जांच की। जांच के दौरान जिन बच्चों में जन्मजात अथवा अन्य गंभीर हृदय रोग की पुष्टि या आशंका पाई गई, उन्हें आगे की विशेषज्ञ चिकित्सा के लिए चिन्हित किया गया। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे बच्चों का नि:शुल्क हृदय ऑपरेशन भी कराया जाएगा। यह सुविधा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और अमृता हॉस्पिटल के संयुक्त सहयोग से उपलब्ध कराई जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में जन्मजात हृदय रोग सहित कई गंभीर बीमारियों की शुरूआती अवस्था में पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ संस्थानों में रेफर किया जाता है। उन्होंने बताया कि "गिफ्ट ऑफ लाइफ" अभियान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को समय पर उच्च स्तरीय और नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी बच्चे का जीवन केवल आर्थिक अभाव के कारण खतरे में न पड़े।

## एक नजर

### भारत फाइनेंस कंपनी में 6.10 लाख की धोखाधड़ी फील्ड एजेंट गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र में भारत फाइनेंस कंपनी के 18 ग्राहकों से धोखाधड़ी कर 6 लाख 10 हजार रुपये के गबन के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित फील्ड एजेंट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में कंपनी के ब्रांच मैनेजर अमित कुमार केसरी की शिकायत पर पोटका थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार, भारत फाइनेंस कंपनी की आंतरिक जांच के दौरान वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया। जांच में पता चला कि कंपनी में ऋण वितरण और ऋण वसूली का कार्य करने वाला फील्ड एजेंट भावेश लोहरा ग्राहकों को विभिन्न बहानों से झांसा देकर उनसे जमा कराए गए पैसे अपने पास रख लेता था। इस तरह उसने कंपनी के 18 सदस्यों से कुल 6 लाख 10 हजार रुपये की हेराफेरी कर ली। मामले का खुलासा होने के बाद ब्रांच मैनेजर ने इसकी सूचना पोटका थाना पुलिस को दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पोटका थाना प्रभारी मनोज कुमार मुर्मू ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित भावेश लोहरा सरायकेला-खरसावां जिले के कांडरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है और पोटका स्थित भारत फाइनेंस कंपनी में फील्ड एजेंट के रूप में कार्यरत था। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि धोखाधड़ी में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता तो नहीं है।

### कबाड़ी व्यवसायी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम:** जिले के गुवा थाना क्षेत्र में एक कबाड़ी व्यवसायी की हत्या कर शव को बड़े पत्थर से बांधकर कारो नदी में फेंक देने का मामला सामने आया है। रविवार सुबह नदी से शव मिलने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही गुवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कुर्मान शेख (३९) के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा का रहने वाला था और गुवा बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूमकर लोहे का कबाड़ खरीदने का व्यवसाय करता था। वह गुवा थाना क्षेत्र के हिरजीहाटिंग में अपने साथी अल्ताफ शेख के साथ किराये के मकान में रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, अल्ताफ शेख शनिवार दोपहर जनशताब्दी एक्सप्रेस से अपने घर मुर्शिदाबाद के लिए रवाना हो गया था। वहीं, कुर्मान शेख को शनिवार रात करीब आठ बजे तक इलाके में देखा गया था। इसके बाद वह लापता हो गया। रविवार सुबह कारो नदी किनारे लोगों ने उसका शव देखा, जिसे बड़े पत्थर से बांधकर पानी में डुबो दिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने किसी भारी वस्तु या पत्थर से कुर्मान शेख के सिर पर वार कर उसकी हत्या की। इसके बाद पहचान और साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को पत्थर से बांधकर नदी में फेंक दिया गया। हालांकि, हत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मृतक की गतिविधियों के साथ-साथ उसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## खूंटी उप-कारागार में जेल अदालत और स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को खूंटी उप-कारागार में विशेष जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर तथा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विचाराधीन बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना, नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। शिविर में उप-कारागार के 98 पुरुष एवं 11 महिला विचाराधीन बंदियों ने भाग लिया। न्यायिक अधिकारियों ने बंदियों को जेल अदालत की उपयोगिता, न्यायिक प्रक्रिया तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत संचालित विधिक सहायता प्रतिरक्षा परामर्शी (एलएडीसी) प्रणाली के माध्यम से पात्र बंदियों को बिना किसी शुल्क के कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी तथा डीएलएसए के सचिव कमलेश बेहरा ने बंदियों की समस्याएं सुनीं और उनके लंबित मामलों से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया। जेल अदालत के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में एक अभियुक्त के मामले का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जिससे संबंधित बंदी को तत्काल राहत मिली। इस अवसर पर बंदियों को कारागार परिसर में संचालित जेल विधिक सहायता क्लिनिक एवं मुलाकात विधिक सहायता हेल्प डेस्क की भी जानकारी दी गई।

## 60 लाख के जेवरात चोरी कांड का खुलासा गुलगुलिया गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा/इटखोरी :** चतरा पुलिस ने इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में 12 जुलाई को ज्वेलरी व्यवसायी दिलीप सोनी की बाइक की डिक्की से करीब 60 लाख रुपये मूल्य के जेवरात चोरी होने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उड़ीसा के जाखापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दशमनिया गांव निवासी दीपक प्रधान के रूप में हुई है, जो कुख्यात गुलगुलिया गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया गया है। रविवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी चोरी, छिनतई और बाइक की डिक्की से सामान उड़ाने की कई घटनाओं में शामिल रहा है। उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि उसने चतरा जिले के पत्थलगड़ा और जोरी थाना क्षेत्रों में भी ज्वेलरी कारोबारियों को निशाना बनाया था। एसपी ने बताया कि आरोपी दीपक प्रधान ने वारदात को अंजाम देने से पहले कई दिनों तक व्यवसायी की दुकान की रेकी की। वह ग्राहक बनकर दुकान पहुंचा और आधा किलो चोरी का सोना सस्ते दामों में बेचने का प्रस्ताव देकर व्यवसायी का विश्वास जीतने का प्रयास किया। इसी दौरान उसने व्यवसायी की दिनचर्या, आने-जाने का समय और जेवरात ले जाने के तरीके की पूरी जानकारी जुटाई। बाद में सुनियोजित तरीके से बाइक की डिक्की से लाखों रुपये के जेवरात उड़ा लिए। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि इस संगठित गिरोह का सरगना आकाश प्रधान है, जो उड़ीसा से पूरे नेटवर्क का संचालन करता है।



## हजारीबाग का हर्बल गार्डन बनेगा पूरे राज्य के लिए मॉडल, आयुष निदेशक ने दिए विस्तार के निर्देश



प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड सरकार के आयुष निदेशक शशि प्रकाश झा ने हजारीबाग स्थित आयुष विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयुष भवन परिसर में विकसित हर्बल गार्डन एवं बागवानी का अवलोकन कर उसकी सुंदरता, सुव्यवस्थित रखरखाव और औषधीय पौधों के संरक्षण की सराहना की। हर्बल गार्डन को देखकर निदेशक काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस. एन. तिवारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि हजारीबाग का यह हर्बल गार्डन राज्य के अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक मॉडल है। उन्होंने निर्देश दिया कि झारखंड के प्रत्येक जिले एवं प्रत्येक अअट अ वरल्ल - आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष में भी इसी प्रकार का हर्बल गार्डन विकसित किया जाए, ताकि आम लोगों को औषधीय पौधों की जानकारी मिल सके और आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर आयुष विभाग के पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों ने निदेशक श्री शशि प्रकाश झा का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय व्यवस्थाओं, स्वच्छता, औषधीय पौधों के संरक्षण तथा जनहित में संचालित विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी ली और उनके प्रभावी संचालन की सराहना की। निदेशक ने कहा कि आयुष पद्धति के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ औषधीय पौधों का संरक्षण समय की आवश्यकता है। हर्बल गार्डन न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा एवं औषधीय वनस्पतियों के महत्व से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने सदर अस्पताल एवं रइटउल्ल मेडिकल कॉलेज के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इसी प्रकार समर्पित भाव से कार्य करते रहने का आह्वान किया।

## भारत फाइनेंस कंपनी में 6.10 लाख की धोखाधड़ी, फील्ड एजेंट गिरफ्तार

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र में भारत फाइनेंस कंपनी के 18 ग्राहकों से धोखाधड़ी कर 6 लाख 10 हजार रुपये के गबन के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित फील्ड एजेंट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में कंपनी के ब्रांच मैनेजर अमित कुमार केसरी की शिकायत पर पोटका थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार, भारत फाइनेंस कंपनी की आंतरिक जांच के दौरान वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया। जांच में पता चला कि कंपनी में ऋण वितरण और ऋण वसूली का कार्य करने वाला फील्ड एजेंट भावेश लोहरा ग्राहकों को विभिन्न बहानों से झांसा देकर उनसे जमा कराए गए पैसे अपने पास रख लेता था। इस तरह उसने कंपनी के 18 सदस्यों से कुल



6 लाख 10 हजार रुपये की हेराफेरी कर ली। मामले का खुलासा होने के बाद ब्रांच मैनेजर ने इसकी सूचना पोटका थाना पुलिस को दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पोटका थाना प्रभारी मनोज कुमार मुर्मू ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित भावेश लोहरा सरायकेला-खरसावां जिले के कांडरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है और पोटका स्थित भारत फाइनेंस कंपनी में फील्ड एजेंट के रूप में कार्यरत था। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

## हजारीबाग में हम के प्रदेश अध्यक्ष हरेकृष्ण महाराज का भव्य स्वागत, राजकुमार उर्फ बबलू कुशवाहा बने जिलाध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हरेकृष्ण महाराज के हजारीबाग आगमन पर पार्टी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। हजारीबाग परिसदन में रविवार को आयोजित स्वागत समारोह में कार्यकताओं ने बुके भेंट कर एवं फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरेकृष्ण महाराज ने संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को गांव-गांव, पंचायत एवं बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच



निरंतर सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं जनहित के मुद्दों को पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा झारखंड में एक सशक्त राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी। इस अवसर पर संगठन विस्तार के तहत प्रदेश अध्यक्ष ने राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा को हजारीबाग जिला अध्यक्ष मनोनीत कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी तथा दारू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रह चुके हैं। सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को जिले के प्रत्येक प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकताओं के साथ मिलकर लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए पार्टी को जिले में नई पहचान दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) "हम" के जिला अध्यक्ष बनने पर राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा को बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। हजारीबाग प्रवास के दौरान प्रदेश अध्यक्ष हरेकृष्ण महाराज ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों से अवगत कराया। इस दौरान कई लोगों ने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन सचिव शमीम अख्तर, युवा जिलाध्यक्ष कोडरमा नीतीश राज, कासिम रजा, मोहम्मद साबिर, अनमोल साव, मुश्ताक खान, तौहीद खान, अब्दुल कुदुस, राजू प्रसाद, प्रो. भागवत, संजीत पाठक, पुरुषोत्तम राणा, मनोज राम सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की पत्नी के ब्रह्म भोज में शामिल हुए कई विधायक एवं पदाधिकारी दी श्रद्धांजलि



**बड़कागांव :** बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की धर्मपत्नी स्वर्गीय मोलनी देवी की ब्रह्मभोज कार्यक्रम में कई विधायक एवं कई पदाधिकारी शामिल हुए एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। लोगों ने मोलनी देवी के निधन पर गहरा दुख करते हुए शोक व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी , पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ,पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, नंदकिशोर लाल,विनोबा भाई विश्वविद्यालय के कुल सचिव सुरेंद्र कुशवाहा , केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे, हाजी तबस्सुम, तकरी मुला खान, दिनेश सिन्हा, डॉ कीर्ति नाथ महतो,डॉक्टर बालेश्वर ,महतो, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, पूर्व जीप सदस्य टुकेस्वर प्रसाद, कांग्रेस नेता संजय तिवारी, मोहित कुमार ,खेमलाल महतो, दिलीप दांगी, शशि मेहता, पंचम कुमार, प्रवीण कुमार, देवचरण दांगी, जय नारायण प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद ,किशोर कुमार, अलावा सैकड़ो लोग शामिल थे।

### गांगपुर के पास कोयला लदा हाइवा दुर्घटनाग्रस्त चालक बाल-बाल बचा



**गिद्धौर :** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव के समीप मचानिया जंगल के पास रविवार तड़के करीब तीन बजे कोयला लदा एक हाइवा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में चालक को हल्की चोटें आईं, जबकि उसकी जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार हाइवा टंडवा से कोयला लोड कर कटकमसांडी की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित हाइवा सड़क से करीब 10 फीट नीचे जंगल की ओर जा घुसा और पलट गया। दुर्घटना में वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना काफी भयावह थी, लेकिन सौभाग्य से उस समय सड़क पर कोई अन्य वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने रात्रि के समय लंबी दूरी तय करने वाले भारी वाहनों के चालकों से पर्याप्त आराम करने के बाद ही वाहन चलाने तथा पूरी सतर्कता बरतने की अपील की, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### लजन नदी से लावारिस बाइक बरामद, मालिक की तलाश में जुटी पुलिस



**हंटरगंज :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के केंदली गांव स्थित नीलजन नदी से एक लावारिस मोटरसाइकिल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय युवकों की सूझबूझ और जिम्मेदारी के चलते बाइक को सुरक्षित नदी से बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। अब हंटरगंज थाना पुलिस बाइक के असली मालिक का पता लगाने के साथ-साथ पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, केंदली गांव निवासी आदित्य कुमार, गोलू कुमार और विकास कुमार नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर नदी के बीच पड़ी एक मोटरसाइकिल पर गई। तीनों युवकों ने काफी मशक्कत के बाद बाइक को नदी से बाहर निकाला और आसपास के लोगों से उसके मालिक की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने हंटरगंज थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर युवकों ने स्वयं मोटरसाइकिल को हंटरगंज थाना पहुंचाकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद मोटरसाइकिल होंडा कंपनी की 125 सीसी की है, जिसका पंजीकरण संख्या श्रभ 02 ठम 9587 है। पुलिस वाहन के मालिक का पता लगाने के साथ-साथ यह भी जांच कर रही है कि बाइक नदी में कैसे पहुंची। चोरी, सड़क दुर्घटना या किसी अन्य आपराधिक घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक बाइक के मालिक की पहचान नहीं हो सकी थी। हंटरगंज थाना पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस मोटरसाइकिल के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल थाना को सूचित करें, ताकि मामले का शीघ्र खुलासा किया जा सके।

### जेपीएससी घेराव को लेकर भाजयुमो ने बनाई रणनीति, 22 जुलाई को 'रांची चलो' का आह्वान



**गिद्धौर :** भारतीय जनता युवा मोर्चा गिद्धौर प्रखंड की बैठक रविवार को बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 जुलाई को रांची स्थित झारखंड लोक सेवा आयोग कार्यालय के प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम को लेकर आंदोलन की रूपरेखा एवं रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि बबलू कुमार साव ने की। उन्होंने कहा कि श्रेच्छ से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा युवाओं के साथ हो रहे कथित अन्याय के विरोध में यह आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ने और प्रांची चलो, श्रेच्छ घेराव करोष कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि युवाओं के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की जाएगी। इसके लिए प्रखंड स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव, मंडल महामंत्री प्रीतम यादव, उपाध्यक्ष संतोष दांगी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लखन दांगी, शिव कुमार दांगी, अमीर दांगी, भाजयुमो महामंत्री मिथिलेश सिंह, मीडिया प्रभारी नीतीश कुमार, आशीष यादव, विकास यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इटखोरी को चोरकारी पावर ग्रिड और टंडवा को पकरी बरवाडीह ग्रिड से जोड़ने की मांग

**सिमरिया :** झारखंड विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति के सदस्य एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार उज्ज्वल ने राज्य के ऊर्जा विभाग के सचिव को पत्र भेजकर इटखोरी और टंडवा प्रखंड की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी प्रखंड में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इटखोरी को चोरकारी पावर ग्रिड से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।


## जवाबदेही पर निर्भर लोकतंत्र की धुरी

लोकतंत्र की सफलता केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इस बात से भी तय होती है कि सत्ता में बैठी सरकार जनता के प्रति कितनी जवाबदेह है। भारतीय संसदीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यहां सरकार संसद के माध्यम से जनता के प्रति उत्तरदायी होती है। संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं है, बल्कि वह सरकार से प्रश्न पूछने, उसकी नीतियों की समीक्षा करने और प्रशासनिक निर्णयों की जांच करने वाली सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था भी है। इसलिए संसद के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली प्रत्येक जानकारी का सही, पूर्ण और समय पर होना लोकतंत्र की अनिवार्य आवश्यकता है। यदि संसद को अधूरी, भ्रामक या असत्य जानकारी दी जाती है, तो केवल सदन की गरिमा ही प्रभावित नहीं होती, बल्कि लोकतंत्र की पूरी जवाबदेही व्यवस्था कमजोर पड़ जाती है।हाल के दिनों में संसद में दिए गए एक सरकारी वक्तव्य और उसके बाद सामने आए तथ्यों को लेकर व्यापक राजनीतिक और सार्वजनिक बहस हुई है। इस बहस ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न को फिर से सामने ला दिया है कि यदि किसी मंत्री द्वारा सदन में दी गई जानकारी बाद में विवादित हो जाए या तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तो उसकी जांच कैसे होनी चाहिए और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसकी जवाबदेही किस प्रकार तय की जानी चाहिए। यह प्रश्न किसी व्यक्ति या दल विशेष से अधिक लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा हुआ है।

भारतीय संविधान ने संसदीय शासन प्रणाली को अपनाते हुए मंत्रिपरिषद को लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी बनाया है। इसका सीधा अर्थ है कि सरकार के प्रत्येक निर्णय, नीति और प्रशासनिक कार्य का उत्तर संसद के समक्ष देना होगा। प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, स्थायी समितियां तथा विशेषाधिकार समिति जैसी व्यवस्थाएं इसी उद्देश्य से बनाई गई हैं कि कार्यपालिका पर संसद का प्रभावी नियंत्रण बना रहे। यदि सरकार सही और प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराती है, तभी सांसद रचनात्मक बहस कर सकते हैं, नीतियों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सरकार को जवाबदेह बना सकते हैं। संसद में मंत्री का वक्तव्य केवल व्यक्तिगत विचार नहीं होता। वह सरकार और संबंधित मंत्रालय का आधिकारिक पक्ष होता है। इसी कारण संसदीय परंपरा यह मानकर चलती है कि मंत्री द्वारा दी गई जानकारी तथ्यात्मक रूप से सही होगी। सांसद उसी पर भरोसा करके अपनी राय बनाते हैं, बहस करते हैं और निर्णय लेते हैं। यदि इस भरोसे को ठेस पहुंचती है, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया भी प्रभावित होती है।यह सही है कि कभी-कभी प्रशासनिक स्तर पर तथ्य जुटाने में अनजाने में त्रुटियां हो सकती हैं। संसदीय नियमों में ऐसी परिस्थितियों के लिए व्यवस्था भी है। यदि किसी मंत्री को यह ज्ञात होता है कि उनके उत्तर में कोई तथ्यात्मक गलती रह गई है, तो वे सदन की अनुमति लेकर अपने उत्तर में संशोधन कर सकते हैं। यह लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है, क्योंकि इसका उद्देश्य सत्य को स्थापित करना है। लेकिन यदि किसी मंत्री द्वारा जानबूझकर तथ्यों को छिपाया जाए, आधा सच प्रस्तुत किया जाए या सदन को भ्रमित करने का प्रयास किया जाए, तो यह संसदीय मयार्दा और विशेषाधिकार दोनों का गंभीर उल्लंघन माना जाता है। संसदीय विशेषाधिकारों का उद्देश्य किसी व्यक्ति को विशेष सुविधा देना नहीं, बल्कि संसद की गरिमा और उसकी स्वतंत्र कार्यप्रणाली की रक्षा करना है। यदि कोई मंत्री, अधिकारी या अन्य व्यक्ति सदन को गुमराह करता है या उसके कार्य में बाधा डालता है, तो यह विशेषाधिकार हनन का विषय बन सकता है। ऐसे मामलों में अध्यक्ष प्रारंभिक परीक्षण के बाद विषय को विशेषाधिकार समिति के पास भेज सकते हैं। समिति तथ्यों की जांच करती है, संबंधित पक्षों को सुनती है और अपनी रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत करती है। यही प्रक्रिया लोकतंत्र की निष्पक्षता और विश्वसनीयता की पहचान है।

# संसद का मानसून सत्र: हंगामे नहीं, समाधान का संकल्प बने

ललित गर्ग



भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा बल उसकी संसद है। यही वह मंच है जहां देश की आकांक्षाएं, समस्याएं और भविष्य की दिशा तय होती है। संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श, जवाबदेही और जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का सर्वोच्च मंच है। ऐसे में 20 जुलाई से प्रारंभ हो रहा संसद का मानसून सत्र केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता की नई परीक्षा भी है। देश की जनता की अपेक्षा है कि यह सत्र शोर-शराबे, आरोप-प्रत्यारोप और गतिरोध का नहीं, बल्कि सार्थक संवाद, गंभीर बहस और ठोस निर्णयों का सत्र बने। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में संसद के दृश्य लोकतांत्रिक गरिमा की अपेक्षा राजनीतिक टकराव के प्रतीक अधिक दिखाई दिए हैं। सदन में नीति और नीयत पर चर्चा कम तथा नारे, तख्तियां, वेल में प्रदर्शन और कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति अधिक दिखाई देती रही है। संसद का प्रत्येक मिनट जनता के कर से चलता है, इसलिए उसका अनुत्पादक होना केवल संसदीय विफलता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संसाधनों का भी दुरुपयोग है। संसद का उद्देश्य सरकार को घेरना अवश्य है, लेकिन केवल हंगामा खड़ा करना नहीं; उसी प्रकार सरकार का दायित्व केवल बहुमत के बल पर निर्णय लेना नहीं, बल्कि विपक्ष की बात सुनना और संवाद के लिए वातावरण बनाना भी है।

इस बार विपक्ष के पास अनेक ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर वह सरकार को घेरने की तैयारी में है। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, शिक्षा व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, विदेश नीति, सीमा सुरक्षा, धार्मिक स्थलों से जुड़े विवाद, मन्दिरों में चोरी, कर व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया जैसे विषय निश्चित रूप से राष्ट्रीय महत्व के हैं। इन पर संसद में गंभीर चर्चा होना लोकतंत्र की आवश्यकता भी है और जनता का अधिकार भी। लेकिन यदि ये विषय केवल राजनीतिक नारेबाजी का माध्यम बनकर रह जाएं, तो उनका उद्देश्य समाप्त हो जाएगा। संसद में उठाया गया प्रत्येक मुद्दा समाधान की दिशा में बढ़े, यही लोकतांत्रिक परिपक्वता का प्रमाण होगा। विपक्ष लोकतंत्र का अनिवार्य स्तंभ है। उसका दायित्व केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को बेहतर निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना भी है। स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार की आंख और कान दोनों होता है। यदि वह केवल विरोध की राजनीति तक सीमित हो जाए, तो उसकी विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। दूसरी ओर सरकार भी यदि विपक्ष के प्रत्येक प्रश्न को राजनीतिक षड्यंत्र मानकर संवाद से बचती है, तो लोकतंत्र का संतुलन कमजोर पड़ता है। इसलिए सत्ता और विपक्ष, दोनों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा।

मानसून सत्र में यदि शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा होती है तो उसका केंद्र छात्रों का भविष्य होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक लाभ। यदि महंगाई पर बहस हो तो उसका उद्देश्य आम नागरिक को राहत देने वाली नीतियों पर विचार होना चाहिए। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति अथवा सीमा संबंधी विषय उठते हैं तो उनमें दलगत राजनीति के बजाय राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होना चाहिए। संसद की बहस तब सार्थक कही जाएगी, जब उससे नीति निर्माण की दिशा निकले और जनता को यह विश्वास हो कि उसकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार हो रहा है। लोकतंत्र में बहस और असहमति कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। किंतु जब असहमति का स्थान अवरोध ले लेता है और बहस की जगह बहिष्कार आ जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा आहत होती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि संसद को चलाना ही लोकतंत्र की वास्तविक कसौटी है। यह विचार आज पहले से अधिक प्रासंगिक है। संसद का ठप होना किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की हार है।

इस समय देश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। युवाओं को रोजगार चाहिए, किसानों को बेहतर आय की अपेक्षा है, मध्यम वर्ग महंगाई से परेशान है, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की जरूरत है तथा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच भारत को अपनी विकास गति बनाए रखनी है। ऐसे समय संसद से जनता समाधान चाहती है, संघर्ष नहीं। यदि पूरा सत्र केवल राजनीतिक टकराव में बीत गया तो सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिक का होगा, जिसकी आवाज संसद तक पहुंचनी चाहिए। संसद की गरिमा केवल अध्यक्ष की कुर्सी या ऐतिहासिक भवन से नहीं बनती, बल्कि वहां बैठने वाले जनप्रतिनिधियों के आचरण से बनती है। सांसदों को यह स्मरण रखना चाहिए कि वे केवल अपने दल के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि देश की जनता के प्रतिनिधि हैं। संसद में उनका प्रत्येक शब्द और प्रत्येक व्यवहार लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा बनता है। इसलिए व्यक्तिगत आरोपों और कटुता के स्थान पर तथ्यों, तर्कों और नीति आधारित विमर्श को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी का यह दावा रहा है कि वह विकास, सुशासन और नीति आधारित राजनीति में विश्वास रखती है। यदि ऐसा है तो उसे विपक्ष द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण प्रश्नों का तथ्यात्मक उत्तर देने में संकोच नहीं होना चाहिए। वहीं विपक्ष को भी यह समझना होगा कि केवल नारे लगाने अथवा कार्यवाही बाधित करने से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। उसे वैकल्पिक नीतियां, ठोस सुझाव और रचनात्मक आलोचना प्रस्तुत करनी होगी। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की सफलता संसद की सफलता से जुड़ी होती है। आज सूचना क्रांति के युग में जनता सब कुछ देख और समझ रही है। संसद में कौन बहस कर रहा है, कौन केवल राजनीतिक प्रदर्शन कर रहा है और कौन जनहित के प्रश्न उठा रहा है, इसका मूल्यांकन मतदाता स्वयं करता है। इसलिए अब केवल प्रतीकात्मक राजनीति से काम नहीं चलेगा। जनप्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ करना होगा। दार्शनिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि संसद राष्ट्र के विवेक की आवाज होती है। यदि यही विवेक शोर में दब जाए तो लोकतंत्र का मार्ग भी धुंधला पड़ जाता है। इसलिए मानसून सत्र को ऐसे अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, जहां सत्ता और विपक्ष मिलकर यह संदेश दें कि लोकतंत्र की असली शक्ति संवाद, सहमति और सार्थक बहस में निहित है।

किसी भी आदर्श एवं मजबूत लोकतंत्र की अपेक्षा है विपक्ष का समक्ष एवं सकारात्मक सक्रिय होना। क्योंकि विपक्ष लोकतंत्र की आंख है। लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए, तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। जनता का दबाव ही विपक्ष को सद्बुद्धि दे सकता है। जब जनता यह स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुपता की राजनीति कर रहा है? मीडिया को चाहिए कि वह हंगामे को महिमामंडित करने के बजाय, नीति और तर्क आधारित बहस को आगे बढ़ाए। संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशा विहीन हो जाए, तो वह कमजोरी बन जाता है। आज जरूरत है कि संसद की गरिमा को पुनर्स्थापित किया जाए, विपक्ष अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाए और सरकार भी अहंकार छोड़कर संवाद को अवसर दे। संसद यदि सचमुच ह्ललोक का मंदिरह्व है, तो वहाँ केवल सत्ता की पूजा नहीं, लोकमंगल की बात होनी चाहिए, यही मानसून सत्र से बड़ी अपेक्षा है।

इस सत्र में संसद का समय नीति निर्माण में ही लगे, वहां कार्यवाही स्थगित न हो। जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों एवं उद्देश्यों को लेकर चुने जाते हैं, वे उन मुद्दों एवं उद्देश्यों पर खरे साबित हो।

## सूडोकु नवताल- 7861

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7860 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# श्रीकृष्ण को लेकर टिप्पणी और इस्लाम की राजनीतिक आकांक्षाएं

हृदयनारायण दीक्षित

सामान्य झूठ जब कब चलता ही रहता है, लेकिन इतिहास के तथ्यों को नकारते हुए महाझूठ बोलने की ताजी घटना काफी चर्चा में है। मौलाना जरजिस अंसारी ने झारखंड में एक कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण को पक्का मुसलमान बताया और उन्हें 5 वक्त का नमाजी भी बताया। इस टिप्पणी को लेकर एक एफआईआर लखनऊ के हजरतगंज कोतवाली में दर्ज हुई है। इस बयान में महाझूठ का सहारा लिया गया है। वीडियो वायरल होने से खबर सब तरफ फैल गई है लेकिन अधिकांश लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। ठीक बात है इस टिप्पणी को गंभीरता से लेने की कोई आवश्यकता भी नहीं। इसी बहाने श्रीकृष्ण को पक्का मुसलमान बताने के दावों की तहकीकात व थोड़ी-सी पड़ताल जरूरी है। भारत में इस्लाम आठवीं शताब्दी में मोहम्मद बिन कासिम के हमले के साथ आया। इस्लाम का उदय ही सातवीं शताब्दी में हुआ था। महाभारत युद्ध का काल कम-से-कम तीन हजार साल पुराना है। महाभारत का युद्ध कौरवों और पाण्डवों के बीच लड़ा गया था। युद्ध भूमि में कौरव और पाण्डव आमने-सामने थे। श्रीकृष्ण इस युद्ध में पाण्डवों के पक्षधर होकर प्रकट हुए। उन्होंने युद्ध में हिस्सा नहीं लिया। विषादग्रस्त अर्जुन को तत्वज्ञान, कर्मयोग और राष्ट्रधर्म की शिक्षा दी थी।

श्रीकृष्ण के समय इस्लाम का जन्म भी नहीं हुआ था। मौलाना किस आधार पर उन्हें सच्चा नमाजी बता रहे हैं। इस्लाम की व्याख्या इस आलेख का विषय नहीं है। मौलाना के वक्तव्य से पता चलता है कि उन्होंने गीता का कम-से-कम एक श्लोक पढ़ा है और उसी को आधार बनाकर श्रीकृष्ण को पक्का मुसलमान बताने की कोशिश की है। इस्लाम की राजनीतिक आकांक्षाएं बड़ी हैं। धर्मांतरण कराकर अपनी संख्या बढ़ाना उनके यहां पवित्र माना जाता है। मौलाना ने इसी तर्ज पर श्रीकृष्ण को भी धर्मांतरित कर लिया है। वे खुश हैं कि गीता दर्शन के वक्ता श्रीकृष्ण भी धर्मांतरित किए जा रहे हैं। हिन्दू अपने देवताओं के प्रति सजग आस्था रखते हैं। बहुत संभव है कि कोई और मौलवी श्रीराम और हनुमान को भी पक्का नमाजी बताने लगे। इस दृष्टि से मौलाना का वक्तव्य महत्वपूर्ण है। मौलाना ने अपनी बात के समर्थन में श्रीमद्भगवद्गीता के छठे अध्याय के दसवें श्लोक का हवाला देकर कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण पांचों वक्त की नमाज पढ़ते हैं। मूलभूत प्रश्न है कि जब इस्लाम था ही नहीं तब इबादत की बात कहाँ से आई।

गीता में कई विचार हैं। भक्ति है। योग है। सन्यास है और प्रत्यक्ष भौतिकवाद भी है लेकिन योगी की प्रतिष्ठा उल्लेखनीय है। श्रीकृष्ण योग साधना की प्रशंसा करते हुए साधना की विधि भी बताते हैं। मौलाना द्वारा इस्तेमाल किए गए छठवें अध्याय के दसवें श्लोक में श्रीकृष्ण योग की विधि बताते हैं। योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः। एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः ।। (6.10) बताते हैं, योगी को एकांत में रहकर स्वयं को एकाग्र करते हुए सतत आत्मवान होना चाहिए। उसे सभी इच्छाओं और संग्रही भाव से मुक्त रहना चाहिए। (वही 10) यहां योग विज्ञान की सुस्पष्ट झांकी है। मूल श्लोक का सततम्ह्य शब्द ध्यान देने योग्य है। योग अभ्यास निरंतर साधना से ही सफल होता है। यहां सततम् का अर्थ गहन निरंतरता है। इसी तरह ह्यनिराशीह्य का अर्थ हारा हुआ निराश व्यक्ति नहीं है। वह योग के प्रति गहन आशा से परिपूर्ण लेकिन सांसारिक इच्छाओं के प्रति बोधपूर्वक निराशा है। आशा बहुमूल्य धारणा है। आशा में स्वयं के प्रति विश्वास होता है, अस्तित्व के प्रति भरोसा रहता है। ईश्वर या परमात्मा की आस्था वाले लोगों की आशा और भी बेहतर होती है, उन्हें परमात्मा पर विश्वास होता है।

गीता में ज्ञान और विज्ञान दोनों का विश्लेषण है। विज्ञान अस्तित्व के गूढ़ नियमों की जानकारी देता है और ज्ञान स्वयं का बोध है। दोनों की सम्यक जानकारी और योग की साधना सांसारिक फलों के प्रति निराशी बनाती है और आत्मबोध के प्रति भरपूर आशा जगाती है। गीता का योग सहज है। सतत आत्मवान होना और निराशी भाव से युक्त होना इसकी सामान्य भूमिका है।

गीता का अधिकांश हिस्सा योग प्रधान है। यहाँ सूक्ष्म विश्लेषण वाला सांख्य दर्शन भी साख्य योग है। भक्ति योग है। कर्मयोग भी है। योग परिपूर्ण विज्ञान है। विज्ञान का कोई पंथ, मत, मजहब नहीं होता। यहाँ भाव और बिना जाने विश्वास का कोई स्थान नहीं होता। दर्शन वैज्ञानिक निष्कर्षों का सहयोग लेता है। विज्ञान से आगे निकल जाता है। दर्शन वैज्ञानिक निष्कर्षों का सहयोग लेता है। विज्ञान जहाँ विश्रांत होता है, दर्शन वहीं से कुलांचे भरता है, अज्ञात में भी छलांग लगाता है। विज्ञान और दर्शन में दूरी बनी रहती है। आस्था और तर्क भी साथ-साथ नहीं चलते पर भारतीय द्रष्टा ऋषियों ने कमाल किया है। योग विज्ञान में विज्ञान और दर्शन गलबहियाँ डालते हैं, साथ-साथ चलते हैं। भारतीय योग अनुभूत दर्शन है और विज्ञान भी है। यह परिपूर्ण व्यवहार शास्त्र है। यहाँ अनुभव का विज्ञान है और अनुभूति का दर्शन है। यहाँ राग विराग और मायामोह के अवसर नहीं हैं। जानो, करो, देखो, समझो। योग प्रत्यक्ष दर्शन है।

योग आनंद का विज्ञान है। दुख और तनाव सम्पूर्ण विश्व की समस्या है। मनुष्य चित्त रहस्यपूर्ण संरचना है। यह द्रव्य नहीं है, वरना विज्ञान की पकड़ में आ जाता। यह मनुष्य शरीर का सूक्ष्मतम मगर अदृश्य हिस्सा है। मन ही सुख और दुख के अनुभव करता है। यूरोपीय दृष्टि में दुख का कारण आर्थिक अभाव है। भोग सुख है, ज्यादा भोग ज्यादा सुख हैं। भारतीय दर्शन में दुख का कारण अविद्या अज्ञान हैं। भोग सुख नहीं देते, ज्यादा भोग और ज्यादा लोभ देते हैं। लोभ में बाधा से क्रोध आता है। क्रोध बुद्धिनाशी है। बुद्धिनाश से स्मृतिक्षय होती है। मनुष्य तनावग्रस्त होता है। गीता सुख-दुख मुक्त जीवन दर्शन देती है। गीता का योग-दर्शन अनूठा है।

मौलाना को मलाल होगा कि इस्लामी इतिहास में श्रीकृष्ण जैसा नायक नहीं है। हो भी नहीं सकता था। देवता सभी सभ्यताओं में हैं लेकिन ज्यादातर देवता उदास हैं। श्रीकृष्ण नाचते देवता हैं। युद्धभूमि में जाते हैं लेकिन युद्ध में हिस्सा नहीं लेते। मित्र अर्जुन का विषाद प्रसाद बनाते हैं। भारत में योग की हजारों विधियां थीं। पतंजलि के योग सूत्रों में योग विज्ञान का दर्शन है। गीता में योग साधना के सभी आयामों पर प्रकाश डाला गया है। मौलाना को चाहिए कि वो गीता का पाठ करें और गीता का वास्तविक अर्थ समझने का प्रयास करें। गीता के अंतिम अध्याय में मानने या न मानने की छूट दी गई है। गीता (अध्याय 18) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि, यह गुप्त और योग ज्ञान हमने तुझे विस्तार से बताया है।

# सिंधु सभ्यता पर पाकिस्तान का दावा, कहीं छिपा एजेंडा तो नहीं?

कौशल मूंदड़ा

सिंधु सभ्यता को लेकर पाकिस्तान द्वारा हाल ही में अपनाए जा रहे रुख ने भारत के इतिहासकारों, पुराविदों और सांस्कृतिक विरासत के विशेषज्ञों के बीच गंभीर चिंता पैदा कर दी है। यदि समय रहते इस विषय पर तथ्याधारित अंतरराष्ट्रीय विमर्श नहीं हुआ तो यह विवाद केवल सांस्कृतिक दावेदारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विश्व इतिहास की सबसे प्राचीन नगरीय सभ्यताओं में से एक के स्वरूप, नाम और ऐतिहासिक व्याख्या को प्रभावित करने का प्रयास भी बन सकता है।

किसी भी प्राचीन सभ्यता का मूल्यांकन आधुनिक राजनीतिक सीमाओं के आधार पर नहीं किया जा सकता। सिंधु सभ्यता का विकास उस समय हुआ था, जब न भारत एक आधुनिक राष्ट्र-राज्य था और न ही पाकिस्तान का अस्तित्व था। इसलिए किसी वर्तमान राष्ट्र द्वारा उस पूरी सभ्यता पर विशिष्ट स्वामित्व का दावा करना इतिहास की स्थापित पद्धति के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

पाकिस्तान लंबे समय से मोहनजोदड़ो और हड़प्पा जैसे अपने भूभाग में स्थित पुरास्थलों को राष्ट्रीय विरासत के रूप में प्रस्तुत करता रहा है, जो स्वाभाविक भी है। किंतु हाल के वर्षों में जिस प्रकार पांच हजार वर्ष पुराना पाकिस्तान जैसी अवधारणाओं को बढ़ावा दिया गया है तथा सिंधु सभ्यता को पाकिस्तान की ऐतिहासिक पहचान के मूल आधार के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास दिखाई दिए हैं, उन्होंने नई बहस को जन्म दे दिया है। जबकि, पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान का अस्तित्व ही सन् 1947 से है।

इस विषय पर चिंतन की आवश्यक इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान पिछले कुछ समय से लगातार ऐसे बयान जारी कर रहा है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करने की घोषणा के बाद 2025 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान ने ह्यइंडसह्ण विरासत को राष्ट्रीय पहचान से जोड़ने वाले अभियानों को गति देना शुरू कर दिया। जून 2026 में सिंधु जल संधि विवाद के समानांतर पाकिस्तान ने सिंधु सभ्यता को अधिक प्रमुखता से प्रस्तुत करना शुरू किया। हाल ही, जुलाई 2026 में इस्लामाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में सिंधु जल और सांस्कृतिक विरासत के मुद्दे को साथ रखकर भारत की आलोचना की गई। इतिहास को समझने के लिए केवल वर्तमान मानचित्र पर्याप्त नहीं होते। समय के साथ कई नगरों, नदियों, क्षेत्रों और सांस्कृतिक केंद्रों के नाम बदलते रहे हैं। यदि इन परिवर्तनों को ऐतिहासिक संदर्भ से अलग कर देखा जाए तो आने वाली पीढ़ियों के सामने इतिहास की वास्तविक निरंतरता धुंधली पड़ सकती है।

जो विद्यार्थी और शोधार्थी इतिहास विषय के हैं, वे प्राचीन नामों और उनके आधुनिक रूपों का अध्ययन करते हैं, किंतु इतिहास से इतर विषयों के अधिकांश विद्यार्थियों के लिए यह जानकारी नई हो सकती है कि आज की नीलम घाटी प्राचीन ग्रंथों में किशनगंगा के नाम से वर्णित है और आज का काबुल भारतीय प्राचीन ग्रंथों में कुबा के नाम से अपना स्थान रखता है। श्रीनगर स्थित शंकराचार्य मठ का पर्वत आज तख्त-ए-सुलेमान के नाम से भी जाना जाता है। इसी तरह, लायलपुर आज फैसलाबाद कहलाता है। सांकल का वर्तमान नाम सियालकोट है। वितस्ता का आधुनिक नाम झेलम है। आस्किनी आज चिनाब कहलाती है। प्राचीन हरिरुद को आज हेलमंड के नाम से जाना जाता है। गांधार का आधुनिक रूप कंधार है। वराहमूल आज बारामूला कहलाता है।

नामों के इन परिवर्तनों को समझे बिना प्राचीन ग्रंथों और पुरातात्विक साक्ष्यों का समुचित अध्ययन संभव नहीं है। यही कारण है कि किसी सभ्यता की पहचान को केवल आधुनिक नामों और वर्तमान राजनीतिक सीमाओं के आधार पर परिभाषित करना ऐतिहासिक दृष्टि से अधूरा माना जाता है। वरिष्ठ पुरातत्वविद व साहित्य संस्थान के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. जीवन सिंह खरकवाल कहते हैं कि सिंधु सभ्यता का विस्तार वर्तमान पाकिस्तान, भारत तथा अफगानिस्तान के कुछ भागों तक था। इसके प्रमुख नगर मोहनजोदड़ो और हड़प्पा आज पाकिस्तान में स्थित हैं, जबकि धोलावीरा, राखीगढ़ी, लोथल, कालीबंगन, बनावली सहित 900 से अधिक महत्वपूर्ण पुरास्थल भारत में हैं, जबकि पाकिस्तान में 600 ही हैं। ज्ञात पुरास्थलों की संख्या के आधार पर भी भारत का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उनका मानना है कि यह सभ्यता किसी एक आधुनिक राष्ट्र की नहीं, बल्कि पूरे उत्तर-पश्चिम भारतीय उपमहाद्वीप की साझा सांस्कृतिक विरासत है। चिंता केवल इस बात तक सीमित नहीं है कि पाकिस्तान अपने भूभाग में स्थित पुरास्थलों को प्रचारित कर रहा है। उनकी वास्तविक चिंता यह है कि कहीं यह प्रयास धीरे-धीरे इतिहास की नई व्याख्या स्थापित करने की दिशा में तो नहीं बढ़ रहा। सभ्यता अध्ययन केन्द्र नई दिल्ली के सह निदेशक डॉ. विवेक भटनागर का मत है कि यदि किसी सभ्यता की उत्पत्ति, उसके सांस्कृतिक आधार और उसके भौगोलिक विस्तार को क्रमशः नए राजनीतिक आख्यानों के अनुरूप प्रस्तुत किया जाने लगे, तो भविष्य में अंतरराष्ट्रीय विमर्श प्रभावित हो सकता है। इसी कारण वे इस विषय को गंभीरता से लेने की आवश्यकता पर बल दे रहे हैं। इतिहास में कई उदाहरण ऐसे मिलते हैं, जहां लंबे समय तक दोहराए गए राजनीतिक आख्यान बाद में सामान्य धारणा का रूप ले गए। इसलिए सिंधु सभ्यता जैसे वैश्विक महत्व के विषय पर तथ्यात्मक और प्रमाण-आधारित विमर्श अत्यंत आवश्यक है।

## दैनिक पंचांग

20 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | कर्क | 05.11 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 07.31 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 09.43 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 11.54 बजे से |
| गुरु | कर्क में | वृश्चिक | 14.08 ब.से |
| शुक्र | सिंह में | धनु | 16.24 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 18.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 20.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 21.49 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मेष | 23.19 बजे से |
| | | वृष | 00.59 बजे से |
| | | मिथुन | 02.58 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 201 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 04.03 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 19.10 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 18.37 बजे को समाप्त।
**करण** गर 15.41 बजे तदनन्तर वणिज 04.03 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 42'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872776
**जूलियन दिन** 2461241.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### टोटो की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के बिजली घाट काली मंदिर के पास रविवार को टोटो की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला बिजली घाट के रहने वाले सनोज पासवान की पत्नी दुलाली देवी (35) है। परिजनों ने बताया कि महिला किसी काम के सिलसिले से जा रही थी। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार टोटो ने जोरदार धक्का मार दिया। इसमें महिला के पीछे तरफ कंधा में गंभीर रूप से चोट लगी है। वहीं महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बरहेट के छूछी गांव में महिला को सांप ने काटा, हालत नाजुक

**साहिबगंज:** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के छूछी गांव निवासी 28 वर्षीय गोदा मुर्मू को रविवार करीब 3:30 बजे घर में लकड़ी उठाने के दौरान जहरीले सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहेट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार, सांप के काटने के कुछ ही देर बाद गोदा मुर्मू की तबीयत बिगड़ गई और वह मूर्छित हो गईं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने तुरंत उनका उपचार शुरू किया। खबर लिखे जाने तक उनका इलाज जारी था तथा चिकित्सक उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए थे।

### आपसी विवाद में हुए मारपीट में चार घायल

**साहिबगंज:** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में बीते रात आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार अंजली देवी (31) दूसरे पक्ष के महेश महतो (35), गंगासागर (45), और 12 वर्षीय शिवम के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों पक्षों के घायलों को उनके परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल लगाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर सादिक अंसारी के द्वारा इलाज किया गया। घटना की सूचना रात में ही संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत

**साहिबगंज :** राधानगर थाना पुलिस ने एक आपराधिक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राधानगर थाना कांड संख्या 259/26, दिनांक 19 जुलाई 2026, भारतीय न्याय संहिता की धारा 87, 96, 351(2) एवं 3(5) के तहत दर्ज मामले में नामजद अभियुक्त अभिनन्दन कुमार मंडल, पिता दिलीप मंडल, निवासी खुटहरी टोला, बेगमगंज, थाना राधानगर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश के आलोक में उसे न्यायिक हिरासत में उपकारा राजमहल भेज दिया गया। राधानगर थाना पुलिस ने बताया कि मामले में अनुसंधान जारी है तथा कानून के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## साहिबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, स्वास्थ्य जांच एवं पुनर्वास योजनाओं की दी गई जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज द्वारा साहिबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत, स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत ने उपस्थित बंदियों को उनके विधिक अधिकारों तथा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से नालसा की स्पर्श योजना, 2025 के अंतर्गत प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास तथा रिहाई उपरांत उन्हें रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। साथ ही बंदियों के परिजनों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बंदियों को समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा भविष्य में अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सचिव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल विधिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि बंदियों के सामाजिक पुनर्वास एवं सम्मानजनक जीवन की पुनर्स्थापना सुनिश्चित करना भी है। शिविर के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अरविन्द गोयल एवं उनकी टीम द्वारा ऐसे बंदियों की पहचान की गई, जिनके मामलों में अब तक अधिवक्ता नियुक्त नहीं किए गए हैं और शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, बंदियों को उनके वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया, जिससे वे अपने मामलों की प्रगति से अवगत हुए।

## सीएचसी में धूल फांक रहे दांत के इलाज में उपयोग होने वाले मशीन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के बोरियो सीएचसी में दंत चिकित्सा में उपयोग होने वाली मशीन धुल फांक रही है। मशीन यूं बेकार पड़ी है। कुछ उपकरण है और कुछ खराब है। वैक्यूम पंप एवं एयर कंप्रेसर खराब है। जांच कीट फिलिंग इंस्ट्रूमेंटस नहीं है। एक्स-रे मशीन आरभीजी सेंसर खराब है। ग्रामीणों ने डेंटल उपकरण चालू करने की मांग की है। सीएचसी प्रभारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि डेंटल उपकरण की कमी एवं आवश्यक उपकरण के साथ टेकनेशियन की मांग की गयी है। सीएस को पत्र लिखा गया है। दांत के ईलाज के लिए क्लिनिक में बेसिक से एडवांस तक अलग-अलग मशीन और उपकरण चाहिए होते हैं। ईलाज के टाइप के हिसाब से सेटअप बदलता है। बेसिक जनरल डेंटिस्ट्री के लिए जरूरी उपकरण होते हैं। डेंटल चेयर यूनिट, डेंटल माइक्रो मोटर, स्केलर मशीन, क्योरिंग लाइट, ऑटोक्लेव, एक्स-रे मशीन एवं आरभीजी सेंसर (दांत का अंदर का फोटो लेने के लिए) वैक्यूम पंप एयर कंप्रेसर, बेसिक हैंड इंस्ट्रूमेंट्स, जांच कीट, फिलिंग इंस्ट्रूमेंट्स-कैविटी भरने के लिए, एक्सट्रैक्शन फोर्सेप्स एलीवेटर दांत निकालने के लिए मशीन/उपकरण आरसीटी रूट कैनाल-रोटरी एंडो मोटर, एपेक्स लोकेटर, ऑटोक्लेवेबल फाइल्स आर्क वायर कटर, प्लायर सेट, बांडिंग लाइट, इम्प्लांट मोटर, फिजियो डिस्पेंसर, सर्जिकल किट चाहिए।

## अमड़ापाड़ा में भाजपा की प्रमंडलीय बैठक में संगठन विस्तार और बूथ सशक्तिकरण पर मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत बाजार स्थित आरएस प्लेस होटल के सभागार में रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संथाल परगना प्रमंडल के मंडल प्रवासी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पाकुड़, दुमका और साहिबगंज जिले के जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण अभियान और कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार बूथ स्तर का संगठन है। इसलिए प्रत्येक बूथ को सक्रिय एवं सशक्त बनाना सभी कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं से नियमित रूप से जनसंपर्क अभियान चलाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गांव-गांव तक विस्तारित करने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी रणनीतिक चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी तालमेल और सामंजस्य के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करें तथा जनता के बीच सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। साथ ही बूथ स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर चुनावी तैयारियों को गति देने पर बल दिया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक अनंत ओझा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद तथा प्रदेश महामंत्री कृष्णा महतो ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, अनुशासन और टीम भावना को पार्टी की सफलता का आधार बताते हुए सभी कार्यकताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठनात्मक दायित्व निभाने का आह्वान किया। बैठक में पाकुड़, दुमका एवं साहिबगंज जिलों के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रवासी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाई स्पीड 18 चक्का ट्रेलर की चपेट में आने से राहगीर की मौत, सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** शनिवार के रात्रि 8.30 के करीब कोटालपोखर थाना अंतर्गत चौरा मोड़ के पास सफाक हादसे में एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गयीं। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार चौरामोड़ निवासी राजकुमार बेहरा घर जा रहा था उसी वक़्त एक खाली ट्रेलर 18 चक्का, जिसका नम्बर डब्ल्यू.बी 65 जी 3717 तेज गति से हिरनपुर की ओर जा रहे थे। चालक अपने गति को नियंत्रण नहीं कर पाए और गाड़ी राहगीर राजकुमार बेहरा को दबाते हुए निकल गए। सड़क हादसे को देखते ही गांव वाले ने ट्रेलर का पीछा करते हुए करीब घटनास्थल से दो किलोमीटर के दुरी पर गाड़ी को पकड़ लिया जबकि ड्राइवर भागने में सफल रहा। गांव वाले ने किसी तरह खाली ट्रेलर को चौड़ा मोड़ घटनास्थल के निकट लेकर आ गए। सड़क हादसे की खबर तुरंत आसपास के गांव में फैल गया और गांव वाले ने कोटालपोखर-हिरणपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। खबर मिलते ही कोटालपोखर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझाने बुझाने का काम किया तब तक पुलिस निरक्षक बरहरवा, रांगा थानाप्रभारी अखिलेश कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित सिंह ने पुरे दल-बल के साथ पहुंचकर मामले को सुलझाने का कोशिस कर रहे है। अभी भी गांव के लोगों के द्वारा कोटालपोखर हिरनपुर मुख्य मार्ग को जाम किया हुआ है। लोगो का कहना है की कोटालपोखर थाना क्षेत्र से खाली गाड़ी को पुरे तेज गति से ले जाया जाता है, जिससे हमेशा सड़क हादसे का खतरा बना रहता है,अगर गांव के लोग इसका बिरोध करते है तो चालको के द्वारा ग्रामीणों को मारपीट पर उतारू हो जाता है। पुलिस-प्रशासन के तरफ से मृतक के शरीर को दाह संस्कार के लिए एक लाख रुपए की मदद की गयीं ताकि दाह संस्कार किया जाए। तब जाकर जाम हटा। गाड़ी मालिक के तरफ से जो गाड़ी का एक्सीडेंटल क्लेम मिलेगा उसे मृतक के परिवार को दे दिया जायेगा।

## चार वर्षों से जली झोपड़ी में रह रहे दिव्यांग सोनू को मिली राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के तालझारी प्रखंड अंतर्गत वृंदावन पंचायत क्षेत्र के केंदुआ गांव के निवासी दिव्यांग सोनू सोरेन की मदद के लिए दिव्यांग फाउंडेशन आगे आया। चार वर्ष पूर्व आग लगने से उनका आशियाना पूरी तरह जलकर राख हो गया था। घटना के बाद उन्हें सरकारी सहायता का आश्वासन तो मिला,लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बावजूद किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका। आगे दिव्यांग सोनू के दादा विलियम सोरेन ने बताया कि घर जलने के बाद से वह जले हुए मकान के समीप तिरपाल और छोटी-सी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। दिव्यांग होने के साथ-साथ आर्थिक तंगी ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है,जिससे उनका जीवन बेहद कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा है।पीड़ित की स्थिति की जानकारी मिलने पर दिव्यांग फाउंडेशन के सर्वे कर्मी विष्णु कर्मकार की पहल पर जिला कोऑर्डिनेटर थॉमस किस्कू के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम उनके घर पहुंची टीम ने सोनू सोरेन को चावल, दाल, चूड़ा, साबुन चटाई सहित अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक व्हीलचेयर भी भेंट की। इस अवसर पर दिव्यांग फाउंडेशन के सर्वे कर्मी विष्णु कर्मकार ने कहा कि दिव्यांग फाउंडेशन का उद्देश्य ही जरूरतमंद एवं ग्रामीण इलाकों के असहाय दिव्यांगजनों तक हरसंभव सहा यता पहुंचाना है। वहीं जिला कोऑर्डिनेटर थॉमस किस्कू ने कहा कि फाउंडेशन आगे भी ऐसे जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर उन्हें हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराता रहेगा तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भी प्रयास करेगा।

# बोकारो में जेएलकेएम आदिवासी मोर्चा मिलन समारोह, पाकुड़ की रही सशक्त भागीदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** बोकारो स्थित प्रजापति भवन में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) मोर्चा की ओर से मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष रमेश हेंब्रम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डुमरी विधायक एवं जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे तथा संगठन के विस्तार और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पाकुड़ जिला का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ नेता मार्क बास्की के नेतृत्व में शामिल हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष संगठन विस्तार, जनहित के मुद्दों और पाकुड़ जिले की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान कार्यकताओं ने संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

अपने संबोधन में मार्क बास्की ने कहा कि पाकुड़ संथाल परगना का एक पिछड़ा जिला है, जहां आज भी कई मूलभूत समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने लगभग 350 किलोमीटर की यात्रा कर कार्यक्रम में भाग लिया, जो संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण को दशार्ता है। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के गठन और उसके विस्तार की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आदिवासी समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टाइगर जयराम कुमार महतो ने पाकुड़ से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि मार्क बास्की केवल एक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि पूरे पाकुड़ जिले की जनता की आवाज और कार्यकताओं की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे हैं। उन्होंने संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और सक्रिय भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्हें गमछा और माला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में केंद्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोज मरांडी, विष्णु पहाड़िया, शिव कुमार मुर्मू, गोल्डन हांसदा, महेंद्र मरांडी, विकास मुर्मू, इलियास मुर्मू, चरण माड़िया, इलियास हांसदा, कार्तिक पहाड़िया, जहांगीर अंसारी, मार्टिन बास्की, दानियल बेसरा, थॉमस पहाड़िया, चूड़का मुर्मू, मार्शल बास्की, प्रेम सहित पाकुड़ जिले के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसआईआर अभियान में कोई पात्र मतदाता न छूटे बूथ स्तर तक संगठन को करें मजबूत : विधायक



**लिट्टीपाड़ा :** पाकुड़ जिले के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) लिट्टीपाड़ा प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को गुतु गलांग में प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने कार्यकताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गंभीरता से संचालित करने का निर्देश दिया। विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि एसआईआर अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लोगों को जागरूक करें तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में विधायक ने संगठन विस्तार पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को सशक्त बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा गांव-गांव में संगठन की सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की समस्याओं और आवाज को प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंचाने का माध्यम बनता है। बैठक में झामुमो के जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष समद अली, प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नम आंखों से मां बिपद्तारिणी को दी विदाई



**साहिबगंज :** शहर के बंगाली टोला स्तिथ दुर्गा मंदिर प्रांगण से रविवार दोपहर बाद मां बिपदतारिणी को विदा किया गया। बंगाली समुदाय की महिलाओं ने मंदिर में मां को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला और नम आंखों से स्थान से विदा किया। वही धूमधाम से माँ बिपदतारिणी की प्रतिमा विसर्जन गाजे बाजे व ढाक के साथ स्थान से निकलकर बंगाली टोला, तिलकधारी कुआं पथ, बाटा रोड, गाँधी चौक, बड़ी धर्मशाला चौक, चौक बाजार, स्वामी विवेकानंद चौक, पटेल चौक, स्टेशन चौक, कृष्ण नगर, बड़तल्ला स्ट्रीट, घाट रोड होते हुए स्थानीय गंगा तट पहुंचकर माँ बिपद्तारिणी को नम आंखों से विदा किया। मौके पर समिति सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### पुलिस ने न्यायालय से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** जिले के तीनपहाड़ थाना पुलिस ने माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजमहल के एस.टी. नंबर 162/2017 के अभियुक्त सक्रुद्दीन अंसारी उर्फ सक्रू, पिता अब्दुल रहमान अंसारी, निवासी ग्राम पोखरिया, थाना तीनपहाड़, जिला साहिबगंज को किया गिरफ्तार, वहीं गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई।

### पाकुड़ के लाल ने एआईबीई-एक्सएक्सआई परीक्षा में हासिल की सफलता

**पाकुड़ :** जिले के लिए गर्व का क्षण आया है। सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पृथ्वी नगर गांव निवासी हक साहेब ने अखिल भारतीय अधिवक्ता परीक्षा (एआईबीई-एक्सएक्सआई) उत्तीर्ण कर अपने परिवार, गांव और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही घर में जश्न का माहौल बन गया। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। हक साहेब की यह सफलता क्षेत्र में कानून की पढ़ाई कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। हक साहेब की गिनती शुरू से ही मेधावी छात्रों में होती रही है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अंजना हाई स्कूल से प्राप्त की, जहां 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उन्होंने स्कूल टॉप 10 में स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट की पढ़ाई उन्होंने जिदातो इंटरमीडिएट कॉलेज, पाकुड़ से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। इसके बाद केकेएम कॉलेज, पाकुड़ से राजनीति विज्ञान प्रतिष्ठा में स्नातक किया और कॉलेज में टॉप-7 में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा साबित की। उच्च शिक्षा के लिए वे बिहार के मुंगेर विश्वविद्यालय गए, जहां से उन्होंने एलएलबी की डिग्री हासिल की। वहां बीएसआईएलएस कॉलेज में टॉप-20 में स्थान प्राप्त कर उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया और गौरव के साथ अपने गृह जिला लौटे। पिता अनारूल शेख और माता गोलमा बीवी ने कहा, बेटे की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। अल्लाह ने हमारी मेहनत और दुआओं को कबूल किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद हक साहेब ने कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। हक साहेब ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, सीनियर अधिवक्ता शकील अहमद, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य एक सफल अधिवक्ता बनकर संविधान के दायरे में रहकर हर जरूरतमंद को सत्य, न्याय और कानून की सेवा देना है। इधर, जिले के शिक्षाविदों और जनप्रतिनिधियों ने भी हक साहेब की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे समूचे पाकुड़ जिले के लिए गौरव का विषय बताया है।

### धारदार हथियार से पत्नी व सास को मारकर किया घायल



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला में रविवार की देर शाम एक व्यक्ति ने मामूली बात पर अपनी पत्नी व सास को धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर डॉ. आसिफ ने रुखसाना खातून (30) को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।जबकि सास मजिदा खातून सदर अस्पताल में भर्ती है। घायल रुखसाना का भाई ने अपने जीजा मो. शरीफ पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए बताया कि किसी बात को लेकर शाम में जीजा व बहन के साथ कहा सुनी हुआ। मामूली झगड़ा समझ कर वे बाहर चला गया। इसके कुछ देर बाद अचानक पता चला कि उसकी बहन व मां को धारदार हथियार से मार दिया है। इसमें बहन रुखसाना के गला में गहरा जख्म है। जबकि मां को पेट में छुरा लगा है। वही डॉक्टर ने बताया कि रुखसाना की स्थिति गंभीर रहने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंच मामले की जांच में जुटी है।

## एक नजर

### जल जमाव को लेकर महिलाओं ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**खूंटी :** तोरपा प्रखंड मुख्यालय के विजय नगर, सिरुमटोली जलजमाव से विजय नगर और सिरूम टोली और नगर भवन के पीछे के मुहल्लों में जलजमाव से त्रस्त महिलाओं ने रविवार को तोरपा के अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को आवेदन देकर जलजमाव से निजात दिलाने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि तोरपा नगर क्षेत्र के विजय नगर, सिरूम टोली रोड तथा नगर भवन के पीछे स्थित मोहल्लों में जलजमाव की गंभीर समस्या से स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। लगातार पानी जमा रहने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं क्षेत्र में महामारी फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। पानी से बदबू आने लगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार विजय नगर जाने वाले मार्ग पर घुटने भर पानी जमा है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो गया है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। महिलाओं ने बताया कि संत जोसेफ कॉलेज, सिरूम टोली और तपकारा रोड की ओर से बहकर आने वाला पानी पहले तोरपा मेन रोड स्थित पुल से निकल जाता था, लेकिन अब कुछ लोगों की ओर से पानी के प्राकृतिक बहाव को अवरुद्ध कर दिए जाने के कारण पानी मोहल्ले में जमा हो रहा है।

मोहल्लेवासियों ने बताया कि लंबे समय तक पानी जमा रहने से दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। लोगों के घरों में विषैले सांप तक घुस जा रहे हैं। जलजमाव के निराकरण कि मांग को लेकर मोहल्ले के लोगों ने शनिवार को भी बीडीओ, सीओ और अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात की थी। एसडीओ के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा और अंचल अधिकारी ने जल जमाव वाले क्षेत्र का निरीक्षण भी किया था। हालांकि निरीक्षण के बाद भी पानी जी निकासी का कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई।

### मारवाड़ी युवा मंच ने 101 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**खूंटी:** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ मारवाड़ी युवा मंच, खूंटी नगर शाखा की ओर से रविवार को डोड़मा स्थित प्रवीण जैन के क्रशर प्लांट परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के 101 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका सुशीला देवी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि लगाए गए पौधों का सही ढंग से संरक्षण किया जाए, तो वे भविष्य में स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवन का आधार बन सकते हैं। अभियान में बच्चों की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आर्या, आरना, कृतांत, वेदान्तिका, आज्ञा और कृष ने पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। मारवाड़ी युवा मंच की संयोजिकाओं निक्की जैन, प्रियंका जैन, रश्मि जैन और रिंकू जैन ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

# 16वीं जूनियर व सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो की टीम गठित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** आगामी 24-26 जुलाई, 2026 को होटवार, रांची स्थित वीर बुद्ध भगत एक्वेटिक स्टेडियम, मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में आयोजित 16वीं जूनियर एवं सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो जिले की टीम गठित कर ली गई। बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले रविवार सुबह नगर के सेक्टर-4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो परिसर स्थित स्विमिंग पूल में बोकारो टीम का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों एवं अन्य जगहों से लगभग 100 प्रतिभागी बच्चों ने भाग लिया। बोकारो टीम का हिस्सा बनने के लिए उनमें काफी उत्साह दिखा। सुबह छह बजे से ही उनका आना शुरू हो गया। सभी ने पूरे उत्साह के साथ पूल में छलांग लगाई और स्विमिंग की फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक, व्यक्तिगत मेडले, फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस स्पधाओं में जमकर अपने जौहर दिखाए। समेकित रूप से सभी स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर टीम के तैराकों का चयन किया गया। बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, चयन प्रक्रिया के तहत कुल 21 बाल तैराक बोकारो टीम के लिए चयनित किए गए। इनमें बालक वर्ग में 13 एवं बालिकाओं के वर्ग में आठ तैराक शामिल हैं। बालकों की टीम में अंकित बासु, रेहान अहमद, आरव कुमार, ईशान शर्मा, युवराज सिंह, अतुल्य प्रकाश, लवित लुकेश, दर्श प्रसाद, पुन्नान पुरहान, रुद्र सिंह, अवियांक मंडल, अपूर्व सिंह और दर्शिल राज तथा बालिकाओं के दल में दिव्यांशी आर्या, मरियम हुसैन, आद्या प्रीशा, अरुणिमा, अंशिका आनंद, चारवी सिंह, ईशान्वी आर्या एवं ईशानी शुक्ला के नाम शामिल हैं। ये सभी चयनित प्रतिभागी होटवार, रांची में होने वाली राज्यस्तरीय उक्त प्रतियोगिता में बोकारो जिले का प्रतिनिधित्व करेगे। डॉ. गंगवार ने टीम के सभी सदस्यों को उम्दा प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। टीम के साथ प्रशिक्षक के रूप में रूपेश कुमार मौजूद रहेंगे।

## प्रतिभाओं के सम्मान से बढ़ता है समाज का आत्मविश्वास : डॉ. विकास पांडे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**तलगड़िया :** कान्यकुब्ज आर्ष परिषद् शिखर मजलिस के तत्वावधान में रविवार को चास प्रखंड के अलुआरा तिवारी टोला स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वर्ष 2019 से 2026 तक शिक्षा, सामाजिक सेवा, संस्कृति एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. विकास कुमार पांडे, परिषद् के अध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे, पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी, सचिव बृजगोपाल पाठक सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता परिषद् अध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे ने की, जबकि संचालन राजीव चौबे एवं प्रोफेसर सत्यवान उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में दिलीप कुमार चौबे ने कतरास, नवागढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए समाज के पदाधिकारियों, अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. विकास कुमार पांडे ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों की सराहना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देना भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार समाज की सबसे बड़ी पूंजी हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

## बीएसएल क्वार्टर का ऊपरी हिस्सा भरभरा कर गिरा, बाल-बाल बचे लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के सेक्टर 12अ में स्थित क्वार्टर नंबर 2281 का ऊपरी हिस्सा देर रात अचानक भरभरा कर गिर गया। घटना के समय निचले फ्लोर में किसी के मौजूद न होने से बड़ा हादसा टल गया; हालांकि, ग्राउंड फ्लोर में रह रहे परिवार के कुछ सदस्यों को मामूली चोटें आईं और उनमें सतर्कता की कमी के कारण दहशत व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल रात हुई हल्की बारिश के दौरान क्वार्टर का पूरा बालकनी व ऊपरी तल्ले का हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा। मौके पर मौजूद पड़ोसी और परिवार के सदस्य किसी तरह सुरक्षित निकले। चोटिलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है और वे फिलहाल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और आसपास के क्वार्टरों में रहने वालों को सावधानी बरतने की हिदायत दी गई।

**स्थानीय निवासियों का आरोप उपेक्षा बरकरार**

क्वार्टर में रहने वाली सपना गोस्वामी ने बताया कि बीएसएल के क्वार्टर काफी वर्षों से जर्जर स्थिति में हैं और बारिश के समय चुने हुए हिस्से लगातार गिरने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार लिखित शिकायत करने के बावजूद कंपनी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ₹शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती, ऐसे में बड़े हादसे को दावत दी जा रही है,₹ सपना ने कहा। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी आशंका जताई कि अगर हादसा दिन के समय होता तो जानी नुकसान भी हो सकता था।

## साहित्यलोक की रचनागोष्ठी में गूंजे साहित्य, संस्कृति और देशभक्ति के स्वर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी शनिवार की शाम वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा के चीरा चास स्थित आवास पर हुई। सेल के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी व साहित्यलोक के वरिष्ठ सदस्य हरि मोहन झा की अध्यक्षता व साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन में आयोजित इस रचनागोष्ठी में साहित्यकारों ने भारतीय संस्कृति, परंपरा, मानवीय संवेदना, देशभक्ति व सामाजिक पृष्ठभूमि पर आधारित रचनाएं सुनाकर सभी को आनंदित किया।

रचना गोष्ठी की शुरूआत आराध्या झा एवं हिमांशु शेखर झा द्वारा प्रस्तुत शांति पाठ से हुई। तत्पश्चात नीलम झा ने हिंदी कविता तुम अपनी जैसी बन जाना व मैथिली में बारहमासा, सतीश चंद्र झा ने मैथिली कथा पाथरक आंखि, शैलजा झा ने मैथिली कविता कलमक विद्रोह व हिन्दी कविता शून्य से संभावना, सुनील मोहन ठाकुर ने मैथिली कविता भूख, अमन कुमार झा ने मैथिली कविता झिंगुरक आंदोलन, मैथिली कहानी पाग, विजय शंकर मल्लिक सुधापति ने मैथिली कविता झिल्लीक झरुआ, आत्मसम्मानीक झुकै ने झंडा व हिंदी कविता गाओ स्वदेश जयगाथा, गंगेश कुमार पाठक ने जन्मदिनक शुभकामना, मनोज उपाध्याय सुमन ने हिंदी कविता झुग्गी-झोपड़ी समस्या एवं समाधान, अरुण पाठक ने वरिष्ठ साहित्यकार हितनाथ झा रचित व एनसीआरटी की पाठ्य-पुस्तक में शामिल मैथिली देशभक्ति गीत भारत देशक प्राण तिरंगा की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ कवि बुद्धिनाथ झा ने साहित्यलोक के 34 वर्षों के सफर पर एक कविता प्रस्तुत करने के बाद अपनी मैथिली महाकाव्य पुस्तक ऊं महाभारत से शान्ति दूत श्रीकृष्ण व युधिष्ठिर-द्रौपदी प्रसंग सुनाकर सबकी प्रशंसा पायी। अध्यक्षीय वक्तव्य में हरि मोहन झा ने पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी दी और बोकारो में साहित्यिक गतिविधियों को जीवंत बनाकर रखने में साहित्यलोक के योगदान की सराहना की।

## युवा राजद ने बिरसा चौक में पीएम पुतला दहन कर अपना विरोध जताया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** युवा राष्ट्रीय जनता दल (राजद), बोकारो जिला इकाई की ओर से आज बिरसा चौक, नया मोड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम सोनम वांगचुक के समर्थन में किया गया और इसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने किया। अपने संबोधन में संदीप पासवान ने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाने वालों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए और लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संवैधानिक अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए। संदीप पासवान ने आगे कहा कि युवा राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय और जनता की आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने बताया कि इसी उद्देश्य के तहत यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने भाग लेकर अपना समर्थन और विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में विनय कुमार भाई, प्रमोद सिंह, सूरजकांत, मुकेश, जितेंद्र नारायण यादव, मनोज यादव, कंचन पासवान, आशीष मोदी तथा सुनील पासवान सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन का समापन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने के संकल्प के साथ किया गया।

## ऑल इंडिया क्षत्रिय दांगी संघ की जिला बैठक में सामाजिक एकता, शिक्षा और संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा/गिद्धौर :** चतरा सदर प्रखंड मुख्यालय स्थित बभने में अतिथि प्लेस पेट्रोल पंप के समीप रविवार को ऑल इंडिया क्षत्रिय दांगी संघ के बैनर तले चतरा जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सीताराम दांगी ने की, जबकि संचालन अजय कुमार दांगी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह दांगी (राष्ट्रीय महासचिव, झारखंड), विजय दांगी (बिहार प्रदेश अध्यक्ष), शैलेंद्र कुमार (पूर्व जिला परिषद सदस्य, बोकारो), प्रदीप कुमार दांगी (झारखंड प्रदेश कोषाध्यक्ष), दयानंद दांगी (जिला अध्यक्ष, पलामू), प्रभाकर रंजन दांगी एवं शंभू प्रसाद दांगी (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, पलामू) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों का माला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए सभी लोगों को संगठित होकर आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपसी रंजिश और विवादों का समाधान सामाजिक स्तर पर ही किया जाए, ताकि एक मजबूत और एकजुट समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि दांगी समाज आज भी विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है और कई सरकारी सुविधाओं से वंचित है। समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहना और संगठित होकर संघर्ष करना समय की मांग है। उन्होंने प्रत्येक गांव में 10-10 युवाओं की टीम गठित करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं। वीरेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि ष्शिक्षित बनें, संगठित रहें और संघर्ष करेंष् यही समाज की उन्नति का मूल मंत्र है। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी पर भी जोर देते हुए कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है, जब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नेतृत्व की भूमिका निभाएं। बैठक में समाज को मजबूत बनाने, युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के प्रति जागरूक करने तथा संगठन के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज के लोगों से सामाजिक एकता बनाए रखने और नई पीढ़ी को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप दांगी, मुंदिरिका प्रसाद दांगी, जिला सचिव रामोतार दांगी, संजय प्रसाद दांगी, समाजसेवी एवं पूर्व मुखिया योगेंद्र सिंह, वर्तमान उपमुखिया नरेश कुमार दांगी, महेश दांगी, सुनील कुमार महतो, देव कुमार दांगी, गोविंद कुमार दांगी, अरुण कुमार दांगी, मुकेश कुमार दांगी, मनोज कुमार दांगी, भवानी दांगी, राजकुमार दांगी सहित समाज के 700 से अधिक महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भीख मांगने के बहाने दो घर से तीन मोबाइल चुराने वाली महिला गिरफ्तार, मोबाइल बरामद



**बोकारो:** सेक्टर-12 थाना पुलिस ने भीख मांगने के बहाने घरों में घुसकर मोबाइल चोरी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई को उकरीद बस्ती निवासी तसलीम जुनैदी अंसारी (पिता- उस्मान गनी अंसारी) ने सेक्टर-12 थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि भीख मांगने आई एक अज्ञात महिला उनके घर से गूगल पिक्सल-6 प्रो मोबाइल चोरी कर फरार हो गई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उसी महिला ने पड़ोसी तबस्सुम परवीन के घर से रियलमी 12एक्स और वीवो टी2 5जी मोबाइल भी चोरी किए थे। इस मामले में सेक्टर-12 थाना कांड संख्या 81/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने बोकारो रेलवे स्टेशन के समीप फुटपाथ पर रहने वाली भीख मांगने वाली महिलाओं से पूछताछ और छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान रूपा देवी (28 वर्ष), पति विश्वकर्मा चौधरी उर्फ विश्वकर्मा खरवार, निवासी ग्राम डिहरी मनी नगर, वार्ड संख्या-19, थाना डिहरी बाजार, जिला रोहतास (बिहार) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी के तीनों मोबाइल—गूगल पिक्सल-6 प्रो, रियलमी 12एक्स और वीवो टी2 5जी—बरामद कर लिए गए। बरामदगी के बाद पुलिस ने विधिवत जब्ती सूची तैयार कर मोबाइल जब्त किए और साक्ष्यों के आधार पर रूपा देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में सेक्टर-12 थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सुभाष चंद्र सिंह, सहायक अवर निरीक्षक सुकलाल हांसदा, मिथलेश दुबे, इंदर कुमार पासवान, महिला आरक्षी रंजु कुमारी तथा आरक्षी देवेश शुक्ला, विश्वनाथ कुम्भकार और अभिमन्यु कुमार महतो शामिल थे।

### कुत्ते के चपेट में आने से ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल



**बोकारो :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय के समीप स्थित ओवरब्रिज पर शनिवार को एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो में केवल चालक मौजूद था, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो के आगे के चक्के में अचानक एक कुत्ता आ गया, जिससे वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा। वाहन ओवरब्रिज पर लगे बिजली के पोल से टकराया और पलट गया। मौके पर मौजूद लोगों व पुलिस ने मिलकर घायल चालक को ऑटो से बाहर निकाला और उसे बोकारो थर्मल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया।

प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिकित्सकों ने गंभीर चोटों के चलते संजय सिंह को आगे के इलाज के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटनास्थल पर बोकारो थर्मल थाना की पुलिस भी ओपचारिकता में मौजूद रही और मामले की जांच कर रही है। दुर्घटनाग्रस्त ऑटो कथारा से बोकारो थर्मल की ओर आ रही थी। घायल चालक बोकारो थर्मल के अंबेडकर नगर का रहने वाला बताया गया है।

### बेरमो के मुख्यमंत्री कौशल विकास केंद्र में कुक की हत्या, पुलिस जांच में जुटी



**बेरमो :** बेरमो अनुमंडल के पेटरवार थाना अन्तर्गत भेलवा टांड स्थित मुख्यमंत्री कौशल विकास केंद्र में रविवार को सुबह लगभग 45 वर्षीय कुक गणेश कपरदार की मौत से हंगामा मच गया। मृतक की पहचान पुरंदिया (पुर्लिया) निवासी गणेश कपरदार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पेटरवार थाना पुलिस, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार, केंद्र में कैंप मैनेजर संजीत कुमार सिंह ने बताया कि गणेश कपरदार यहां दो वर्षों से कुक के रूप में कार्यरत थे। बुधवार सुबह जब वे लंच के लिए मेस में गए तो(बेड) के नीचे गिरा हुआ पाया। घटना की सूचना उन्होंने तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों व पेटरवार थाना को दी। थाना प्रभारी दल के साथ पहल से ही मौके पर फॉरेंसिक टीम और स्कायडॉग (स्निफर डॉग) की मदद भी ली जा रही है। एसडीपीओ रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जांच पूरी गंभीरता से चल रही है और हत्या की गुत्थी जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से जो भी साक्ष्य बरामद किए जा रहे हैं उनकी सूची बनाई जा रही है और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटनास्थल पर आई ई एल थाना प्रभारी, तेनुघाट ओपी प्रभारी व कसमार थाना प्रभारी भी जांच में सम्मिलित हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज व कर्मियों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। मृतक के परिजन समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे थे।

स्थानीय राजनीतिक हस्ती व गोमिया के पूर्व विधायक डॉ. लम्बोदर महतो भी मौके पर पहुंचे और एसडीपीओ से वार्ता कर शीघ्र आरोपियों की पहचान कर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

पुलिस ने फिलहाल मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। अगली हत्या जांच रिपोर्ट व पुलिस की अग्रिम कार्यवाही का इंतजार है।

### बारिश से गिरा जर्जर मकान, भाजपा नेताओं ने किया निरीक्षण

**खूंटी :** लगातार हो रही बारिश के कारण जरियागढ़ निवासी अम्बिका प्रसाद शर्मा का जर्जर मकान शनिवार की रात गिर गया। घटना की सूचना मिलने पर रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सीमा देवी और भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी जगरनाथ साहू ने घटनास्थल पहुंचकर क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण किया। साथ ही पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। निरीक्षण के दौरान विनय गुप्ता ने संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता, उचित मुआवजा और आवश्यकता के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत करने की मांग की। भाजपा नेताओं ने प्रशासन से त्वरित सर्वेक्षण कर राहत सामग्री, आर्थिक सहायता और सुरक्षित आवास की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि प्रभावित परिवार को जल्द राहत मिल सके।

संक्षिप्त डायरी

## भागलपुर में मिला कोरोना पॉजिटिव मरीज, निजी क्लिनिक में भर्ती 66 वर्षीय संक्रमित

**पटना (एजेंसी)** भागलपुर में कोरोना का एक नया मामला सामने आने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है. शहर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती 66 वर्षीय मरीज की कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. संक्रमण को देखते हुए मरीज को जेएलएनएमसीएच के कोविड वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है. बिहार के भागलपुर से कोरोना संक्रमण का नया मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है. शहर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती 66 वर्षीय मरीज की कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. रिपोर्ट मिलते ही अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है. संक्रमित मरीज को बेहतर इलाज और निगरानी के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) के कोविड वार्ड में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है. हालांकि फिलहाल घबराने जैसी स्थिति नहीं बताई गई है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने और लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराने की अपील की है. निजी क्लिनिक में भर्ती था मरीज

मिली जानकारी के अनुसार 66 वर्षीय मरीज शहर के एक निजी क्लिनिक में इलाजरत था. जांच के दौरान उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई. इसके बाद स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई और आगे की चिकित्सा व्यवस्था शुरू कर दी गई. अब मरीज को जेएलएनएमसीएच के कोविड वार्ड में भर्ती करने की तैयारी की जा रही है, ताकि विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार हो सके.

स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई निगरानी कोरोना संक्रमित मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग मरीज के संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटा रहा है. साथ ही संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं. स्वास्थ्य अधिकारियों ने अस्पतालों को भी सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. लोगों से सतर्क रहने की अपील चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतना जरूरी है. यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी, बुखार या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण महसूस हों तो बिना देरी जांच कराएं और चिकित्सकीय सलाह लें. भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जरूरत के अनुसार मास्क का उपयोग करने और हाथों की स्वच्छता बनाए रखने की भी सलाह दी गई है. ईं'स्र४१ उङ्म१ङ्मल्लं ठी६२: प्रशासन स्थिति पर रख रहा नजर स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की लगातार निगरानी की जा रही है. मरीज की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आवश्यकता के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# बिहार में जमीन मालिकों की बल्ले-बल्ले, अब एक ही मौजा की जमीन पर मिलेगा समान मुआवजा, सरकार बदलने जा रही है नियम

**पटना (एजेंसी)** बिहार में जमीन अधिग्रहण से जुड़े नियमों में बदलाव होने जा रहा है. सरकार अब एक ही मौजा की जमीन के लिए समान मुआवजा देने की तैयारी में है. नई व्यवस्था लागू होने से किसानों के बीच विवाद कम होंगे और सरकारी परियोजनाओं में तेजी आने की उम्मीद है. बिहार में सरकारी परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर बदलाव होने जा रहा है. अब एक ही मौजा (गांव के राजस्व क्षेत्र) की जमीन के लिए अलग-अलग मुआवजा नहीं मिलेगा. सरकार ऐसी नई व्यवस्था लाने की तैयारी में है, जिससे एक ही मौजा के सभी जमीन मालिकों को समान दर पर मुआवजा मिल सके. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग जल्द



ही इस संबंध में नया आदेश जारी कर सकता है. अभी क्यों होती है परेशानी? फिलहाल जमीन का मुआवजा सड़क, मुख्य सड़क या शहर से उसकी दूरी के आधार पर तय किया जाता है. इसी वजह से एक ही मौजा में स्थित दो जमीनों का मुआवजा अलग-अलग हो जाता है. ऐसे मामलों में कई किसानों को ज्यादा और कई को कम मुआवजा मिलता है. इससे नाराजगी बढ़ती है और कई बार किसान धरना-प्रदर्शन तक करते हैं. कई मामले राजस्व न्यायालय और कोर्ट तक पहुंच जाते हैं, जिससे परियोजनाएं भी प्रभावित होती हैं. अब क्या बदलेगा? भू-अर्जन निदेशालय के प्रस्ताव के मुताबिक अब मुआवजा तय करते समय सिर्फ दूरी नहीं, बल्कि मौजा को भी आधार बनाया जाएगा. यानी अगर किसी सरकारी परियोजना के लिए एक ही मौजा की जमीन ली जाती है, तो वहां सभी रैयतों को एक समान मुआवजा मिलेगा. इससे जमीन मालिकों के बीच भेदभाव की भावना खत्म होगी और विवाद भी कम होंगे. सरकार को क्या होगा फायदा? विभाग का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होगी. मुआवजे को लेकर विरोध और कानूनी विवाद कम होंगे. इससे सरकारी परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी और कोर्ट में जाने वाले मामलों की संख्या भी घटेगी. राजस्व विभाग के अनुसार, इस समय बिहार में 45 हजार एकड़ से अधिक जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है. इस पर करीब 30 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. सबसे ज्यादा जमीन उद्योग विभाग की परियोजनाओं के लिए 24 जिलों में अधिग्रहित की जा रही है. इसके अलावा राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग, रेलवे, एयरपोर्ट, तटबंध, व्यवहार न्यायालय, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सरकारी परियोजनाओं के लिए भी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है. रैयतों को मिलेगी राहत अगर यह नई व्यवस्था लागू होती है, तो एक ही मौजा के किसानों को अलग-अलग मुआवजे की समस्या से छुटकारा मिलेगा. इससे न सिर्फ जमीन मालिकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि सरकार की विकास परियोजनाएं भी तेजी से आगे बढ़ सकेंगी.

# सावन में नहीं सताएगी भीषण गर्मी, बारिश और काले बादलों से कांवरिया पथ पर मिलेगी राहत

**पटना (एजेंसी)** सावन की शुरूआत के साथ मौसम ने करवट ली है, जिससे भागलपुर में भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है. कांवरिया पथ पर भक्तों को आराम मिलेगा और किसानों के लिए भी यह मौसम खुशखबरी लेकर आया है. भागलपुर. सावन की शुरूआत के साथ मौसम भी पूरी तरह करवट लेता दिख रहा है. कभी तेज धूप तो कभी घने काले बादल और रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है. मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार सावन के अधिकांश दिनों में बादलों की आवाजाही और बारिश का सिलसिला बना रहेगा. इसका सबसे बड़ा फायदा सुल्तानगंज से देवघर तक के कांवरिया पथ पर जल लेकर पैदल चलने वाले लाखों



शिवभक्तों को मिलेगा, जिन्हें पिछले वर्षों की तरह भीषण गर्मी का सामना कम करना पड़ सकता है. कांवरिया पथ पर बारिश से मिलेगी राहत, प्रशासन भी सतर्क सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम तक पैदल जाने वाले कांवरियों के लिए मौसम राहत भरा रहने की उम्मीद है. बारिश और बादलों की वजह से कच्चे व पक्के कांवरिया पथ पर तापमान अपेक्षाकृत कम रहेगा, जिससे लंबी पैदल यात्रा आसान हो सकती है. हालांकि प्रशासन और मौसम विशेषज्ञों ने यह भी सलाह दी है कि बारिश के दौरान फिसलन वाले रास्तों पर विशेष सावधानी बरतें. कांवरिया पथ पर जगह-जगह चिकित्सा शिविर, पेयजल और विश्राम स्थलों की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो. बदलते मौसम से किसानों के चेहरे खिले शनिवार देर रात चली ठंडी हवा और रविवार को हुई बारिश से किसानों को भी बड़ी राहत मिली है. कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे किसान अब धान की रोपनी में तेजी से जुट गए हैं. खेतों में पहले से तैयार बिचड़ा अब रोपाई के लिए उपयुक्त हो चुका है. लगातार नमी मिलने से खेती-किसानी की गतिविधियां तेज होने लगी हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल है. मौसम बदलने से बढ़ रही स्वास्थ्य संबंधी परेशानी एक ओर बारिश राहत लेकर आई है तो दूसरी ओर लगातार बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है. तापमान और नमी में उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है. विशेष रूप से उच्च रक्तचाप (बीपी) के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है. शहर के वरीय फिजिशियन डॉ. विनय कुमार झा के अनुसार मौसम में लगातार बदलाव के कारण बीपी में उतार-चढ़ाव की समस्या बढ़ सकती है. उन्होंने लोगों को नियमित रूप से बीपी की जांच कराने, डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा लेने और बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा नहीं बदलने की सलाह दी है. उन्होंने यह भी कहा कि सर्दी-खांसी या बुखार होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए. साथ ही ठंडा पानी और अत्यधिक ठंडे पेय पदार्थों से फिलहाल परहेज करना बेहतर रहेगा. बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सावन के दौरान बारिश की अच्छी संभावना बनी हुई है. बादलों की आवाजाही और बीच-बीच में होने वाली वर्षा से मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहेगा. इसका लाभ न केवल किसानों और आम लोगों को मिलेगा, बल्कि सुल्तानगंज-देवघर कांवरिया पथ पर जलाभिषेक के लिए निकलने वाले लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा भी अधिक आरामदायक और सुरक्षित होने की उम्मीद है.

# बिहार में मानसून दिखाएगा दम, 20 से 22 जुलाई तक बारिश, आंधी-तूफान और वज्रपात का अलर्ट

**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम का मिजाज बदलने वाला है. 20 से 22 जुलाई के बीच कई जिलों में तेज आंधी, हवा और भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है, जहां मूसलाधार बारिश की संभावना है. सफर करने से पहले अपने जिले का मौसम जरूर जान लें. बिहार में एक बार फिर मौसम का मिजाज तेजी से बदलने जा रहा है. मौसम विभाग ने 20 जुलाई से लेकर 22 जुलाई तक कई इलाकों में तेज आंधी, हवा और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. इस दौरान कुछ जिलों में लोगों को ज्यादा सावधान रहने को कहा गया है. कुछ हिस्सों में मौसम बिल्कुल सामान्य रहेगा. अगर आप इन तीन दिनों में कहीं सफर करने वाले हैं, तो अपने शहर के मौसम की जानकारी जरूर रख लें. 20 जुलाई को इन जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि 20 जुलाई को बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण,



बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर और औरंगाबाद जिलों भारी बारिश हो सकती है. इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. यहां तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश की संभावना है. पटना, गया, नालंदा, नवादा, जहानाबाद, अरवल, बेगुसराय, लखीसराय, समस्तीपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी और शिवहर में येलो अलर्ट जारी किया गया है. यहां हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं. मुंगेर, जमुई, बांका, भागलपुर, खगड़िया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज में मौसम शांत रहेगा. 21 जुलाई को मुजफ्फरपुर-दरभंगा समेत इन जिलों को राहत 21 जुलाई को भारी बारिश के भारी अलर्ट से थोड़ी राहत तो मिलेगी, लेकिन एक बड़े हिस्से में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दिन पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगुसराय, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, नवादा, गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर, पटना, जहानाबाद और अरवल जिलों में मेघ गर्जन के साथ तेज हवाएं चलने और बारिश के आसार हैं. मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा और मधुबनी के साथ-साथ सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका और जमुई में मौसम साफ रहेगा. बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें 22 जुलाई को बिहार के इन जिलों में आंधी-पानी की आशंका 22 जुलाई को भी बिहार का मौसम मिलाजुला रहने वाला है. इस दिन पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगुसराय, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका, जमुई, पटना, जहानाबाद और अरवल जिलों में मौसम खराब रहने की आशंका है. इन जगहों पर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिलों में मौसम पूरी तरह सुहावना और शांत रहेगा.

# बिहार वालों के लिए गुड न्यूज, इसी महीने मिलेंगी 100 पीएम ई-बसें, सफर होगा और आसान

**पटना (एजेंसी)** : बिहार में इलेक्ट्रिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए इसी महीने के अंत तक 100 नई पीएम ई-बसें मिलने जा रही हैं. इसके साथ ही बिहार राज्य पथ परिवहन निगम पीपीपी मोड पर अपने 31 बस डिपो को आधुनिक बनाने के लिए जल्द ही बिडिंग प्रक्रिया शुरू करने वाला है. बिहार के लोगों को जल्द ही पॉल्यूशन फ्री और आरामदायक सफर का तोहफा मिलने वाला है. राज्य में पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को तेज करने की तैयारी पूरी हो चुकी है. इस महीने के आखिरी हफ्ते तक बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (इरफळउ) के बेड़े में करीब 100 नई पीएम ई-बसें शामिल हो जाएंगी. हाल ही में बस निमार्ता कंपनी ग्रीनसेल मोबिलिटी के अधिकारियों ने परिवहन विभाग और निगम के प्रशासक अतुल वर्मा से मिलकर बसों की



डिलीवरी की जानकारी साझा की है. पीपीपी मोड पर बदलेंगे 31 बस डिपो, पीडब्ल्यूसी को मिले खास निर्देश ई-बस योजना के साथ-साथ बिहार के 31 बस डिपो को आधुनिक बनाने के लिए एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग की गई. पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (ढढढ) मॉडल के तहत इन डिपो का पुनर्विकास किया जाना है. बैठक में डिपो को नए सिरे से तैयार करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (फ्रढ) के रोडमैप पर बारीकी से चर्चा हुई. इस दौरान कंसलटेंट कंपनी प्राइस वाटरहाउस कूपर्स (ढहउ) को सख्त निर्देश दिए गए कि वे जल्द से जल्द आरएफपी की रिपोर्ट तैयार करें ताकि डिपो के काम के लिए टेंडर यानी बिडिंग की प्रक्रिया वक्त पर शुरू हो सके. बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें समय पर पूरे होंगे प्रोजेक्ट्स निगम के प्रशासक अतुल वर्मा ने इस पूरी परियोजना को तय समय के भीतर पूरा करने का आदेश दिया.

# बिहार के शिक्षकों का किस आधार पर होगा ट्रांसफर? शिक्षा विभाग ने दी पूरी जानकारी

**पटना (एजेंसी)** बिहार के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी के तहत 29 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे. शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी आवेदनों पर विचार किया जाएगा और पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन पूरी होगी. बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत सभी श्रेणी के शिक्षकों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू कर दी गई है. इसके तहत 29 जुलाई से शिक्षा विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे. नई व्यवस्था को लेकर शिक्षकों में काफी उत्सुकता है. हालांकि, शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि पहले चरण में कितने शिक्षकों का तबादला होगा, इसकी कोई तय संख्या नहीं है. जो भी आवेदन आएंगे, उन सभी पर नियमों के अनुसार विचार किया जाएगा. पहले चरण में होगा समायोजन और समानुपातिकरण नई ट्रांसफर पॉलिसी के तहत पहला चरण 7 अगस्त से 9 सितंबर तक चलेगा. इस दौरान समायोजन और समानुपातिकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. विभाग यह देखेगा कि किन स्कूलों में शिक्षकों की जरूरत ज्यादा है और कहां शिक्षक अपेक्षाकृत अधिक हैं. शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को आधार बनाकर निर्णय लिया जाएगा. म्युचुअल ट्रांसफर पर भी होगा फैसला नई नीति में म्युचुअल ट्रांसफर का भी प्रावधान रखा गया है. यानी यदि दो शिक्षक आपसी सहमति से एक-दूसरे के स्कूल में जाना चाहते हैं तो वे इसके लिए आवेदन कर सकेंगे. इन आवेदनों पर जिला, प्रमंडल और राज्य स्थापना समिति फैसला करेगी. म्युचुअल ट्रांसफर से जुड़े मामलों का निपटारा 10 से 14 सितंबर के बीच किया जाएगा. सामान्य तबादले के लिए करना होगा इंतजार जो शिक्षक अपने जिले या प्रखंड में सामान्य तबादला चाहते हैं, उन्हें थोड़ा इंतजार करना होगा. शिक्षा विभाग 16 सितंबर तक सभी स्कूलों की संशोधित रिक्ति सूची जारी करेगा. इसके बाद 17 सितंबर से 23 सितंबर तक सामान्य ट्रांसफर के लिए आवेदन लिए जाएंगे. माना जा रहा है कि इसी श्रेणी में सबसे ज्यादा आवेदन आने की संभावना है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें हर दिन होगी ऑनलाइन निगरानी शिक्षा विभाग को ट्रांसफर पोर्टल से रोजाना आवेदन की जानकारी मिलती रहेगी. पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी. शिक्षकों को आवेदन के दौरान अपनी पसंद के स्कूलों का विकल्प देना होगा. अंतिम पोस्टिंग संबंधित स्कूलों में उपलब्ध रिक्तियों और तय नियमों के आधार पर की जाएगी. नई व्यवस्था से क्या होगा फायदा?

# खेसारी लाल यादव ने प्रशांत किशोर का किया समर्थन, बोले- मुझे शुरू से पसंद हैं, उनके पास बिहार के विकास का विजन है

**पटना (एजेंसी)** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से पहले भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव का बयान सामने आया है. उन्होंने प्रशांत किशोर की तारीफ करते हुए कहा कि वे उन्हें शुरू से पसंद हैं, उनके पास बिहार के विकास का विजन है और उन्हें एक मौका मिलना चाहिए. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर बिहार की राजनीति गरमाई हुई है. भाजपा ने नीरज कुमार सिन्हा, जन सुराज ने प्रशांत किशोर और राजद ने रेखा गुप्ता को मैदान में उतारा है. इसी बीच भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का बयान चर्चा में आ गया है. पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान खेसारी ने प्रशांत किशोर की




खुलकर तारीफ की. हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि वह किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं कर रहे हैं. 'प्रशांत भैया मुझे शुरू से पसंद हैं' खेसारी लाल यादव ने कहा कि प्रशांत भैया मुझे शुरू से अच्छे लगते हैं. वे मुझे पसंद हैं. वे पढ़े-लिखे इंसान हैं और उनके पास बिहार के भविष्य का विजन है. उन्होंने कहा कि विधानसभा में ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो बच्चों की पढ़ाई, युवाओं के रोजगार और आम लोगों के मुद्दों की लड़ाई लड़ सके. 'मैं किसी पार्टी का समर्थन नहीं कर रहा' खेसारी ने कहा कि उनके बयान को किसी राजनीतिक दल के समर्थन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि मैं किसी पार्टी का समर्थन नहीं कर रहा हूं. मैं सिर्फ इतना कह रहा हूं कि हमें एक बेहतर इंसान चुनना चाहिए. जैसे उनके पास बिहार को लेकर बेहतर विजन और रोडमैप है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें ' - लिखे लोगों को चुनिए' खेसारी ने कहा कि प्रशांत किशोर ने दुनिया देखी है और उनके पास विकास की सोच है. उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि मैं अपनी लोकप्रियता के दम पर नेता बन सकता हूं, लेकिन मैं इतना पढ़ा-लिखा नहीं हूं. मेरे पास कोई रोडमैप नहीं है. इसलिए राजनीति में पढ़े-लिखे और समझदार लोगों को आगे आना चाहिए. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्मार्ट लोगों को चुनिए, खुद भी स्मार्ट बनिए. तभी समाज और बिहार आगे बढ़ेगा. लालू यादव के स्वास्थ्य पर भी जताई चिंता बातचीत के दौरान खेसारी लाल यादव ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की. 30 जुलाई को मतदान, 3 अगस्त को नतीजे बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को वोटिंग होगी, जबकि 3 अगस्त को नतीजे घोषित किए जाएंगे



# ऑक्सीजन देने वाले वृक्ष के आध्यात्मिक रहस्य


हर धर्म में पेड़, पौधे और वृक्षों का बहुत महत्व है, परंतु इसको कोई महत्व नहीं देता है। जिस देजी से वृक्ष कटते जा रहे हैं उससे धरती का पर्यावरण ही नहीं बदल रहा है बल्कि जीवन में संकट में हो चला है। धरती पर ऑक्सीजन का निर्माण करने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वृक्ष नहीं होंगे तो एक दिन वायु भी नहीं होगी और वायु नहीं होगी तो फिर मानव भी नहीं होगा। आओ जानते हैं वृक्ष के 20 रहस्य।

- शास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति एक पीपल, एक नीम, दस इमली, तीन कैथ, तीन बेल, तीन आंवला और पांच आम के वृक्ष लगाता है, वह पुण्यात्मा होता है और कभी नरक के दर्शन नहीं करता। इसी तरह धर्म शास्त्रों में सभी तरह से वृक्ष सहित प्रकृति के सभी तत्वों के महत्व की विवेचना की गई है।
- भारतीय धर्म मानता हैं कि प्रकृति ही ईश्वर की पहली प्रतिनिधि है। प्रकृति के सारे तत्व ईश्वर के होने की सूचना देते हैं। इसीलिए प्रकृति को देवता, भगवान और पितृ माना गया है। यहां प्रत्येक देवी और देवता से एक वृक्ष, एक पशु या एक पक्षी जुड़ा हुआ है। यहां तक की ग्रह और नक्षत्र भी जुड़े हुए हैं। धर्म मानता है कि दूरस्थ स्थिति ध्रुव तारा भी हमारे जीवन को संचालित कर रहा है। फिर हिमालय के ग्लेशियर और चंद्रमा के तो कहने ही क्या। संपूर्ण ब्रह्मांड एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। एक कड़ी टूटी तो सबकुछ बिखर जाएगा। यह ब्रह्मांड उल्टे वृक्ष की भांति है।
- धर्मानुसार पांच तरह के यज्ञ होते हैं जिनमें से दो यज्ञ– देवयज्ञ और वैश्वदेवयज्ञ प्रकृति को समर्पित है। दोनों ही तरह के यज्ञों का वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व है। देवयज्ञ से जलवायु और पर्यावरण में सुधार होता है तो वैश्वदेवयज्ञ प्रकृति और प्राणियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का तरीका है। सभी प्राणियों तथा वृक्षों के प्रति करुणा और कर्त्तव्य समझना उन्हें अन्न-जल देना ही भूतयज्ञ या वैश्वदेव यज्ञ कहलाता है।
- हिन्दू धर्मानुसार वृक्ष में भी आत्मा होती है। वृक्ष संवेदनशील होते हैं और उनके शक्तिशाली भावों के माध्यम से आपका जीवन बदल सकता है। प्रत्येक वृक्ष का गहराई से विश्लेषण करके हमारे ऋषियों ने यह जाना की पीपल और वट वृक्ष सभी वृक्षों में कुछ खास और अलग है। इनके धरती पर होने से ही धरती के पर्यावरण की रक्षा होती है। यही सब जानकर ही उन्होंने उक्त वृक्षों के संवरक्षण और इससे मनुष्य के द्वारा लाभ प्राप्ति के हेतु कुछ विधान बनाए गए उन्ही में से दो है पूजा और परिक्रमा।
- स्कन्द पुराण में वर्णित पीपल के वृक्ष में सभी देवताओं का वास है। पीपल की छाया में ऑक्सीजन से भरपूर आरोग्यवर्धक वातावरण निर्मित होता है। इस वातावरण से वात, पित्त और कफ का शमन-नियमन होता है तथा तीनों स्थितियों का संतुलन भी बना रहता है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।
- अथर्ववेद के उपवेद आयुर्वेद में पीपल के औषधीय



गुणों का अनेक असाध्य रोगों में उपयोग वर्णित है। औषधीय गुणों के कारण पीपल के वृक्ष को 'कल्पवृक्ष' की संज्ञा दी गई है। पीपल के वृक्ष में जड़ से लेकर पत्तियों तक तैंतीस कोटि देवताओं का वास होता है और इसलिए पीपल का वृक्ष प्रात: पूजनीय माना गया है। उक्त वृक्ष में जल अर्पण करने से रोग और शोक मिट जाते हैं। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इसके कई पुरातात्विक प्रमाण भी है। गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं, 'हे पार्थ वृक्षों में मैं पीपल हूं।' अश्वत्थोपनयन व्रत के संदर्भ में महर्षि शौनक कहते हैं कि मंगल मुहूर्त में पीपल वृक्ष की नित्य तीन बार परिक्रमा करने और जल चढ़ाने पर दरिद्रता, दु:ख और दुर्भाग्य का विनाश होता है। पीपल के दर्शन-पूजन से दीर्घायु तथा समृद्धि प्राप्त होती है। अश्वत्थ व्रत अनुष्ठान से कन्या अखण्ड सौभाग्य पाती है। सड़क के किनारे पीपल का वृक्ष लगाने, तथा उसका पालन करने वाला देवलोक प्राप्त करता है। पीपल के वृक्षों का रोपण करने वाला इस लोक में तो कीर्ति प्राप्त करता है, मृत्युपरांत भी मोक्ष को प्राप्त होता है। इसमें संदेह नहीं है।

- बरगद को वटवृक्ष कहा जाता है। हिंदू धर्म में वट सावत्री नामक एक त्योहार पूरी तरह से वट को ही समर्पित है। हिंदू धर्मानुसार चार वटवृक्षों का महत्व अधिक है। अक्षयवट, पंचवट, वंशीवट, गयावट और सिद्धवट के बारे में कहा जाता है कि इनकी प्राचीनता के बारे में कोई नहीं जानता। संसार में उक्त चार वटों को पवित्र वट की श्रेणी में रखा गया है। प्रयाग में अक्षयवट, नासिक में पंचवट, वृंदावन में वंशीवट, गया में गयावट और उज्जैन में पवित्र सिद्धवट है।
- **आम है खास :** हिंदू धर्म में जब भी कोई माँगलिक कार्य होते हैं तो घर या पूजा स्थल के द्वार व दीवारों पर आम के पत्तों की लड़ लगाकर मांगलिक उत्सव के माहौल को धार्मिक और वातावरण को शुद्ध किया जाता है। अक्सर धार्मिक पांडाल और मंडपों में सजावट के लिए आम के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। 5 या अधिक आम के वृक्षों का रोपण पालन करने वाला अनेक दुर्लभ यज्ञों के फल को प्राप्त कर सकता है।
- **भविष्यवक्ता शमी :** विक्रमादित्य के समय में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर ने अपने बृहतसंहिता' नामक ग्रंथ के 'कुसुमलता' नाम के अध्याय में वनस्पति शास्त्र और कृषि उपज के संदर्भ में जो जानकारी प्रदान की है उसमें शमीवृक्ष अर्थात खिजड़े का उल्लेख मिलता है। वराहमिहिर के अनुसार जिस साल शमीवृक्ष ज्यादा फूलता-फलता है उस साल सूखे की स्थिति का निर्माण होता है। विजयादशमी के दिन इसकी पूजा करने का एक तात्पर्य यह भी है कि यह वृक्ष आने वाली कृषि विपत्ती का पहले से संकेत दे देता है जिससे किसान पहले से भी ज्यादा पुरुषार्थ करके आनेवाली विपत्ती से निजात पा सकता है।
- जो मनुष्य अपने घर में फलदार पेड़, पौधे आदि लगाता है और उसकी भली भांति देखभाल करता है, उसे आरोग्य की प्राप्ति होती है।
- जो मनुष्य 5 वट वृक्षों का रोपण और उसका पालन किसी चौराहे या मार्ग में करता है तो, उसकी सात पीढ़ियां तर जाती है। जो मनुष्य नीम के वृक्ष जितने अधिक लगाता है उतनी अधिक उसकी पीढ़ियां तर जाती है.
- वृक्षों के बाग या वाटिका लगाने वाला प्रसिद्धि प्राप्त करता है।
- जो भी व्यक्ति बिल्व वृक्ष का रोपण शिव मंदिर में करता है वह अकाल मृत्यु से मुक्त हो जाता है।
- घर में तुलसी, आंवला, निर्गुण्डी, अशोक, आदि के वृक्ष शुभ फलदायी होते हैं। शीशम के 11 वृक्ष को सड़क पर लगाने से यह लोक और परलोक दोनों ही संवर जाते हैं।
- कनक चम्पा के 2 वृक्ष लगाने वाले का सर्वार्थ कल्याण हो जाता है।
- 5 या अधिक महुआ के वृक्षों का रोपण और पालन करने वाला धन प्राप्त करता है। तथा उसे अनुरूप यज्ञों का फल भी प्राप्त होने लगता है।
- जो भी मनुष्य सड़क के किनारे 2 या 2 से अधिक मौलश्री के वृक्षों का रोपण एवं पालन करता है। वह एक सौ यज्ञों को करने का पुण्य प्राप्त करता है।
- जो भी मनुष्य 5 या अधिक अशोक वृक्ष का रोपण और पालन करता है, उसके घर परिवार में कभी भी अकाल मृत्यु नहीं होती है। उसके यहां अचानक कोई बड़ी मुसीबत खड़ी नहीं होती तथा उसे आगामी जन्म में पुण्यात्मा होने का सौभाग्य प्राप्त होता है।
- जो मनुष्य 5 पलास के वृक्षों का रोपण और पालन करते हैं। उसे 10 गौवों के दान के समतुल्य पुण्य लाभ मिलता है। पलास के वृक्षों को सड़क के किनारे अथवा किसी बड़े क्षेत्र में रोपना चाहिए। इसका रोपण घर में नहीं करना चाहिए।
- जो भी मनुष्य 2 या अधिक हारसिंगार (पारिजात) के पौधों का रोपण श्री हनुमानजी के मंदिर में अथवा नदी के किनारे या किसी भी सामाजिक स्थल पर करता है तो उसे एक लक्ष्य तोला स्वर्णदान के समतुल्य पुण्य प्राप्त होता है तथा उसे जीवन भर श्री हनुमानजी की कृपा मिलती रहती है।
- जो भी व्यक्ति सोमवार के दिन, प्रदोष वाले दिन, शिवरात्री को, श्रावणमास में किसी भी दिन अथवा शिवयोग वाले दिन 5 या अधिक बिल्व वृक्षों का रोपण और उसका नियमित पालन भी करता है तो उसे शिवलोक प्राप्त होता है। यदि इन वृक्षों को कोई भी मनुष्य शिव मंदिर में या मंदिर के समीप रोपण करता है तो निश्चय ही वह कोटि कोटि पुण्य का भागीदार तो होता ही है और उसे व उसके परिवार पर भगवान शिव की असीम अनुकम्पा भी प्राप्त होती है।



# परिक्रमा या प्रदक्षिणा के 10 प्रकार

**सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं और सभी ग्रहों को साथ लेकर यह सूर्य महासूर्य की परिक्रमा कर रहा है। संपूर्ण ब्रह्माण में चक्र और परिक्रमा का बड़ा महत्व है। भारतीय धर्मों (हिन्दू, जैन, बौद्ध आदि) में पवित्र स्थलों के चारो ओर श्रद्धाभाव से चलना 'परिक्रमा' या 'प्रदक्षिणा' कहलाता है। आओ जानते हैं कि किन किन की परिक्रमा की जाती है या कितने प्रकार की परिक्रमा की जाती है। ये हैं प्रमुख 10 परिक्रमाएं -**

## देवमंदिर परिक्रमा
जैसे देव मंदिर में जगन्नाथ पुरी परिक्रमा, रामेश्वरम, तिरुवन्नमल, तिरुवनन्तपुरम, शक्तिपीठ, ज्योतिर्लिंग आदि।

## देव मूर्ति परिक्रमा
देवमूर्ति में शिव, दुर्गा, गणेश, विष्णु, हनुमान, कार्तिकेय आदि देवमूर्तियों की परिक्रमा करना।

## नदी परिक्रमा
जैसे नर्मदा, सिंधु, सरस्वती, गंगा, यमुना, सरयु, क्षिप्रा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी परिक्रमा आदि।

## पर्वत परिक्रमा
जैसे गोवर्धन परिक्रमा, गिरनार, कामदगिरि, मेरू पर्वत, हिमालय, नीलगिरी, तिरुमलै परिक्रमा आदि।

## वृक्ष परिक्रमा
जैसे पीपल और बरगद की परिक्रमा करना।

## तीर्थ परिक्रमा
जैसे चौरासी कोस परिक्रमा, अयोध्या, उज्जैन या प्रयाग पंचकोशी यात्रा, राजिम परिक्रमा, सप्तपुरी आदि।

## चार धाम परिक्रमा
जैसे छोटा चार धाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री) परिक्रमा या बड़ा चार धाम (बद्रीनाथ, द्वारिका, जगन्नाथ और रामेश्वरम) यात्रा।

## भरत खण्ड परिक्रमा
अर्थात संपूर्ण भारत की परिक्रमा करना। परिवाज्रक संत और साधु ये यात्राएं करते हैं। इस यात्रा के पहले क्रम में सिंधु की यात्रा, दूसरे में गंगा की यात्रा, तीसरे में ब्रहमपुत्र की यात्रा, चौथे में नर्मदा, पांचवें में महानदी, छटे में गोदावरी, सातवें में कावेरी, आठवें में कृष्णा और अंत में कन्याकुमारी में इस यात्रा का अंत होता है। हालांकि प्रत्येक साधु समाज में इस यात्रा का अलग-अलग विधान और नियम है।

## विवाह परिक्रमा
मनु स्मृति में विवाह के समक्ष वधू को अग्नि के चारों ओर तीन बार प्रदक्षिणा करने का विधान बतलाया गया है जबकि दोनों मिलकर 7 बार प्रदक्षिणा करते हैं तो विवाह संपन्न माना जाता है।

## माता पिता की परिक्रमा
भगवान गणेशजी ने अपने माता पिता की परिक्रमा की थी जिससे पता चलता है कि इस परिक्रमा का क्या महत्व है।


## शव परिक्रमा
जब कोई किसी का अपना देह छोड़ देता है कि उसकी देह की परिक्रमा की जाती है। दाह संस्कार करते वक्त और करने के बाद मटकी से जल अर्पित करते वक्त भी परिक्रमा की जाती है।

## धरती की परिक्रमा
एक बार देवताओं के बीच में धरती परिक्रमा की प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें जीते तो भगवान कार्तिकेय थे परंतु गणेशजी ने माता पिता की परिक्रमा करके यह प्रतियोगिता जीत ली थी।

## ब्रह्मांड की परिक्रमा
यह परिक्रमा नारद जी करते रहते हैं।

### किस देव की कितनी बार परिक्रमा?

- भगवान शिव की आधी परिक्रमा की जाती है।
- माता दुर्गा की एक परिक्रमा की जाती है।
- हनुमानजी और गणेशजी की तीन परिक्रमा की जाती है।
- भगवान विष्णु की चार परिक्रमा की जाती है।
- सूर्यदेव की चार परिक्रमा की जाती है।
- पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमाएं करना चाहिए।
- जिन देवताओं की प्रदक्षिणा का विधान नहीं प्राप्त होता है, उनकी तीन प्रदक्षिणा की जा सकती है।



# ब्रह्मा के पुत्र क्रतु ऋषि के थे 60 हजार पुत्र

**पुराणों अनुसार ब्रह्मा जी के मानस पुत्र- मन से मारिचि, नेत्र से अत्रि, मुख से अंगिरस, कान से पुलस्त्य, नाभि से पुलह, हाथ से कृतु, त्वचा से भृगु, प्राण से वशिष्ठ, अंगुष्ठ से दक्ष, छाया से कंदर्भ, गोद से नारद, इच्छा से सनक, सनन्दन, सनातन, सनतकुमार, शरीर से स्वायंभुव मनु, ध्यान से चित्रगुप्त आदि। आओ जानते हैं ऋषि अंगिरा के बारे मं संक्षिप्त में जानकारी।**

## ब्रह्मा के पुत्र कृतु ऋषि :

- कृतु या क्रतु का जन्म ब्रह्माजी के हाथ से हुआ था। क्रतु 16 प्रजापतियों में से एक हैं। इनकी गणना सप्तर्षियों में की जाती है।
- ब्रह्मा की आज्ञा से उन्होंने दक्ष प्रजापति और क्रिया की पुत्री सन्नति से विवाह किया था। कहते हैं कि क्रतु और सन्नति से 'बालिखिल्य' नाम के 60 हजार पुत्र हुए। इन बालखिल्यों का आकार अंगूठे के बराबर माना जाता है। यह सभी पुत्र भगवान सूर्य के उपासक थे। सूर्य के रथ के आगे अपना मुख सूर्य की ओर किये हुए बालखिल्य चलते हैं और उनकी स्तुति करते हैं। इन ब्रह्मर्षियों की तपस्या शक्ति सूर्यदेव को प्राप्त होती रहती है।
- पुराणों अनुसार एक बार महर्षि मरीचि के पुत्र महर्षि कश्यप एक यज्ञ कर रहे थे। उन्होंने अपने तात महर्षि क्रतु से निवेदन किया कि वे उस यज्ञ के लिए ब्रह्मा का स्थान ग्रहण करें। अपने भतीजे के निवेदन पर महर्षि क्रतु अपने 60 हजार पुत्रों के साथ महर्षि कश्यप के यज्ञ में पधारे। उसी यज्ञ में देवराज इंद्र और महर्षि क्रतु के पुत्र बालखिल्यों में विवाद हो चला तब अपने पिता और महर्षि कश्यप द्वारा बीच-बचाव करने पर बालखिल्यों ने ही पक्षीराज गरुड़ को महर्षि कश्यप को पुत्र रूप में प्रदान किया था।
- पुराणों में महर्षि क्रतु की दो बहनों- पुण्य एवं सत्यवती का भी वर्णन मिलता है। महर्षि क्रतु और सन्नति की एक पुत्री का नाम भी पुण्य था। इसके साथ ही पर्वासा नाम की एक पुत्रवधु का भी वर्णन मिलता है।
- सर्वप्रथम वेद एक रूप में ही ब्रह्मा द्वारा उत्पन्न किए गए थे। बाद में महर्षि क्रतु ने ही वेदों के चार भाग करने में उनकी सहायता की थी। आगे चलकर वराहकल्प में क्रतु ऋषि ही महाभारत काल में वेद व्यास ऋषि हुए।
- मनु के पुत्र उत्तानपाद और उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव से महर्षि क्रतु अत्यंत प्रेम करते थे। जब अपने पिता से उपेक्षित होकर ध्रुव ने परमलोक की प्राप्ति करने की सोची तो सबसे पहे वो महर्षि क्रतु के पास गया। क्रतु ने ध्रुव को भगवान विष्णु की तपस्या करने की सलाह दी। बाद में देवर्षि नारद द्वारा अनुमोदन करने पर ध्रुव ने विष्णुजी की घोर तपस्या की और उनकी कृपा से परमलोक को प्राप्त हुआ। क्रतु ऋषि नाम का एक तारा है जो ध्रुव की परिक्रमा करने में आज भी लीन है। ध्रुव के प्रति अपने प्रेम के कारण ही महर्षि क्रतु उसके समीप चले गए।
- पुराणों में महर्षि क्रतु को महर्षि अगस्त्य के वातापि भक्षण और समुद्र को पी जाने के कारण उनकी प्रशंसा करते हुए भी बताया गया है। कुछ ग्रंथों में इस बात का वर्णन है कि महर्षि क्रतु ने महर्षि अगस्त्य के पुत्र ईधवाहा को भी गोद लिया था। इसके अलावा महाराज भरत ने महर्षि क्रतु से देवताओं के चरित्र के विषय में प्रश्न किया था। तब महर्षि क्रतु ने उनकी इस शंका का समाधान किया था।
- क्रतु नाम से एक अग्नि का नाम भी है और श्रीकृष्ण और जाम्बवती के कई पुत्रों में से एक का नाम क्रतु था। प्लक्षद्वीप की एक नदी का नाम भी क्रतु है। क्रतु का एक अर्थ 'आषाढ़' भी होता है और वर्ष के इसी मास में अधिकांश यज्ञ करने का प्रावधान शास्त्रों में बताया गया है।
- मैत्रेय संहिता के अनुसार एक बार यज्ञ से प्राप्त पशुओं का देवाताओं ने विभाजन कर दिया और उन्होंने रुद्र को उस विभाजन के हिस्से में शामिल नहीं किया तब रुद्रदेव क्रोधित हो गए और उन्होंने देवताओं पर आक्रमण कर दिया। इस आक्रमण में पूषणा के दन्त, भग के नेत्र और क्रतु के अंडकोषों को नष्ट हो गए। बाद में ब्रह्माजी ने उनकी स्तुति करके उन्हें शांत किया और उन्हें 'पशुपति' की उपाधि दी। फिर रुद्रदेव ने सभी को पहले जैसा कर दिया।

# 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' में डॉ. मांडविया ने दिया जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाने का संदेश

एजेंसी



**नई दिल्ली :** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 82वें संस्करण का नेतृत्व किया। उन्होंने लोगों से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और साइकिलिंग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग प्रदूषण का समाधान है और इससे स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण को भी लाभ मिलता है।

इस बार यह अभियान देशभर में 15,000 से अधिक स्थानों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें लाखों स्वास्थ्यकर्मियों और नागरिकों ने भाग लिया।

दिसंबर, 2024 में शुरू किए गए इस अभियान ने अब जनआंदोलन का रूप ले लिया है। इसका उद्देश्य लोगों को फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज के मंत्र के साथ प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि के लिए प्रेरित करना है। अब तक इस अभियान में 30 लाख से अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से भाग ले चुके हैं, जबकि 2025 से अब तक 8 करोड़ से अधिक लोगों तक फिट इंडिया अभियान का संदेश पहुंच चुका है।

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी ओलंपियन और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी स्वर्ण पदक विजेता प्रीति दुबे, फिट इंडिया चैंपियन चारुल मलिक तथा आयुष मंत्रालय की योग एवं वेलनेस विशेषज्ञ अनीता सोलंकी ने भी इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आसपास साइकिल चलाकर लोगों को फिटनेस का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अपनी साइकिल लेकर भी पहुंचे।


इस आयोजन में साइकिलिंग के अलावा दौड़, योग, जुम्बा जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। बच्चों को आकर्षित करने के लिए विशेष गेम जोन बनाया गया, जिसमें बड़े आकार का लूडो, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, फुटसल और बैडमिंटन जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, आज फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 82वां संस्करण आयोजित किया गया। देशभर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लाखों स्वास्थ्यकर्मियों ने 15,000 से अधिक स्थानों पर साइकिल चलाकर प्रधानमंत्री के फिट इंडिया आंदोलन को नई ऊर्जा दी है। यदि आप हर रविवार सिर्फ एक घंटा साइकिल चलाते हैं, तो आप खुद को फिट रख सकते हैं, प्रदूषण कम करने में योगदान दे सकते हैं, देश के ईंधन संसाधनों की बचत कर सकते हैं और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इन्हीं उद्देश्यों से प्रेरित होकर देशभर के लाखों युवा अब साइकिलिंग को अपना रहे हैं।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंशुल मुद्गल ने कहा, दिल्ली में अब तक 415 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए जा चुके हैं। इनका मुख्य उद्देश्य लोगों को बीमार होने से पहले ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसी सोच के साथ हम भारतीय खेल प्राधिकरण के फिट इंडिया अभियान के तहत 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' से जुड़े हैं। इस पहल के माध्यम से लोगों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह एक बेहतरीन पहल है और इसका हिस्सा बनकर हमें खुशी है।

फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, राहगीरी फाउंडेशन और माई भारत के सहयोग से किया जाता है। यह अभियान भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों, साई प्रशिक्षण केंद्रों, खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित किया जाता है।

## फ्रांस फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच होंगे जिनेदिन जिदान



एजेंसी

**पेरिस :** फ्रांस के महान फुटबॉलर जिनेदिन जिदान फ्रांस की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (लेस ब्लू) के नए मुख्य कोच बनने जा रहे हैं। फ्रांसीसी समाचार पत्र एल'इकिप के अनुसार, जिदान एक सितंबर से टीम की कमान संभालेंगे। वह डिडिएर डेशां की जगह लेंगे, जिनका 14 वर्षों का सफल कार्यकाल फीफा विश्व कप 2026 के साथ समाप्त हो गया।

डेशां का कार्यकाल शनिवार को मियामी में खेले गए फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले के बाद समाप्त हुआ, जिसमें फ्रांस को इंग्लैंड के हाथों 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

डिडिएर डेशां ने वर्ष 2012 में फ्रांस की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में फ्रांस ने 2018 फीफा विश्व कप का खिताब जीता, 2022 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई और 2026 विश्व कप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जहां टीम स्पेन से हार गई।

फ्रेंच फुटबॉल महासंघ (एफएफएफ) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में डेशां के योगदान की सराहना करते हुए कहा, एफएफएफ वर्ष 2012 से फ्रांस की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में डिडिएर डेशां द्वारा किए गए असाधारण कार्य के लिए उन्हें सलाम करता है और उनका धन्यवाद करता है। कुछ ही दिनों में अपने पद से विदा लेते हुए डेशां फ्रांस की राष्ट्रीय टीम और फ्रांसीसी फुटबॉल के लिए लगभग 25 वर्षों की असाधारण सेवा का अध्याय समाप्त कर रहे हैं। कुछ करियर ऐसे होते हैं जो किसी संस्था और देश के इतिहास पर अमिट छाप छोड़ जाते हैं।

महासंघ ने आगे कहा, डिडिएर डेशां अनुशासन, कठोरता, सामूहिक भावना और नीली जर्सी के प्रति समर्पण के प्रतीक रहे। उनके नेतृत्व में फ्रांस की टीम ने अपनी विश्वसनीयता, सम्मान और प्रशंसकों का विश्वास दोबारा हासिल किया। टीम ने 2018 विश्व कप और 2021 यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता तथा कई बड़े टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुंची।

एफएफएफ ने कहा, 185 मैचों और 120 जीत से कहीं बढ़कर, डेशां ने प्रदर्शन और जिम्मेदारी की ऐसी संस्कृति विकसित की, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। उन्होंने कई नए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार किया, टीम को मजबूत मूल्यों के साथ एकजुट रखा और फ्रांसीसी जनता तथा राष्ट्रीय टीम के बीच रिश्ते को और मजबूत किया।

## एफआईएच यूथ हॉकी 5 एस एशियाई चैंपियनशिप में भारत की नजर खिताब पर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारतीय सब-जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें उद्घाटन एफआईएच यूथ हॉकी5एस एशियाई चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन के इरादे से मैदान में उतरेंगी। ओमान के मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाला यह टूर्नामेंट उद्घाटन एफआईएच अंडर-18 यूथ हॉकी5एस विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर भी होगा। इस प्रतियोगिता में एशिया की उभरती हुई सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेंगी और महाद्वीपीय खिताब के साथ विश्व कप का टिकट हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगी।

सरदार सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय सब-जूनियर पुरुष टीम हाल ही में अंडर-18 एशिया कप 2026 का खिताब जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। भारत ने फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। टीम को एलीट पूल में मेजबान ओमान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है।

पूर्व भारतीय कप्तान रानी की कोचिंग में भारतीय सब-जूनियर महिला टीम भी प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेगी। यह टीम अंडर-18 महिला एशिया कप 2026 में कांस्य पदक जीत चुकी है। महिला टीम को एलीट पूल में चीन, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है।

भारत अपने अभियान की शुरूआत 20 जुलाई को करेगा। महिला टीम पहले कजाकिस्तान से भिड़ेगी, जबकि पुरुष टीम शाम को बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी।

इसके बाद पुरुष टीम 21 जुलाई को ओमान और पाकिस्तान का सामना करेगी तथा 23 और 24 जुलाई को इन्हीं टीमों के खिलाफ वापसी मुकाबले खेलेगी। महिला टीम 21 जुलाई को चीन और उज्बेकिस्तान से भिड़ेगी, जबकि 23 जुलाई को दोबारा कजाकिस्तान और 24 जुलाई को चीन तथा उज्बेकिस्तान के खिलाफ वापसी मैच खेलेगी। वर्गीकरण मुकाबले 25 जुलाई को होंगे। टूर्नामेंट में एलीट पूल के मुकाबले डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जाएंगे। लीग चरण की शीर्ष दो टीमें सीधे स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचेंगी, जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई करेगी।

भारतीय सब-जूनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच सरदार सिंह ने कहा, अंडर-18 एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर खिलाड़ियों ने यह अवसर हासिल किया है। खिताब जीतने से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है, लेकिन हॉकी5एस तेज गति और त्वरित निर्णय लेने वाला प्रारूप है। खिलाड़ियों ने अच्छी तैयारी की है। हमारा लक्ष्य अपनी योजनाओं को सही ढंग से लागू करना, निरंतरता बनाए रखना और उद्घाटन एफआईएच अंडर-18 यूथ हॉकी5एस विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है। हमें एशिया की सर्वश्रेष्ठ युवा टीमों के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व करने का इंतजार है।

## इंग्लैंड ने फ्रांस को 6-4 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया

एजेंसी



**मियामी :** इंग्लैंड ने शनिवार को फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में फ्रांस को रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर 1966 में विश्व चैंपियन बनने के बाद विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

इंग्लैंड ने पहले हाफ में ही चार गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली थी। हालांकि दूसरे हाफ में फ्रांस ने चार गोल कर जोरदार वापसी की कोशिश की, लेकिन अंत में बुकायो साका ने पेनल्टी पर अपना हैट्रिक गोल दागा और जूद बेलिंगहैम ने स्टॉपेज टाइम में गोल कर इंग्लैंड की जीत पर मुहर लगा दी।

इंग्लैंड के लिए पहले हाफ में डेक्लान राइस और एजरी कॉन्सा ने भी गोल किए और टीम को मजबूत बढ़त दिलाई।

फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने मुकाबले में दो गोल किए। इसके साथ ही वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल (10) करने वाले खिलाड़ी बन गए और गोल्डन बूट की दौड़ में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए।

## रिजर्व पुलिस लाइंस में 74वीं अंतरजनपदीय वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता शुरू



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज कमिश्नरेट के रिजर्व पुलिस लाइंस में रविवार को 74वीं अंतरजनपदीय वॉलीबॉल क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस उपायुक्त मुख्यालय पंकज ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ आपसी समन्वय और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा देती हैं।

इस प्रतियोगिता में कमिश्नरेट प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर, बांदा, महोबा और चित्रकूट सहित सात जनपदों की महिला एवं पुरुष टीमों के 90 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## हम कोच डिडिएर डेशां को जीत के साथ विदाई देना चाहते थे: एम्बाप्पे

एजेंसी



**मियामी :** फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में इंग्लैंड से 6-4 की हार के बाद फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने कहा कि टीम अपने विदाई ले रहे मुख्य कोच डिडिएर डेशां को जीत के साथ विदाई देना चाहती थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी टीम पहले हाफ में पूरी तरह बिखर गई थी, लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने फिर विश्व स्तरीय प्रदर्शन किया।

मियामी स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले हाफ में 4-0 की बढ़त बना ली थी। डेक्लान राइस, एजरी कॉन्सा और बुकायो साका (दो गोल) ने इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। विश्व कप इतिहास में यह पहला अवसर था जब फ्रांस ने किसी एक हाफ में चार गोल खाए।

मैच के बाद एम्बाप्पे ने कहा, मैच के दो बिल्कुल अलग-अलग हिस्से थे। पहले हाफ को देखकर मैं समझ सकता हूं कि कुछ लोगों को लगा होगा कि हमने खुद को हास्यास्पद बना लिया और फ्रांस की जर्सी का सम्मान नहीं किया। लेकिन मैं कहूंगा कि हम इंसान हैं, हालांकि इस स्तर पर हमें ऐसी गलती की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। हम पूरी तरह हिल गए थे और इंग्लैंड ने हमें झकझोर कर रख दिया।

उन्होंने आगे कहा, दूसरे हाफ में हम फिर वही शीर्ष स्तर के खिलाड़ी बन गए, मानसिक रूप से मजबूत और पूरी तरह तैयार। दुर्भाग्य से हम मैच नहीं जीत सके और इसका सबसे ज्यादा दुख हमारे कोच डिडिएर डेशां के लिए है। हम उनके लिए कुछ खास करना चाहते थे। पहले हाफ को देखकर ऐसा लगा जैसे हमने उन्हें निराश किया, लेकिन हम कभी भी उन्हें ऐसा महसूस नहीं कराना चाहते थे। हालांकि मुझे पूरा विश्वास है कि यह एक मैच डिडिएर डेशां की महान विरासत को कभी धूमिल नहीं करेगा।

चार गोल से पिछड़ने के बाद फ्रांस ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी की। एम्बाप्पे ने दो गोल किए, जबकि ब्रैडली बारकोला ने एक गोल कर स्कोर 4-3 कर दिया। एम्बाप्पे के इन दो गोलों के साथ वह फीफा विश्व कप इतिहास में सर्वाधिक 22 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए और उन्होंने लियोनेल मेसी को पीछे छोड़ दिया। हालांकि 87वें मिनट में बुकायो साका ने पेनल्टी पर अपना हैट्रिक पूरा कर इंग्लैंड की बढ़त फिर मजबूत कर दी। उस्मान डेम्बेले ने फ्रांस के लिए एक और गोल किया, लेकिन स्टॉपेज टाइम में जूद बेलिंगहैम ने गोल कर इंग्लैंड की 6-4 की जीत सुनिश्चित कर दी।

यह मुकाबला फ्रांस के मुख्य कोच डिडिएर डेशां का आखिरी मैच भी था। उन्होंने 2012 में टीम की कमान संभाली थी और उनके नेतृत्व में फ्रांस ने 2018 फीफा विश्व कप का खिताब जीता, 2022 में फाइनल खेला और 2026 विश्व कप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। इंग्लैंड के खिलाफ मिली हार के साथ उनके 14 वर्षों के सफल कार्यकाल का समापन हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट टीम ने स्काईलाइन को 29 रनों से दी मात



**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में ब्रास सिटी इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को एमपीएस क्रिकेट एकेडमी के ग्राउंड पर आयोजित लीग मैच में मॉडर्न पब्लिक क्रिकेट टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्काईलाइन को 28 रन से हराकर जीत दर्ज की। दानिश आलम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि रविवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट टीम ने निर्धारित 30 ओवर में आठ विकेट पर 236 रन की पारी खेली। जवाब में स्काईलाइन की टीम 30 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट टीम की ओर से दानिश आलम ने 71 गेंदों पर 97 रन की शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 11 चौके और चार छक्के जड़े। उनके अलावा आयुष सिंह नाबाद 24, प्रतिक्षा नाबाद 12, आयुष पाल 20 और राजवीर सिंह ने 20 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काईलाइन की शुरूआत अच्छी रही। टीम की ओर से आरव कश्यप ने 37 गेंदों पर 55 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। दीपांशु चौधरी ने 30 और कप्तान रोहन सिंह ने 23 रन बनाए। अंत में पलक सिंह ने 19 गेंदों में 33 रन बनाकर संघर्ष किया लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। गेंदबाजी में एमपीएस रेड के लिए वंश सक्सेना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि प्रतीक्षा और सोहिल राघव ने दो-दो विकेट हासिल किए। दानिश आलम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### एलए नाइट राइडर्स ने पहली बार जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब



**ओकलैंड :** सुनील नरेन और जेसन होल्डर की शानदार गेंदबाजी के दम पर लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स (एलए नाइट राइडर्स) ने इतिहास रचते हुए पहली बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया। ओकलैंड कोलिजियम में स्थानीय समयानुसार शनिवार रात खेले गए रोमांचक फाइनल में एलए नाइट राइडर्स ने गत चैंपियन वॉशिंगटन फ्रीडम को एक रन से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस जीत के साथ एमआई न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन फ्रीडम के तीन साल के दबदबे का भी अंत हो गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलए नाइट राइडर्स की टीम 19.4 ओवर में 164 रन पर सिमट गई। टीम के लिए आंद्रे फ्लेचर ने 27 गेंदों में 47 रन, कॉलिन मुनरो ने 29 गेंदों में 40 रन और मैथ्यू ट्रॉम्प ने 21 गेंदों में 39 रनों की तेज पारी खेली। वॉशिंगटन फ्रीडम की ओर से बेन ड्वारशुइस ने तीन विकेट, जबकि रचिन रविंद्र और निखिल चौधरी ने दो-दो विकेट लिए। 165 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉशिंगटन फ्रीडम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन और कप्तान जेसन होल्डर ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर टीम को दबाव में बनाए रखा। नरेन ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि होल्डर ने तीन विकेट हासिल किए। हालांकि, ओबस पीनार ने निचले क्रम में 24 गेंदों पर 53 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर मुकाबले को आखिरी गेंदों तक पहुंचा दिया। उन्होंने अकेले दम पर वॉशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन उनकी शानदार पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। वॉशिंगटन की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन ही बना सकी और उसे एक रन से हार का सामना करना पड़ा। एलए नाइट राइडर्स ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए पहली बार एमएलसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

### इंग्लैंड से मिली हार के बाद फ्रांस के कोच डेशां ने कहा- हार की जिम्मेदारी मेरी



**मियामी :** फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में इंग्लैंड से 6-4 की हार के बाद फ्रांस के मुख्य कोच डिडिएर डेशां ने अपनी टीम के पहले हाफ के प्रदर्शन को शर्मनाक बताया। उन्होंने हार की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए कहा कि टीम ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी की कोशिश की, लेकिन तीसरे स्थान पर रहने का मौका गंवा दिया। इंग्लैंड ने मियामी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में फ्रांस को 6-4 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस हार के साथ ही डेशां का 14 वर्षों का सफल कार्यकाल भी समाप्त हो गया। मैच के बाद डेशां ने कहा, यह हार है। हम 4-0 से पीछे थे। हमने पहला हाफ शर्मनाक खेला। हालांकि इसके बाद हमने जुझारूपन दिखाया और कई अच्छी चीजें भी कीं। हमारे पास स्कोर 4-4 से बराबर करने के दो मौके थे। उसके बाद हमने और अधिक आक्रामक खेल दिखाया। हमने वही करने की कोशिश की जो हम जानते हैं। इसकी जिम्मेदारी मेरी है। पहले हाफ में मैं वह नहीं कर पाया जो करना चाहिए था। कम से कम दूसरे हाफ में हमारी टीम ने अपना असली खेल दिखाया, भले ही हार का दर्द बना हुआ है। निश्चित रूप से तीसरे स्थान पर रहना बेहतर होता। फ्रांस पहले हाफ में 0-4 से पिछड़ गया था। दूसरे हाफ में किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल किए, जबकि ब्रैडली बारकोला ने एक गोल कर स्कोर 4-3 कर दिया। एम्बाप्पे के दो गोलों के साथ वह फीफा विश्व कप इतिहास में सर्वाधिक 22 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए और उन्होंने लियोनेल मेसी को पीछे छोड़ दिया। हालांकि 87वें मिनट में बुकायो साका ने पेनल्टी पर अपना हैट्रिक पूरा कर इंग्लैंड को फिर बढ़त दिला दी। इसके बाद उस्मान डेम्बेले ने फ्रांस के लिए एक और गोल किया, लेकिन स्टॉपेज टाइम में जूद बेलिंगहैम ने गोल कर इंग्लैंड की 6-4 की जीत सुनिश्चित कर दी।

## खराब मौसम का असर, वैष्णो देवी यात्रा 19 जुलाई से स्थगित

**- जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और भूस्खलन की चेतावनी**

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में लगातार खराब मौसम और भारी बारिश के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा को 19 जुलाई से अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है। यह निर्णय प्रशासन द्वारा जारी खराब मौसम की चेतावनी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। बोर्ड ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में जारी मूसलाधार बारिश के कारण रियासी जिले के कटरा स्थित त्रिकुटा पहाड़ियों पर भूस्खलन का खतरा काफी बढ़ गया है, जिससे मंदिर मार्ग असुरक्षित हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, भारी बारिश के बाद मंदिर की ओर जाने वाले नए मार्ग पर हिमकोटी के पास भूस्खलन हुआ, जिसके बाद बोर्ड ने तत्काल मलबे को हटाने के लिए कर्मचारी और मशीनें तैनात की हैं। इससे पहले 8 जुलाई को भी मंदिर मार्ग भूस्खलन से प्रभावित हुआ था, जिसके चलते बैटरी कार सेवा को अस्थाई रूप से निलंबित करना पड़ा था। हालांकि, उस समय सैकड़ों तीर्थयात्रियों ने भूस्खलन के बावजूद अपनी पैदल यात्रा जारी रखी थी, लेकिन वर्तमान गंभीर स्थिति को देखते हुए पूरी यात्रा को रोकने का फैसला किया गया है।

## जैसलमेर में भीषण सड़क हादसा : कार-बाइक जलकर खाक, एक युवक की दर्दनाक मौत

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक भीषण सड़क हादसे में कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दर्दनाक घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टक्कर के बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई, जो पूरी तरह जलकर खाक हो गए। गनीमत रही कि कार में सवार एक ज्वेलर समेत तीन लोग चमत्कारिक रूप से बच निकलने में कामयाब रहे। पुलिस के अनुसार, यह हादसा जैसलमेर-नेहड़ाई रोड पर बोहा और नेहड़ाई गांव के बीच रात करीब 9 बजे हुआ। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार हवा में लगभग 20 फीट उछलकर दूर जा गिरा। टक्कर के तुरंत बाद मोटरसाइकिल कार के अगले हिस्से में फंस गई, जिससे भीषण शॉर्ट सर्किट हुआ और दोनों वाहनों में आग लग गई। आग इतनी तेज़ थी कि दोनों वाहन कुछ ही मिनटों में कबाड़ में तब्दील हो गए। हादसे के बाद आग से कार के दरवाजे ऑटोमैटिक लॉक हो गए, जिससे कार सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, पीछे का एक दरवाजा खुलने से ज्वेलर समेत तीनों लोग समय रहते कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि वे गहने देकर वापस लौट रहे थे। पुलिस ने मृत युवक के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। मोहनगढ़ पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को अस्पताल पहुंचाया, क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु करवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया का कर्मी गिरफ्तार

पटना (एजेंसी)। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने वर्ष 2016 की नोटबंदी के दौरान हुए कथित वित्तीय अनियमितता के एक बड़े मामले में कार्रवाई की है। ईओयू ने कोडरमा जिले के डोमचांच स्थित बैंक ऑफ इंडिया की फुलवरिया शाखा में कार्यरत बैंककर्मी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया है। उस पर गया शाखा में पदस्थापित रहते हुए अन्य लोगों के साथ मिलकर ग्राहक के बैंक खाते का दुरुपयोग कर लाखों रुपये के संदिग्ध लेनदेन को अंजाम देने का आरोप है। ईओयू के अनुसार, अरविंद कुमार नोटबंदी के समय बैंक ऑफ इंडिया की गया शाखा में कार्यरत था। आरोप है कि उसने वादी राजेश कुमार के बैंक खाते का कथित तौर पर उसकी जानकारी और सहमति के बिना उपयोग कर लाखों रुपये का संदिग्ध लेन-देन किया था। राजेश कुमार की शिकायत पर गया में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसे बाद में जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई को सौंप दिया गया। विस्तृत जांच और बैंकिंग दस्तावेजों के परीक्षण के बाद ईओयू को अरविंद कुमार की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिले। इसके बाद निगरानी अदालत से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश की जा रही थी। ईओयू की टीम ने कोडरमा पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों का मानना है कि इस कार्रवाई से नोटबंदी के दौरान हुए इस कथित वित्तीय नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों और लेनदेन के व्यापक दायरे का खुलासा हो सकता है। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है।

## निर्वस्त्र होकर मंदिर पहुंची, मूर्ति लेकर तालाब में कूदी महिला इंजीनियर

**-सॉफ्टवेयर इंजीनियर तेजस्विनी की मौत के मिले नए सुराग**

हैदराबाद (एजेंसी)। पीरजादीगुड़ा के एक तालाब में मिले सॉफ्टवेयर इंजीनियर तेजस्विनी के शव मामले में पुलिस जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार, एक मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में तेजस्विनी को मंदिर परिसर में जाते हुए देखा गया है। जांच में सामने आया है कि वह मंदिर से एक मूर्ति लेकर तालाब की ओर गई थी। पुलिस अब इस पूरे घटनाक्रम के पीछे की वजहों का पता लगाने में जुटी है। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, तेजस्विनी कपड़े उतारकर मंदिर पहुंची और वहां से अण्मावारू की मूर्ति उठाई। इसके बाद वह मूर्ति लेकर तालाब की ओर चली गई। पुलिस का कहना है कि तालाब में उसके कूदने का कोई प्रत्यक्ष सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला है। फिलहाल तालाब में मूर्ति की तलाश की जा रही है। पुलिस का मानना है कि मूर्ति मिलने से जांच को महत्वपूर्ण दिशा मिल सकती है। जांच के दौरान तेजस्विनी के निजी जीवन से जुड़ी कुछ जानकारियां भी सामने आई हैं। पुलिस के अनुसार, वह जिस फ्लैट में किराए पर रह रही थी, उसका किराया काफी अधिक था। वह रोजाना करीब 3500 रुपये का भुगतान करती थी, जो महीने में एक लाख रुपये से अधिक बैठता है। जिस अपार्टमेंट में वह रहती थी, उसकी ऊपरी मंजिलों पर लॉज संचालित होने की जानकारी भी मिली है। पुलिस ने पूरे परिसर की जांच की है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस मामले में आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए कई पहलुओं की जांच कर रही है। इसमें पैसों के लेनदेन, आसपास रहने वाले लोगों की भूमिका और अन्य परिस्थितियों को शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तेजस्विनी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस ने तेजस्विनी की मां अरुणा से भी पूछताछ की है। जांच अधिकारी घटनाक्रम से जुड़े सभी साक्ष्यों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल मामले में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पुलिस सभी संभावित कारणों की पड़ताल कर रही है।

# राहुल-खरगे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी कहा- चुप्पी से काम नहीं चलेगा

### अयोध्या के राम मंदिर में हुई चोरी का मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र से पहले राम मंदिर चंदे को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त पत्र लिखकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर सवाल उठाए हैं। दोनों नेताओं ने मामले में प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर भी आपत्ति जताई और जवाबदेही तय करने की मांग की है।

कांग्रेस नेताओं ने अपने पत्र में कहा कि राम मंदिर के लिए देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया है। ऐसे में यदि चंदे या ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन को लेकर कोई आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।

उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर मामलों में सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब आना चाहिए और जनता को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलनी चाहिए।



राहुल गांधी और खरगे ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोपों की जांच की मांग करते हुए कहा कि ट्रस्ट से जुड़े सभी वित्तीय मामलों की स्वतंत्र और व्यापक समीक्षा होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मंदिर निर्माण से जुड़ी आस्था और श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी है। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि जांच केवल दस्तावेजों और खातों तक सीमित न रहे, बल्कि मंदिर के लिए मिले सभी प्रकार के दान, जिसमें नकद राशि, सोना, चांदी और अन्य चढ़ावे शामिल हैं, उनके प्रबंधन की भी विस्तृत जांच की जाए।कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और ट्रस्ट के सभी खातों की जानकारी आम लोगों के सामने रखी जाए। पार्टी का कहना है कि इससे श्रद्धालुओं को यह स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी कि उनके द्वारा दिए गए दान का उपयोग किस तरह किया गया।संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले यह मुद्दा उठाकर कांग्रेस ने संकेत दिया है कि वह सदन में इसे प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है। वहीं, इस मामले पर आगे राजनीतिक बहस तेज होने की संभावना है। कांग्रेस की मांग है कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस विषय पर पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

## नाराज विपक्ष ने पहले किया बहिष्कार फिर सर्वदलीय बैठक में हुए शामिल



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक उस समय राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गई.जब केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अलग होकर नए संसदीय समूह में शामिल हुए 20 बागी सांसदों को भी बैठक में आमंत्रित किया। सरकार के इस फैसले का विपक्षी दलों ने विरोध किया. सरकार द्वारा विपक्ष की मांग नहीं मानने पर बैठक का बहिष्कार भी किया लेकिन कुछ देर बाद ही बैठक में शामिल हुआ। विपक्षी दलों का कहना था, बागी सांसदों की मान्यता और दलबदल से जुड़े मामले अभी पूरी तरह विवादमुक्त नहीं हैं। ऐसे में उन्हें सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित करना संसदीय परंपराओं के विपरीत है. इससे मूल राजनीतिक दल के अधिकारों की अनदेखी होती है। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए संसदीय प्रक्रियाओं का मनमाने तरीके से उपयोग कर रही है। दूसरी ओर, सरकार का कहना है. जिन सांसदों ने अलग संसदीय समूह के रूप में मान्यता का दावा किया है.उन्हें चर्चा में शामिल करना संसदीय संवाद की प्रक्रिया का हिस्सा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी दलों से संसद के सुचारु संचालन में सहयोग की अपील की। सर्वदलीय बैठक का उद्देश्य मानसून सत्र के विधायी एजेंडे और विभिन्न राजनीतिक दलों के मुद्दों पर चर्चा करना था. टीएमसी के बागी सांसदों के निमंत्रण ने बैठक से पहले ही सियासी माहौल गर्मा दिया। माना जा रहा है कि इस विवाद का असर मानसून सत्र की कार्यवाही पर सत्र शुरू होने के साथ ही पड़ना तय है।

## जम्मू-कश्मीर में एक सप्ताह में दूसरा संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन बरामद



**-सांबा जिले के खेतों से मिला ड्रोन फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क**

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। पिछले एक सप्ताह के भीतर इस तरह का दूसरा ड्रोन मिलने से सीमा पार से होने वाली संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार, टेरिटोरियल आर्मी के जवानों ने शनिवार देर रात पुरमंडल क्षेत्र के सांगर गांव के खेतों में तलाशी अभियान के दौरान संदिग्ध ड्रोन बरामद किया। प्रारंभिक जांच के बाद ड्रोन को कब्जे में लेकर फोरेंसिक परीक्षण के लिए भेज दिया गया है, ताकि उसके उत्पनादन क्षेत्र, तकनीकी क्षमता और संभावित उद्देश्य का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हाल के दिनों में लगातार ड्रोन मिलने की घटनाएं सीमा पार से घुसपैठ, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी अथवा खुफिया गतिविधियों से जुड़ी हो सकती हैं। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ड्रोन के माध्यम से किसी सामग्री की आपूर्ति या किसी विशेष मिशन की पुष्टि नहीं की है।

**देवक गांव से पहले ही बरामद हो चुका एक ड्रोन**

इससे पहले 14 जुलाई को जम्मू क्षेत्र के देवक गांव के पास एक खुले मैदान से भी एक संदिग्ध ड्रोन बरामद किया गया था। एक सप्ताह के भीतर दूसरी बरामदगी ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। इसके मद्देनुसार सीमा से सटे इलाकों में गश्त, निगरानी और तलाशी अभियान तेज कर दिए गए हैं। सुरक्षा बलों ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध उड़ने वाली वस्तु या गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को सूचित करें।

## टीएमसी में सियासी घमासान के बीच 'शहीद दिवस' पर बढ़ा तनाव

### तीन गुट अलग-अलग करेंगे कार्यक्रम

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर जारी सियासी संघर्ष अब 'शहीद दिवस' कार्यक्रम तक पहुंच गया है। पार्टी के गठन के बाद पहली बार टीएमसी तीन गुटों में बंट चुकी है और हर गुट खुद को पार्टी की असली राजनीतिक विरासत का उत्तराधिकारी बता रहा है। ऐसे में 21 जुलाई को मनाए जाने वाले 'शहीद दिवस' को लेकर राज्य में राजनीतिक हलचल और सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। टीएमसी के गठन के बाद से हर वर्ष 21 जुलाई को कोलकाता के सेंट्रल एवेन्यू में बड़ी रैली आयोजित की जाती रही है। हालांकि इस बार पहली बार वहां कोई कार्यक्रम नहीं होगा। प्रशासन ने मध्य कोलकाता के कई इलाकों में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश 2 जुलाई से 30 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। पुलिस का कहना है कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर विभिन्न राजनीतिक कार्यक्रमों के दौरान हिंसा और कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है, इसलिए एहतियाती कदम उठाए गए हैं। टीएमसी में यह संकट विधानसभा चुनाव में हार के बाद और गहरा गया। विपक्ष के नेता रिताब्रता बनर्जी के नेतृत्व में 80 में से 60 से अधिक विधायकों ने अलग गुट बनाकर खुद को 'असली टीएमसी' घोषित कर दिया। इसके बाद पार्टी के 29 लोकसभा सांसदों में से 20 सांसद एक अन्य राजनीतिक दल में शामिल हो गए। हालात तब और बिगड़ गए जब चार राज्यसभा सांसदों ने इस्तीफा दे दिया, जिनमें से तीन बाद में भाजपा में शामिल हो गए। दूसरी ओर, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को अब राजनीतिक हलकों में 'कालीघाट तृणमूल' के नाम से भी जाना जाने लगा है। इस बीच, कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को बिड़ला तारामंडल के पास दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक 'शहीद दिवस' कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी है। अदालत ने इस कार्यक्रम में अधिकतम 2,500 लोगों की मौजूदगी की सीमा तय करते हुए पुलिस को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, रिताब्रता बनर्जी का गुट मेयो रोड पर गांधी प्रतिमा के सामने अपना कार्यक्रम करेगा। राज्य कांग्रेस भी उसी दिन शहीद मीनार के निकट अपना आयोजन करेगी, जबकि एक अन्य दल ने भी 'शहीद दिवस' मनाने की घोषणा की है, हालांकि कार्यक्रम स्थल की जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। ऐसे में 21 जुलाई को कोलकाता में कई समानांतर राजनीतिक आयोजन होने से सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।



## गाली-गलौज या अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना हमेशा अश्लीलता नहीं होती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि गाली-गलौज या अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना हमेशा अश्लीलता के दायरे में नहीं आता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कोई शब्द तभी अश्लील माना जाएगा, जब वह कामुकता को बढ़ावा देने वाला हो या लोगों को भ्रष्ट करने की प्रवृत्ति रखता हो। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक मामले में सुनवाई करते हुए की। आरोपी मणि को जमीन विवाद के दौरान मां की गाली देने के लिए अश्लीलता के आरोप में दोषी ठहराया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2017 में जमीन विवाद को लेकर आरोपी ने शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज की थी। पीड़ित का आरोप था कि आरोपी ने जातिसूचक शब्द भी कहे। बाद में घर से हथियार लाकर हमला कर दिया, जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। सुप्रीम कोर्ट ने अश्लीलता और आपराधिक धमकी के आरोपों से आरोपी को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि गाली देने से किसी को परेशानी हुई, यह साबित नहीं हुआ। हालांकि, शिकायतकर्ता को गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में उसकी सजा बरकरार रखी है। आरोपी की उम्र करीब 70 साल होने और स्वास्थ्य स्थितियों को देखते हुए कोर्ट ने उसकी सजा को घटाकर कोर्ट उठने तक की सजा दी। साथ ही, उसे 2 महीने के अंदर 50,000 रुपए का जुर्माना भरने का निर्देश दिया है।

## बाबा रामदेव ने कुमार विश्वास को उत्तराधिकारी बनने की दी चुनौती

### - कवि ने भी भर दी हामी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाबा रामदेव और कवि कुमार विश्वास के बीच हंसी-मजाक और दोस्ताना नोकझोंक अक्सर देखने को मिलती है। अब एक कार्यक्रम में दोनों के बीच ऐसा ही दिलचस्प संवाद हुआ, जिसमें बाबा रामदेव ने मजाकिया अंदाज में कहा कि कुमार विश्वास की नजर पतंजलि पर है और वह इसके उत्तराधिकारी बनना चाहते हैं। इस पर कुमार विश्वास ने भी अपने अंदाज में जवाब दिया और बाबा की शर्त पूरी करने की बात कह दी।

दोनों के बीच यह बातचीत दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित फिल्म 'रामायणम' के प्री-ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम के दौरान हुई। कार्यक्रम में कई फिल्मी हस्तियों और साधु-संतों की मौजूदगी रही। मंच पर बाबा रामदेव और कुमार विश्वास आमने-सामने आए तो दोनों के बीच हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत शुरू हो गई। बाबा रामदेव ने मजाक करते हुए कहा कि कुमार विश्वास की नजर हमेशा इसी पर रहती है कि उन्हें पतंजलि का उत्तराधिकारी बनना है। इस पर कुमार विश्वास ने भी चुटकी लेते हुए कहा कि उन्होंने कभी बाबा से उन्हें गोद लेने की बात कही थी। तब बाबा ने कहा था कि अगर गोद लिया तो सुबह चार बजे उठकर योग करना होगा। कुमार विश्वास ने जवाब देते हुए कहा कि जिसका भविष्य इतना बड़ा हो, वह देर तक सोएगा क्यों। इसके बाद बाबा रामदेव ने कुमार विश्वास के सामने एक शर्त रख दी। उन्होंने मंच पर नौली क्रिया करके दिखाई और कहा कि अगर वह इसे सीख लेते हैं तो उत्तराधिकारी बनने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। कुमार विश्वास ने भी मजाकिया अंदाज में कहा कि वह इसके लिए तैयार हैं और इसे सीख लेंगे। गौरतलब है कि पतंजलि समूह का कारोबार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। पतंजलि फूड्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में पहली बार 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सालाना परिचालन राजस्व दर्ज किया है। कंपनी के कारोबार में एफएमसीजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भी महत्वपूर्ण रही है। हालांकि मंच पर हुई यह बातचीत पूरी तरह मजाक और दोस्ताना माहौल में हुई, लेकिन दोनों हस्तियों के बीच यह संवाद कार्यक्रम का आकर्षण बन गया।



## सैमसंग ने भारत में लॉन्च की म्यूज़िक स्टूडियो सीरीज

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सैमसंग इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज लॉन्च की है। इस नई सीरीज में म्यूजिक स्टुडियो 5 और म्यूजिक स्टुडियो 7 नाम के दो वाई-फाई स्पीकर्स शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि ये स्पीकर्स बेहतरीन साउंड क्वालिटी और आकर्षक डिजाइन का मेल हैं, जो घर के किसी भी हिस्से में आसानी से फिट हो जाते हैं और दमदार ऑडियो अनुभव देते हैं। म्यूजिक स्टुडियो सीरीज, सैमसंग के ऑडियो प्रोडक्ट्स की नई पेशकश है। ये स्पीकर्स सैमसंग टीवी और साउंडबार के साथ आसानी से कनेक्ट होकर बेहतर ऑडियो अनुभव प्रदान करते हैं। इनका डिजाइन दुनिया के प्रसिद्ध डिजाइनर एर्वन बुरोलेक ने तैयार किया है।

**अनोखे डॉट डिजाइन के साथ**

स्पीकर्स का खास डॉट डिजाइन संगीत और कला से प्रेरित है, जो इन्हें स्टाइलिश और उपयोगी दोनों बनाता है। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा, 'सैमसंग लंबे समय से भारत में नई ऑडियो तकनीक और स्मार्ट फीचर्स के जरिए होम ऑडियो अनुभव को बेहतर बना रहा है। नई म्यूजिक स्टुडियो सीरीज के साथ हम इसी दिशा में एक और कदम बढ़ा रहे हैं। ये स्पीकर्स हर तरह के घर और हर मौके के लिए दमदार, साफ और शानदार साउंड देने के लिए तैयार किए गए हैं। हमें विश्वास है कि यह सीरीज भारतीय ग्राहकों के ऑडियो अनुभव को नई ऊंचाई देगी।'

**दमदार साउंड**

सैमसंग के म्यूजिक स्टुडियो सीरीज के दोनों नए स्पीकर्स, म्यूजिक स्टुडियो 5 और म्यूजिक स्टुडियो 7, को ऐसे डिजाइन किया गया है कि वे घर की सजावट के साथ भी अच्छी तरह मेल खाते हैं और बेहतरीन साउंड भी देते हैं। इन्हें सैमसंग टीवी और अन्य सैमसंग ऑडियो डिवाइस के साथ जोड़कर अलग-अलग साउंड सिस्टम तैयार किए जा सकते हैं, जिससे मनोरंजन का अनुभव और बेहतर हो जाता है। म्यूजिक स्टुडियो 7 इस सीरीज का सबसे प्रीमियम मॉडल है। इसमें 3.1.1-चैनल स्पैशियल ऑडियो दिया गया है, जो चारों दिशाओं से आने वाली आवाज का एहसास कराता है।

## क्या इस बार भी संसद का सत्र हंगामा और स्थगन की भेंट चढ़ जाएगा: मायावती

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी, बंगाल चुनाव के बाद हालात, गर्भवती महिलाओं की मौत पर जताई चिंता

**लखनऊ (एजेंसी)।** संसद का मॉनसून सत्र सोमवार यानी 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। इससे पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिम बंगाल से लेकर राजस्?थान तक के मुद्दों पर बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्?होंने राम मंदिर चढ़ावा चोरी, पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद के हालात और राजस्?थान में गर्भवती महिलाओं की मौत मामले पर चिंता जताई। रविवार सुबह मायावती ने अपने एक्स अकाउंट पर सात पॉइंट में लंबा चौड़ा पोस्?ट किया।

उन्?होंने लिखा- अब जबकि संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। एक बार फिर यह देश और आमजन की चिंता है कि क्या इस बार भी फिर से संसद का सत्र हंगामा व स्थगन आदि की भेंट चढ़ जाएगा या फिर जबरदस्त महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, महिला असुरक्षा, अहम परीक्षाओं के भी पेपरलीक आदि से जुड़े देश के ज्वलन्त मुद्दों से उत्पन्न उत्तेजित, आक्रोशित व आन्दोलित माहौल को शान्त करने व इनके संतोषजनक समाधान के लिए गंभीरता दिखाई जाएगी।

मायावती ने लिखा- वैसे खासकर अयोध्या श्रीराम मन्दिर में चढ़ावा की चोरी, हेराफेरी व ग़बन आदि को लेकर व्यापक जन आक्रोश ने भी यूपी व देश को काफी झकझोर कर रख दिया है और लोग, धर्म का चुनावी स्वार्थ के लिए राजनीतिकरण करने वालों को इसके लिए कठघरे में खड़ा करके, उनसे दिल दुखाने की जवाबदेही मांग रहे हैं, जिसकी गूंज सड़कों से लेकर अदालत तक में है और संसद में भी यह मुद्दा गर्म होगा, जिसपर लोगों की पैनी नजर है।

बसपा सुप्रीमो ने लिखा- इतना ही नहीं बंगाल में विधानसभा आमचुनाव के बाद के हालात, राजस्थान में सरकार की लापरवाही के कारण गर्भवती महिलाओं की मौत समेत कई राज्यों में बढ़ती महिला असुरक्षा आदि भी गंभीर मुद्दे हैं। उन्होंने लिखा- भारत की अर्थव्यवस्था व यहां के जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित करती हुई अमेरिका-इजराइल का ईरान के विरुद्ध लगातार युद्ध और रुपया का अवमूल्यण आदि देश व जनहित के ऐसे ख़ास मुद्दे हैं जिनपर राजनीतिक द्वेष, स्वार्थ व आरोप-प्रत्यारोप की संकीर्णता/वैमनस्य को त्यागकर सत्ता और विपक्ष दोनों को एकजुट होकर अच्छा उपाय ढूंढ कर सराहनीय कार्य करना होगा, वरना 140 करोड़ की जनसंख्या वाले अपने देश में बहुजनों का जीवन यहां और भी बुरे दिन वाला बनकर उनका भविष्य अधर में लटकायेगा, जिसकी आशंका भी व्यक्त की जा रही है।

अतः देश को त्रस्त करने वाली इन भारी चुनौतियों व उसके प्रति चेतावनियों को ध्यान में रखकर संसद के मानसून सत्र को, बिना किसी उत्तेजना, रोष व विद्वेष के, सुचारू, शान्तिपूर्ण एवं स्वस्थ्य लोकतांत्रिक परम्परा के मुताबिक चलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि संसद को भी इन ज्वलन्त राष्ट्रीय मुद्दों पर पूरी तरह से गंभीर व संवेदनशील होना जरूरी है और इसकी शुरूआत अगर संसद के वर्तमान मानसून सत्र से ही हो तो यह बेहतर ही होगा। जनहितैषी गुड गवर्नेंस के लिए संसद का प्रभावी होना जरूरी। जय भीम, जय भारत।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**